# करैंट अफेयर्स

## ऑब्जेक्टिव प्रश्न

# व्याख्या सहित

## राजस्थान क्लासेज



सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए
राजस्थान क्लासेज



सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए
राजस्थान क्लासेज

PTET GK QUESTIONS-1 CLICK करें

PTET GK QUESTIONS-2 CLICK करें

PTET GK QUESTIONS-3 CLICK करें

PTET GK QUESTIONS-4 CLICK करें

PTET GK PDF- 1 CLICK करें

PTET GK PDF- 2 CLICK करें

PTET, BSTC GK PDF- 1 CLICK करें

PTET, BSTC GK PDF- 2 CLICK करें

FROM:- RAJASTHAN CLASSES

कंप्यूटर की पीढ़ियां PDF DOWNLOAD

राजस्थान की नदियां PDF DOWNLOAD

मनोविज्ञान हस्तलिखित नोट्स DOWNLOAD

चौहान राजवंश PDF DOWNLOAD

गुर्जर प्रतिहार राजवंश PDF DOWNLOAD

मारवाड़ का राठौड़ वंश PDF DOWNLOAD

राजस्थान जीके ई-बुक PDF DOWNLOAD

राजस्थान जीके PDF DOWNLOAD

PTET 2015-2020 मॉडल पेपर

DOWNLOAD

**1. पैरा शूटिंग वर्ल्ड कप 2022 में 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग SH1 इवेंट में किसने स्वर्ण पदक जीता है -**

(a) भावना पटेल

(b) अवनि लेखरा

(c) मरियप्पन थंगावेलु

(d) कृष्णा नगर

**विस्तृत व्याख्या :**

अवनि लेखारा ने पैरा शूटिंग वर्ल्ड कप 2022 में 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 इवेंट में स्वर्ण पदक जीता है। मूलतः जयपुर शहर की रहने वाली अवनि ने क़ानून की पढ़ाई की है। साल 2012 में एक कार दुर्घटना के बाद से वे स्पाइनल कॉर्ड (रीढ़ की हड्डी) से जुड़ी तकलीफ़ का सामना कर रही हैं।

**2. छोटे व्यवसायों का समर्थन करने के लिए किस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने 'SMBSaathi उत्सव' लॉन्च किया है -**

(a) इंस्टाग्राम

(b) फेसबुक

(c) व्हाट्सएप

(d) ट्विटर

**विस्तृत व्याख्या :**

WhatsApp India ने SMBSaathi Utsav नामक एक पहल की घोषणा की, जिसका उद्देश्य छोटे व्यवसायों को WhatsApp Business एप्प जैसे डिजिटल माध्यमों को अपनाने में मदद करना है। SMBSaathi Utsav की शुरुआत जयपुर में एक पायलट प्रोजेक्ट के साथ हुई, जहां 500 से अधिक छोटे व्यवसायों को अपना व्यवसाय ऑनलाइन चलाने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। यह पहल जोश टॉक्स के सहयोग से शुरू की गई है।

**3. भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मिताली राज ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से (जून 2022 में) संन्यास की घोषणा की। मिताली राज को खेल के क्षेत्र में 'पद्म श्री पुरस्कार' किस वर्ष मिला था -**

(a) 2001

(b) 2003

(c) 2015

(d) 2010

**विस्तृत व्याख्या :**

जोधपुर, राजस्थान की रहने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मिताली राज ने अपने 23 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर को पूरा करते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की। GoI ने उन्हें खेलों में उनके योगदान के लिए 2015 में पद्म श्री से सम्मानित किया। 26 जून 1999 को अपना पहला अन्तर्राष्ट्रीय मैच खेलने वाली मिताली ने अपने 23 साल के करियर में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हांसिल की। तीनों फॉर्मेट में भारतीय टीम की कमान संभाल चुकीं मिताली के नाम महिला क्रिकेट में सर्वाधिक 10 हजार 868 रन हैं। मिताली रिकॉर्ड छह विश्व कप खेलने वाली पहली महिला क्रिकेटर हैं। मिताली 200 एक-दिवसीय मैच खेलने वाली भी इकलौती महिला क्रिकेट खिलाड़ी हैं।

**4. किस राज्य ने गर्भवती महिलाओं के लिए 'आंचल' नामक एक विशेष स्वास्थ्य देखभाल योजना शुरू की -**

(a) राजस्थान

(b) उत्तर प्रदेश

(c) बिहार

(d) उत्तराखण्ड

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान ने गर्भवती महिलाओं के लिए करौली जिले में एक विशेष स्वास्थ्य देखभाल योजना 'आंचल' शुरू की। इस अभियान के दौरान 13,000 से अधिक गर्भवती महिलाओं का हीमोग्लोबिन के स्तर के लिए परीक्षण किया गया और उन्हें सही दवाएं लेने की सलाह दी गई। इस अभियान के तहत यह भी सुनिश्चित किया जाता है कि जिले में सहायक नर्स मिडवाइफ और आशा कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं के साथ लगातार संपर्क में रहें।

**5 किस राज्य के मुख्यमंत्री ने हाल ही में कहा कि राज्य में 'राजीव गांधी खेल रत्न अवार्ड' फिर दिए जाएंगे -**

(a) बिहार

(b) झारखंड

(c) असम

(d) राजस्थान

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हाल ही में कहा कि राज्य में 'राजीव गांधी खेल रत्न अवार्ड' फिर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ खेलों के विकास के लिए बड़े फैसले ले रही है। उन्होंने कहा कि खेल हमेशा दूरदृष्टि और पक्के इरादे के साथ खेले जाते हैं, उसी तरह राज्य सरकार भी खेलों के प्रोत्साहन में दूरदृष्टि के साथ फैसले ली रही हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को विश्वास दिलाया कि पदक विजेताओं के लिए प्रोत्साहन राशि में लगातार बढ़ोतरी होती रहेगी।

**6. स्वास्थ्य क्षेत्र पर खर्च की गई राशि और उसके प्रभाव का अनुमान लगाने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) की मदद से स्वास्थ्य खातों को संस्थागत बनाने वाला भारत का पहला राज्य कौन सा राज्य है -**

(a) उड़ीसा

(b) उत्तराखंड

(c) आंध्र प्रदेश

(d) राजस्थान

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान राज्य भारत का पहला राज्य है जिसने स्वास्थ्य क्षेत्र पर खर्च की गई राशि और उसके प्रभाव का अनुमान लगाने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की मदद से स्वास्थ्य खातों को संस्थागत रूप दिया है।

**7. किस शहर में 250 कमरों वाले 'नेहरू यूथ ट्रांजिट हॉस्टल एंड फैसिलिटेशन सेंटर' का निर्माण किया जायेगा -**

(a) जोधपुर

(b) दिल्ली

(c) मुंबई

(d) जयपुर

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दिल्ली में 250 कमरों वाले 'नेहरू यूथ ट्रांजिट हॉस्टल एंड फैसिलिटेशन सेंटर' के निर्माण और संचालन के प्रस्ताव को मंज़ूरी दी है। अशोक गहलोत ने दिल्ली में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले राजस्थान के अल्प आय वर्ग के विद्यार्थियों को राहत प्रदान करने के लिये यह बड़ा निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि दिल्ली स्थित उदयपुर हाउस में

330 करोड़ रुपए की लागत से हॉस्टल बनने से दिल्ली में रहकर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने और कैरियर काउंसिलिंग लेकर भविष्य सँवारने वाले राजस्थान के अल्प आय वर्ग के 500 विद्यार्थियों के ठहरने की सुविधा उपलब्ध होगी। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के युवाओं के बेहतर भविष्य के निर्माण के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ने राज्य बजट 2022-23 में दिल्ली में नेहरू यूथ ट्रांजिट हॉस्टल एंड फैसिलिटेशन सेंटर खोलने की घोषणा की थी।

**8. राजस्थान के किस जिले में भारत के पहले हाइब्रिड पावर प्लांट को शुरू किया गया है -**

(a) बाड़मेर

(b) जोधपुर

(c) बीकानेर

(d) जैसलमेर

**विस्तृत व्याख्या :**

अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) के एमडी और सीईओ विनीत एस. जैन ने बताया कि एजीईएल की सहायक कंपनी अडाणी हाइब्रिड एनर्जी जैसलमेर वन लिमिटेड (एएचईजेओएल) ने जैसलमेर में पवन व सौर ऊर्जा के मेल वाला 390 मेगावाट का हाइब्रिड ऊर्जा संयंत्र शुरू किया है, जो देश में अपनी तरह का पहला हाइब्रिड ऊर्जा उत्पादन संयंत्र है। नए संयंत्र का सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एसईसीआई) के साथ बिजली खरीद समझौता (पीपीए) है, जिसमें टैरिफ 2.69 रुपए प्रति किलोवाट है, जो कि राष्ट्रीय स्तर पर औसत बिजली खरीद लागत (APPC) से काफी कम है। इस संयंत्र के सफलतापूर्वक चालू होने के साथ अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) की परिचालन क्षमता 5.8 गीगावाट हो गई है। यह एजीईएल के 20.4 गीगावाट के कुल नवीकरणीय पोर्टफोलियो को 2030 तक 45 गीगावाट क्षमता के अपने विज़न को पूरा करने की दिशा में एक मील का पत्थर है।

**9. राजा मोरध्वज की नगरी गढ़मोरा राजस्थान के किस जिले में है -**

(a) जयपुर

(b) टोंक

(c) भरतपुर

(d) करौली

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान सरकार ने राज्य के करौली ज़िले में राजा मोरध्वज की नगरी गढ़मोरा में विकास कार्य और ऐतिहासिक स्थलों के रखरखाव के लिये पौने दो करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति जारी की है। इस कार्य के लिये सरकार ने पुरातत्त्व विभाग को कार्यकारी एजेंसी बनाया है।

**10. जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान हाई परफॉर्मेंस स्पोर्ट्स एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर, नवीनीकृत सिंथेटिक हॉकी एस्ट्रोटर्फ और बैडमिंटन इंडोर हॉल का लोकार्पण किसने किया -**

(a) अशोक गहलोत

(b) कलराज मिश्र

(c) अमीत शाह

(d) सुनीता पूनियां

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में लोकार्पण एवं खिलाड़ी सम्मान समारोह में राजस्थान हाई परफॉर्मेंस स्पोर्ट्स एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर, नवीनीकृत सिंथेटिक हॉकी एस्ट्रोटर्फ और बैडमिंटन इंडोर हॉल का लोकार्पण किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने ओलंपिक और पैरा-ओलंपिक में राजस्थान के पदक विजेताओं तथा एशियन गेम्स, 2022 और

कॉमनवेल्थ गेम्स, 2022 में क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इसके अलावा समारोह में मुख्यमंत्री ने पदक विजेता खिलाड़ियों को अनुदान राशि देने के लिये ऑनलाइन पोर्टल को लॉन्च किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लगभग 229 खिलाड़ियों को आउट ऑफ टर्न पॉलिसी के तहत राजकीय सेवाओं में नियुक्तियाँ दी गई हैं, साथ ही खिलाड़ियों के लिये 2 प्रतिशत का आरक्षण का प्रावधान भी किया गया है। उन्होंने बताया कि ओलंपिक, पैरा-ओलंपिक, एशियन और कॉमनवेल्थ गेम्स के पदक विजेताओं के साथ अर्जुन और द्रोणाचार्य अवार्डीज को स्पोर्ट्स पर्सन पेंशन दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने ओलंपिक और पैरा-ओलंपिक पदक विजेताओं को 25-25 बीघा नि:शुल्क भूमि आवंटित करने तथा गुरु वशिष्ठ और महाराणा प्रताप अवार्डीज को मिलने वाली पुरस्कार राशि को बढ़ाने की घोषणा भी की।

**11. 2022-23 के बजट में घोषित राजस्थान मिलेट्स प्रोत्साहन मिशन के तहत स्थापित होने वाली प्रथम 100 मिलेट्स प्रसंस्करण इकाईयों को पात्र परियोजना लागत का 50 प्रतिशत अधिकतम ........... लाख रूपए प्रति इकाई अनुदान दिया जाएगा -**

(a) 20 लाख रूपए

(b) 30 लाख रूपए

(c) 40 लाख रूपए

(d) 55 लाख रूपए

**विस्तृत व्याख्या :**

राज्य सरकार ने एक अधिसूचना जारी कर राजस्थान कृषि प्रसंस्करण, कृषि व्यवसाय एवं कृषि निर्यात प्रोत्साहन नीति, 2019 में लोकहित में संशोधन करते हुए नए प्रावधान शामिल किये हैं। अधिसूचना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट में घोषित राजस्थान मिलेट्स प्रोत्साहन मिशन के तहत स्थापित होने वाली प्रथम 100 मिलेट्स प्रसंस्करण इकाईयों को पात्र परियोजना लागत का 50 प्रतिशत अधिकतम 40 लाख रुपए प्रति इकाई अनुदान दिया जाएगा, लेकिन ऐसी परियोजना जिनमें 40 लाख रुपए की अधिकतम सीमा से अधिक अनुदान देय है, उनमें निर्धारित अनुदान दर 25 प्रतिशत पर अनुदान देय होगा। अनुदान के लंबित प्रकरणों के निस्तारण के लिये 23 फरवरी, 2022 के बाद आयोजित सभी डीएलएससी एवं एसएलएससी में स्वीकृत होने वाली सभी परियोजनाओं पर यह प्रावधान लागू होगा। राजस्थान मिलेट्स प्रोत्साहन मिशन के तहत स्थापित होने वाली इकाइयों पर अनुदान मिशन अवधि अथवा वर्ष 2023-24 या 100 इकाईयाँ स्थापित होने की अवधि, जो भी पहले हो, तक देय होगा। मिशन में निर्धारित इकाइयों का लक्ष्य प्राप्त होने के बाद सभी लंबित आवेदनों पर अनुदान की दर नीति, 2019 के प्रावधानों के अनुसार देय होगी। इसी प्रकार सभी श्रेणी (कृषक, उनके संगठन एवं इनके अतिरिक्त अन्य पात्र व्यक्ति) के आवेदकों को बजट 2022-23 में घोषित राजस्थान खाद्य प्रसंस्करण मिशन के तहत स्थापित होने वाली खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों के लिये अनुदान 50 प्रतिशत अधिकतम एक करोड़ रुपए तक देय होगा।

**12 मई 2022 में तीन दिवसीय 'शिखर पर्व' का शुभारंभ किस स्थान पर किया गया -**

(a) जयपुर

(b) कुंभलगढ़

(c) माउंट आबू

(d) बीकानेर

**विस्तृत व्याख्या :**

राज्यपाल कलराज मिश्र ने माउंट आबू स्थित राजभवन में पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 'शिखर पर्व' का शुभारंभ और 'शिखर पर्व' के अंतर्गत लगाई गई 'हेरिटेज आर्किटेक्ट चित्र प्रदर्शनी' का लोकार्पण किया। 'हेरिटेज आर्किटेक्ट चित्र प्रदर्शनी' में 20 कलाकृतियों का प्रदर्शन किया गया है।

**13 मई 2022 में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने REVP नीति को मंजूरी दे दी है। REVP में E का अर्थ है -**

(a) Engine

(b) Electronic

(c) Electric

(d) Empower

**विस्तृत व्याख्या :**

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी (आरईवीपी) को मंज़ूरी दे दी। साथ ही, ऐसे वाहनों की खरीद को प्रोत्साहन देने के लिये प्रस्तावित एकमुश्त अंशदान और एसजीएसटी पुनर्भरण के लिये 40 करोड़ रुपए के अतिरिक्त बजट प्रावधान को भी स्वीकृति दी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2019-20 के बजट में इलेक्ट्रिक व्हीकल नीति लाने की घोषणा की गई थी। घोषणा के अनुसार इन वाहनों के क्रेताओं को एसजीएसटी का पुनर्भरण किये जाने के साथ ही, ऐसे वाहनों की खरीद को प्रोत्साहन देने के लिये एकमुश्त अनुदान के रूप में बैटरी क्षमता अनुसार दुपहिया वाहनों को 5 से 10 हज़ार रुपए प्रति वाहन एवं तिपहिया वाहनों को 10 से 20 हज़ार रुपए प्रति वाहन दिया जाएगा।

**14 मई 2022 में किस संस्थान के महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा उत्पादित जैविक उत्पादों के प्रमाणीकरण के लिये राजस्थान राज्य बीज एवं जैविक प्रमाणीकरण संस्था के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किये गए है -**

(a) राजीविका

(b) राजसिको

(c) राजकिसान

(d) राजजैविक

**विस्तृत व्याख्या :**

राजीविका के महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा उत्पादित जैविक उत्पादों के प्रमाणीकरण के लिये राजीविका और राजस्थान राज्य बीज एवं जैविक प्रमाणीकरण संस्था के बीच एक एमओयू पर हस्ताक्षर किये गए। इस एमओयू के तहत राजीविका के महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा उत्पादित जैविक उत्पादों का प्रमाणीकरण राज्य बीज एवं जैविक प्रमाणीकरण संस्था द्वारा किया जाएगा। राजीविका द्वारा गठित महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्यों द्वारा आठ ज़िलों के 19 ब्लॉक के 353 गाँवों में 2780 हेक्टेयर में जैविक खेती की जाएगी। महिला किसानों के जैविक उत्पादों का प्रमाणीकरण होने से प्रमाणित जैविक उत्पादों का विपणन करने में आसानी होगी। इससे इन जैविक उत्पादों की उत्पादक महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन की राह प्रशस्त होने के साथ-साथ पर्यावरण अनुकूल जैविक खेती को भी बढ़ावा मिलेगा। राजस्थान बीज एवं प्रमाणीकरण संस्था स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जैविक खेती व प्रमाणीकरण में तीन वर्ष तक सहयोग प्रदान करेगी।

**15 मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए राज्य के प्रत्येक जिले में लव-कुश वाटिकाएं विकसित करने के निर्देश दिये हैं, प्रत्येक वाटिका पर कितनी लागत आएगी -**

(a) 1 करोड़ रूपए

(b) 2 करोड़ रूपए

(c) 5 करोड़ रूपए

(d) 10 करोड रूपए

**विस्तृत व्याख्या :**

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वन विभाग की समीक्षा बैठक में राज्य में ईको-टूरिज़्म को बढ़ावा देने के लिये प्रत्येक ज़िले में लव-कुश वाटिका विकसित करने के निर्देश दिये।

प्रत्येक ज़िले में लव-कुश वाटिका विकसित करने में लगभग 2-2 करोड़ रुपए की लागत आएगी। मुख्यमंत्री ने वन अधिकारियों को वाटिकाओं में वन एवं वन्यजीवों से संबंधित ऐसे मॉडल स्थापित करने के निर्देश दिये, जिनसे बच्चों को पर्यावरण व वन्यजीव संरक्षण की शिक्षा मिल सके। उन्होंने चूरू के तालछापर अभ्यारण्य में वन्यजीव प्रबंधन प्रशिक्षण केंद्र की प्रगति, चंबल घड़ियाल अभ्यारण्य को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किये जाने, जोधपुर में 'पँश्री कैलाश सांखला स्मृति वन' को शुरू करने, फतेहपुर-सीकर में सिटी नेचर पार्क के निर्माण सहित अन्य कार्यों की समीक्षा की।

**16 वर्तमान (मई 2022) में राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंधन निदेशक कौन हैं -**

(a) राजवीर सहारण

(b) आरुषी मलिक

(c) राधिका मदान

(d) राजेश तलवार

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम (आरएसएलडीसी) की ओर से 'सीएक्सओ कॉन्क्लेव' का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं को इंडस्ट्री की मांग के अनुरूप ट्रेंड कर रोज़गार के बेहतर विकल्प उपलब्ध कराने पर मंथन हुआ। आरएसएलडीसी अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. आरुषी मलिक ने प्रदेश में मौजूद युवा कार्यबल को ताकत बताते हुए कहा कि युवाओं को ज़्यादा प्रतिस्पर्द्धी बनाने के लिये राजस्थान स्किल्स प्रतियोगिता कराने पर भी विचार किया जा रहा है। दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में ऑटोमोटिव, रिटेल, स्वास्थ्य एवं लॉजिस्टिक्स पर तकनीकी सत्र आयोजित हुए।

**17 मई 2022 में 'राजस्थान आर्किटेक्चर फेस्टिवल' का उद्घाटन किस शहर में किया गया -**

(a) जयपुर

(b) जोधपुर

(c) बीकानेर

(d) जैसलमेर

**विस्तृत व्याख्या :**

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जयपुर स्थित होटल क्लार्क्स आमेर में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स के राजस्थान चेप्टर की ओर से आयोजित 'राजस्थान आर्किटेक्चर फेस्टिवल'का उद्घाटन किया। इस अवसर पर गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा शहरों को आगामी 20-25 वर्षों की आवश्यकता के अनुरूप नियोजित करने के लिये वास्तुविदों और नगर नियोजकों का पैनल तैयार किया गया है।

**18 मई 2022 में राजस्थान के किस स्थान पर 'राज ओलिव स्टोर' का उद्घाटन किया गया है -**

(a) दुर्गापुरा, जयपुर

(b) नौखा, बीकानेर

(c) नोहर, हनुमानगढ़

(d) जैतसर, श्री गंगानगर

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान के कृषि मंत्री लालचंद कटारिया ने जयपुर के दुर्गापुरा अनुसंधान केंद्र परिसर में 'राज ओलिव स्टोर'का उद्घाटन किया। ह स्टोर जैविक सब्जियाँ और विभिन्न ओलिव उत्पाद की आम जनता के लिये उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु खोला गया है। इसके अतिरिक्त स्टोर में शुद्ध पानी और जैविक सब्जियों के साथ जैतून से बने उच्च

ग्रेड शहद, तेल और सिरका भी उचित मूल्य पर उपलब्ध हैं। इस स्टोर में सब्जियों की आपूर्ति कृषि विभाग के बस्सी स्थित कृषि उत्कृष्टता केंद्र से की जाती है।

**19 टीबी रोगियों को संबल एवं सामाजिक सहयोग उपलब्ध कराने के लिये राजस्थान सरकार द्वारा कौनसी योजना का शुभारंभ किया गया है -**

(a) टीबी मुक्त राजस्थान योजना

(b) राजस्थान निक्षय संबल योजना

(c) राजस्थान टीबी स्वास्थ्य योजना

(d) राजस्थान जन स्वास्थ्य टीबी निदान योजना

**विस्तृत व्याख्या :**

राज्य के टीबी रोगियों को संबल एवं सामाजिक सहयोग उपलब्ध कराने के लिये राज्य सरकार द्वारा जन-सहयोग प्राप्त करने के उद्देश्य से 'राजस्थान निक्षय संबल योजना' का शुभारंभ किया गया। राज्य क्षय अनुभाग द्वारा स्वास्थ्य भवन के सभागार में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के शासन सचिव डॉ. पृथ्वी की अध्यक्षता में राज्य टीबी फोरम की बैठक में इस योजना का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर शासन सचिव डॉ. पृथ्वी ने 'राजस्थान निक्षय संबल योजना' के पोस्टर का विमोचन भी किया।

**20 'चुप्पी तोड़ो-सयानी बनो' अभियान का संबंध है -**

(a) बालिका उच्च-शिक्षा

(b) बालिकाओं में कौशल विकास

(c) बालिकाओं में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन

(d) बालिकाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण

**विस्तृत व्याख्या :**

जयपुर ज़िला कलेक्टर राजन विशाल ने राजकीय उच्च माध्यमिक बालिका विद्यालय गणगौरी बाज़ार में 'चुप्पी तोड़ो-सयानी बनो' अभियान के द्वितीय चरण की शुरुआत की। ज़िला कलेक्टर ने बताया कि नागौर और अलवर ज़िले के बाद जयपुर में इस अभियान की शुरुआत की गई है। 'चुप्पी तोड़ो-सयानी बनो' अभियान के तहत ज़िले के 929 विद्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग एक लाख 30 हज़ार किशोरी बालिकाओं द्वारा भाग लिया गया। कार्यशाला में प्रशिक्षित अध्यापिकाओं द्वारा माहवारी स्वच्छता प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गई। कार्यशाला में राज्य सरकार की उड़ान योजना के अंतर्गत बालिकाओं को सैनेटरी नैपकीन नि:शुल्क उपलब्ध कराई गई। अभियान के तहत कार्यशाला में प्रत्येक छात्रा को माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर बुकलेट व प्रत्येक राजकीय विद्यालय में 'गुड टच बैड टच' विषय पर पोस्टर एवं बैनर उपलब्ध करवाए गए। ज़िले में कक्षा 9 से 12वीं तक चयनित 3 हज़ार 716 बालिकाओं को हाईजीन एंबेसडर नियुक्त किया गया है। इस अभियान के प्रथम चरण में राजकीय विद्यालय में कार्यरत् 2 हज़ार 223 अध्यापिकाओं को 14 से 16 मार्च तक प्रशिक्षण दिया गया था।

**21 रामगढ़ विषधारी अभयारण्य भारत का 52वां टाइगर रिजर्व बन गया है और राजस्थान का .......... -**

(a) तीसरा

(b) चौथा

(c) पांचवां

(d) सातवां

**विस्तृत व्याख्या :**

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने बताया कि राजस्थान के बूंदी ज़िले में स्थित रामगढ़ विषधारी अभयारण्य को देश का 52वाँ टाइगर रिज़र्व घोषित किये जाने की अधिसूचना जारी कर दी गई है। अधिसूचना के बाद रामगढ़ विषधारी अभयारण्य राजस्थान का चौथा टाइगर रिज़र्व बन गया है।

मौज़ूदा समय में राजस्थान में रणथंभौर, सरिस्का और मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिज़र्व हैं। गौरतलब है कि राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) द्वारा वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 38 के प्रावधान के अंतर्गत 5 जुलाई, 2021 को रामगढ़ विषधारी वन्यजीव अभयारण्य व निकटवर्ती क्षेत्रों को टाइगर रिज़र्व बनाए जाने की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई थी। उल्लेखनीय है कि नए अधिसूचित रामगढ़ विषधारी टाइगर रिज़र्व में पूर्वोत्तर में रणथंभौर टाइगर रिज़र्व और दक्षिण की तरफ मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिज़र्व के बीच बाघों का अधिवास शामिल है। राजस्थान सरकार ने इसे 20 मई, 1982 को राजस्थान वन्य प्राणी और पक्षी संरक्षण अधिनियम, 1951 की धारा 5 के अंतर्गत अभयारण्य घोषित किया था।

**22 राजस्थान के कितने जिलों में निर्यात संवर्धन में आत्मनिर्भर बनने के लिए 'डिस्ट्रिक्ट एक्सपोर्ट हब' विकसित किये जाएंगे -**

(a) 5

(b) 12

(c) 26

(d) सभी जिलों में

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान की उद्योग मंत्री शकुंतला रावत ने बताया कि राजस्थान के प्रत्येक ज़िले को निर्यात संवर्धन में आत्मनिर्भर बनाने के लिये 'डिस्ट्रिक्ट एक्सपोर्ट हब' विकसित किये जाएंगे। इस योजना का उद्देश्य ज़िला स्तर के उद्योगों को आर्थिक और तकनीकी सहायता प्रदान करना है, ताकि छोटे उद्योगों को मदद मिल सके और वे स्थानीय लोगों को रोज़गार के मौके उपलब्ध करवा सकें। इसके प्रथम चरण में जयपुर और जोधपुर ज़िलों को चुना गया है। बाद में चरणबद्ध तरीके से इसमें सभी ज़िलों को शामिल किया जाएगा।

**23 राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला, 2022 का आयोजन किस शहर में किया गया -**

(a) भीलवाड़ा

(b) चित्तौड़गढ़

(c) अलवर

(d) जयपुर

**विस्तृत व्याख्या :**

जयपुर स्थित जवाहर कला केंद्र पर आयोजित दस दिवसीय राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला, 2022 का समापन हो गया। इसकी शुरूआत 30 अप्रैल को हुई थी। इस मेले में कारोबार एवं डिसप्ले की दृष्टि से समितियों को पुरस्कृत किया गया है। इनमें बिक्री के आधार पर शीर्ष संस्थाओं में प्रथम स्थान पर कॉनफैड, द्वितीय स्थान पर तिलम संघ व तृतीय स्थान पर जयपुर डेयरी रहा। क्रय-विक्रय सहकारी समितियों में प्रथम स्थान भीनमाल, दूसरा स्थान मथानिया एवं तीसरा स्थान आबूरोड का रहा। इसी तरह से ज़िला उपभोक्ता भंडारों की श्रेणी में कोटा, उदयपुर व जोधपुर क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। सर्वश्रेष्ठ डिसप्ले के आधार पर राष्ट्रीय स्तर की संस्थाओं में कृभको, इफको तथा शीर्ष सहकारी संस्थाओं में राजफैड, कॉनफैड, तिलम संघ, जयपुर डेयरी एवं अपैक्स बैंक को सम्मानित किया गया। ज़िला उपभोक्ता भंडारों की श्रेणी में उदयपुर, श्रीगंगानगर व कोटा क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। इसी प्रकार केवीएसएस की श्रेणी में नागौर, आबूरोड एवं जोधपुर क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

**24 राजस्थान डोमेस्टिक ट्रेवल मार्ट (आरडीटीएम) का आयोजन राजस्थान के किस जिले में किया जायेगा -**

(a) जोधपुर

(b) बीकानेर

(c) जैसलमेर

(d) जयपुर

**विस्तृत व्याख्या :**

जस्थान पर्यटन विभाग और फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज़्म ऑफ राजस्थान के संयुक्त तत्त्वावधान में राजस्थान डोमेस्टिक ट्रेवल मार्ट, 2022 के आयोजन के तहत जयपुर से रोड शो की शुरुआत की गई। राजस्थान डोमेस्टिक ट्रेवल मार्ट (आरडीटीएम) पर्यटन विभाग द्वारा प्रदेश में अपार संभावनाओं को प्रदर्शित करने के लिये बिजनेस-टू-बिजनेस बैठकों की सुविधा को एक मंच प्रदान करने की अनूठी पहल है। उल्लेखनीय है कि 6 अप्रैल, 2022 को पर्यटन विभाग और फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज़्म राजस्थान के बीच राजस्थान डोमेस्टिक ट्रेवल मार्ट के आयोजन के लिये एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गए। आरडीटीएम को बढ़ावा देने के लिये पर्यटन विभाग द्वारा कई नवाचारों, जैसे- राजस्थान फिल्म पर्यटन प्रोत्साहन नीति, 2022 गेस्ट हाउस स्कीम, संशोधित होमस्टे (पीजी) स्कीम सहित रोड शो का आयोजन किया जा रहा है। पर्यटन विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि पर्यटन विभाग और फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज़्म राजस्थान के संयुक्त तत्त्वावधान में 22-24 जुलाई, 2022 को जयपुर में आरडीटीएम के दूसरे संस्करण का आयोजन होगा।

**25 'इन्वेस्ट राजस्थान 2022' का आयोजन राजस्थान के किस शहर में होगा -**

(a) बीकानेर

(b) जोधपुर

(c) उदयपुर

(d) जयपुर

**विस्तृत व्याख्या :**

6 मई, 2022 को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मुख्यमंत्री निवास पर 'इन्वेस्ट राजस्थान, 2022' की तैयारियों की समीक्षा बैठक संबोधित की। 'इन्वेस्ट राजस्थान, 2022' का आयोजन जयपुर के सीतापुरा स्थित 'जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर' में 7 और 8 अक्टूबर, 2022 को होगा।

**26 मनरेगा में अनुमोदित श्रम बजट, 100 दिवस पूर्ण करने वाले परिवारों की संख्या, मानव दिवसों के सृजन तथा नेशनल मोबाइल मोनिटरिंग सिस्टम में राज्य का देश में स्थान (मई 2022) रहा -**

(a) प्रथम

(b) द्वितीय

(c) तृतीय

(d) पंचम

**विस्तृत व्याख्या :**

7 मई, 2022 को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि मनरेगा में अनुमोदित श्रम बजट, 100 दिवस पूर्ण करने वाले परिवारों की संख्या, मानव दिवसों के सृजन तथा नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम में राज्य देश भर में प्रथम स्थान पर है। अन्य राज्यों की तुलना में प्रदेश में महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोज़गार गारंटी योजना के अंतर्गत श्रमिक दर तेज़ी से बढ़ी है। मनरेगा में 100 दिवस पूर्ण करने वाले परिवारों को राज्य सरकार की ओर से 25 दिवस का अतिरिक्त रोज़गार दिया जा रहा है। वहीं सहरिया, खैरुआ, कथौड़ी व विशेष योग्यजन को राज्य सरकार द्वारा 100 दिन का अतिरिक्त रोज़गार देने के आदेश भी जारी हो चुके हैं। प्रदेश में 50,000 स्वयं सहायता समूह के गठन की कार्ययोजना बनाई गई है, जिससे 5.50 लाख ग्रामीण महिलाएँ लाभान्वित होंगी। इन स्वयं सहायता समूहों को रिवॉल्विंग फंड व कम्युनिटी इन्वेस्टमेंट फंड के माध्यम से वित्तीय सहायता

मुहैया करवाई जाएगी व बैंक ऋण के रूप में 600 करोड़ रुपए की व्यवस्था की जाएगी। महिला को-ऑपरेटिव बैंक की प्रथम शाखा जयपुर में खोली जाएगी, साथ ही सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं में मेट व्यवस्था के अंतर्गत 50 प्रतिशत से अधिक महिला मेटों के नियोजन का कार्य किया जा रहा है। भीलवाड़ा ज़िले में 100 प्रतिशत महिला मेट का नियोजन किया जा चुका है।

**27 राजस्थान मरूधरा बैंक को किस संस्थान के सहयोग से 4 मोबाइल एटीएम वैन उपलब्ध करवाई गई है -**

(a) राजसिको

(b) नाबार्ड

(c) सेबी

(d) पंजाब नेशनल बैंक

**विस्तृत व्याख्या :**

मई, 2022 को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मुख्यमंत्री आवास से राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक की मोबाइल एटीएम यूनिट वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने मोबाइल एटीएम वेन का अवलोकन कर पहला ट्रांजेक्शन भी किया। राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक को नाबार्ड के सहयोग से कुल 4 मोबाइल एटीएम वैन उपलब्ध करवाई गई हैं। ये मोबाइल एटीएम वैन बैंक सेवा क्षेत्र के सभी ज़िलों में दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों एवं ढ़ाणियों में आमजन को बैकिंग सेवाएँ प्रदान करेंगी। इसके साथ ही सीमा पर तैनात सैनिकों को बैकिंग सेवाएँ उपलब्ध करवाने का कार्य भी इन वैनों के द्वारा किया जाएगा।

**28 'मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना' के तहत बीमित परिवार के सदस्य की दुर्घटना में मृत्यु पर कितने लाख रूपए तक का आर्थक संबल दिया जाएगा -**

(a) 1.5 लाख रूपए

(b) 3 लाख रूपए

(c) 5 लाख रूपए

(d) 10 लाख रूपए

**विस्तृत व्याख्या :**

राज्य सरकार द्वारा 'मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना' में बीमित परिवारों को दुर्घटनाओं से होने वाली मृत्यु अथवा पूर्ण स्थायी अपंगता की स्थिति में आर्थिक संबल प्रदान करने के उद्देश्य से 'मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना' की 1 मई 2022 को शुरुआत की गई है। मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में सभी बीमित परिवार योजना के पात्र लाभार्थी होंगे और बीमित परिवार के सदस्य अथवा सदस्यों की दुर्घटना में मृत्यु होने अथवा दुर्घटना के कारण हाथ, पैर, आँख की स्थायी पूर्ण क्षति होने पर पाँच लाख रुपए तक का आर्थिक संबल प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत बीमित परिवार के सदस्य की सड़क दुर्घटना में, छत से गिरने के कारण, मकान के ढहने से, डूबने से, रासायनिक द्रव्यों के छिड़काव के कारण, बिजली के झटके तथा जलने से होने वाली मृत्यु/क्षति पर योजना का लाभ देय होगा। बीमा योजना के तहत बीमित परिवार के सदस्य की दुर्घटना में मृत्यु हो जाने पर 5 लाख रुपए, दुर्घटना में दोनों हाथों या दोनों पैरों या दोनों आँखों अथवा एक हाथ एवं एक पैर या एक हाथ व एक आँख या एक पैर एवं एक आँख की पूर्ण क्षति पर 3 लाख रुपए तथा तथा दुर्घटना में हाथ पैर आँख की पूर्ण क्षति पर 1.5 लाख रुपए का लाभ दिया जाएगा। योजना का संचालन राज्य बीमा एवं प्रावधाई निधि विभाग के माध्यम से किया जाएगा।

**29 किस जिले में स्थित 'मियां का बाड़ा' रेलवे स्टेशन का नाम महेश नगर हॉल्ट कर दिया गया है -**

(a) जोधपुर

(b) बीकानेर

(c) जैसलमेर

(d) बाड़मेर

**विस्तृत व्याख्या :**

केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री कैलाश चौधरी की मौजूदगी में राजस्थान के बाड़मेर ज़िले के बालोतरा इलाके में स्थित 'मियाँ का बाड़ा' रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर 'महेश नगर हॉल्ट' कर दिया गया। इससे पहले 2018 में इस गाँव का नाम बदलकर मियाँ का बाड़ा से महेश नगर किया गया था, लेकिन रेलवे स्टेशन का नाम नहीं बदला जा सका था। यह गाँव पाकिस्तान के सीमावर्ती बाड़मेर ज़िले की समदड़ी तहसील में आता है। उल्लेखनीय है कि 2018 में राजस्थान के तीन गाँवों के नाम तत्कालीन भाजपा सरकार ने बदले थे। इसमें मियाँ का बाड़ा गाँव का नाम बदलकर महेश नगर, इस्माइल खुर्द का नाम नाम बदलकर पिचनवा खुर्द और नरपाड़ा को नरपुरा किया गया था।

**30 खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, 2021 में राजस्थान के किस विश्वविद्यालय ने पुरूषों की कबड्डी का स्वर्ण पदक जीता -**

(a) महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय

(b) कोटा विश्वविद्यालय

(c) जयपुर विश्वविद्यालय

(d) राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय

**विस्तृत व्याख्या :**

मई, 2022 को बंगलुरू में आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, 2021 में पुरुषों की कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल में कोटा विश्वविद्यालय (राजस्थान) ने चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय (हरियाणा) को हराकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं महिलाओं की कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय (हरियाणा) ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (हरियाणा) को हराकर खिताब जीता। उल्लेखनीय है कि बेंगलुरु में 24 अप्रैल से 3 मई, 2022 तक खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, 2021 का आयोजन किया गया। खेलो इंडिया यूथ गेम्स के पहले संस्करण का उद्घाटन 31 जनवरी, 2018 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया था। वर्ष 2019 में खेलो इंडिया स्कूल गेम्स का नाम बदलकर खेलो इंडिया यूथ गेम्स कर दिया गया।

**31 हाल ही में (मई 2022) में मुख्यमंत्री ने किस जिले में 3 नई तहसील खोलने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है -**

(a) जयपुर

(b) जोधपुर

(c) बीकानेर

(d) भीलवाड़ा

**विस्तृत व्याख्या :**

4 मई, 2022 को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश में प्रशासनिक इकाइयों के विस्तार और सुदृढ़ीकरण के लिये 3 नवीन तहसील और 1 उप-तहसील खोलने के प्रशासनिक प्रस्तावों को मंज़ूरी दी है। प्रस्ताव के अनुसार जोधपुर में तीन नवीन तहसीलें- झँवर, कुड़ी भगतासनी और घंटियाली तथा प्रतापगढ़ में एक नवीन उप-तहसील मूंगाणा का सृजन किया जाएगा।

**32 मई 2022 में राजस्थान के किस मंत्रालय ने सिलिकोसिस पोर्टल 2022 का शुभारंभ किया -**

(a) गृह मंत्रालय

(b) स्वास्थ्य मंत्रालय

(c) रोजगार मंत्रालय

(d) सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय

**विस्तृत व्याख्या :**

5 मई, 2022 को राजस्थान राज्य के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने नवीन सिलिकोसिस पोर्टल, 2022 का शुभारंभ किया। राजस्थान न्यूमोकोनियोसिस नीति के अंतर्गत सिलिकोसिस पीड़ितों को प्रदान की जाने वाली आर्थिक सहायता को व्यवस्थित और सरलता से प्रदान करने हेतु ऑटो अप्रूवल आधारित इस पोर्टल को शुरु किया गया है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सचिव डॉ. समित शर्मा ने कहा कि पोर्टल को सर्वप्रथम पायलट स्तर पर श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर, चूरू, जैसलमेर, टोंक, डूँगरपुर, बाँसवाड़ा, चित्तौड़गढ़ एवं बाराँ ज़िलों में प्रारंभ किया गया है। नवीन सिलिकोसिस पोर्टल के माध्यम से अब सिलिकोसिस बीमारी का प्रमाण-पत्र प्राप्त होते ही पीड़ितों एवं उनके परिवारों को सहायता राशि ऑटो अप्रूवल के माध्यम से प्रत्यक्ष हस्तांतरण की जा सकेगी।

**33 मेरकॉम के इंडिया सोलर प्रोजेक्ट ट्रैकर के मुताबिक, देश का पहला राज्य निम्न में से कौन बन गया है, जिसने बड़े पैमाने पर 10 गीगावॉट के संचयी सौर प्रतिष्ठानों को पार किया है -**

(a) राजस्थान

(b) हरियाणा

(c) महाराष्ट्र

(d) बिहार

**विस्तृत व्याख्या :**

मेरकॉम के इंडिया सोलर प्रोजेक्ट ट्रैकर के अनुसार, राजस्थान देश का पहला राज्य बन गया है, जिसने बड़े पैमाने पर 10 गीगावॉट के संचयी सौर प्रतिष्ठानों (cumulative large-scale solar installations) को पार किया है। राजस्थान में कुल 32.5 GW स्थापित बिजली क्षमता है। अक्षय ऊर्जा स्थापित बिजली क्षमता का 55% योगदान देती है। जबकि तापीय ऊर्जा का योगदान 43% है, और परमाणु ऊर्जा शेष 2% का योगदान करती है। राजस्थान में सौर प्रमुख स्रोत है, जो बिजली क्षमता मिश्रण का लगभग 36% और नवीकरणीय ऊर्जा का 64% हिस्सा है। मेरकॉम के इंडिया सोलर प्रोजेक्ट ट्रैकर के अनुसार, राजस्थान में 16 गीगावाट से अधिक सौर परियोजनाएं अभी निर्माणाधीन हैं। राजस्थान की सौर ऊर्जा नीति 2019, जिसका लक्ष्य वित्त वर्ष 2024-25 तक 30 गीगावाट सौर ऊर्जा का लक्ष्य हासिल करना है। दिसंबर 2021 तक, भारत की संचयी सौर स्थापित क्षमता 55GW है। 55GW के भीतर, ग्रिड से जुड़ी उपयोगिता-पैमाने की परियोजनाएं 77% योगदान करती हैं।

**34 राजस्थान के किस निकाय को आईबीसी एक्सीलेंस अवार्ड, 2021 से सम्मानित किया गया -**

(a) राजस्थान परिवहन निगम

(b) राजस्थान महिला आयोग

(c) राजस्थान आवासन मंडल


(d) राजस्थान आपदा प्रबंधन निगम

**विस्तृत व्याख्या :**

केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री कौशल किशोर ने राजस्थान आवासन मंडल (RHB) को वर्ष 2021 के प्रतिष्ठित आईबीसी अवार्ड से सम्मानित किया है। यह अवार्ड नई दिल्ली के एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित इंडियन बिल्डिंग कॉन्ग्रेस के 25वें वार्षिक सम्मेलन में प्रदान किया गया। राजस्थान आवासन मंडल के मुख्य अभियंता के.सी. मीणा को भी उनकी विशिष्ट सेवाओं, प्रतिबद्धता तथा समर्पण के लिये आईबीसी प्रेसीडेंशियल अवार्ड से सम्मानित किया गया। इंडियन बिल्डिंग कॉन्ग्रेस ने बोर्ड को यह अवार्ड एक्सीलेंस इन बिल्ट एनवायरनमेंट-

# DAILY PDF के लिए JOIN कीजिए:-

# RAJASTHAN CLASSES




**राजस्थान क्लासेज** **आदर्श कुमावत**

2021 श्रेणी में मंडल के उच्च आय वर्ग के आवासीय प्रोजेक्ट 'कंस्ट्रक्शन ऑफ एचआईजी 104 फ्लैट्स' (बी+एस+13) के लिये प्रदान किया है। इंडियन बिल्डिंग कॉन्ग्रेस (IBC) पेशेवरों का एक राष्ट्रीय निकाय है, जो लागत प्रतिस्पर्द्धा वाली प्रौद्योगिकियों के साथ टिकाऊ निर्मित पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिये स्थापित किया गया था।

**35 ब्लॉक हेल्थ मेले का शुभारंभ किस जिले में किया गया -**

(a) भरतपुर

(b) अलवर

(c) बीकानेर

(d) जोधपुर

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने राज्य के अलवर ज़िले के उमरैण में ब्लॉक हेल्थ मेले का शुभारंभ किया। यह मेला चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से आयोजित किया गया। इस मेले का मुख्य उद्देश्य आमजन को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रखना तथा बीमारियों के उपचार के साथ ही विभागों की योजनाओं का लाभ दिलाना है। टीकाराम जूली ने बताया कि राज्य सरकार निरोगी राजस्थान के संकल्प के साथ राज्य के प्रत्येक नागरिक को बेहतर एवं नि:शुल्क चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने के लिये संकल्पबद्ध है। गौरतलब है कि राज्य में 'मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना' को 1 मई, 2021 से शुरू किया गया था, जिसके अंतर्गत अब 10 लाख रुपए तक का कैशलेस इलाज किया जा सकेगा।

**36 आरटीआई पोर्टल 2.0 किस आयोग द्वारा लॉन्च किया गया है -**

(a) राजस्थान अनुसूचित जनजाति आयोग

(b) राजस्थान लोक सेवा आयोग

(c) राज्य सूचना आयोग

(d) राज्य महिला एवं बाल विकास आयोग

**विस्तृत व्याख्या :**

सूचना के अधिकार के तहत मामलों के त्वरित निस्तारण के लिये राज्य सूचना आयोग द्वारा आरटीआई पोर्टल 2.0 लॉन्च किया गया। राज्य के मुख्य सूचना आयुक्त डी.बी. गुप्ता ने सूचना आयोग कार्यालय में आरटीआई पोर्टल को लॉन्च किया। वर्तमान में 275 विभाग पोर्टल से जुड़े हैं। इस पोर्टल के माध्यम से राज्य में दूरस्थ इलाकों में रहने वाले लोगों को भी आरटीआई में अपील दायर करने में सुविधा होगी। इसके अतिरिक्त ऑनलाइन दायर द्वितीय अपील की स्वीकार्यता, अस्वीकार्यता, प्रथम सुनवाई नोटिस तथा केस संख्या भी प्रार्थी को ऑनलाइन प्राप्त हो सकेंगी। नागरिक ऑनलाइन पोर्टल का उपयोग कर या ई-मित्र की सहायता से आवेदन दाखिल करने के साथ-साथ आवेदन शुल्क भी ऑनलाइन जमा करा सकेंगे। इसके अलावा द्वितीय अपील के नोटिस और पत्र आदि भी एसएमएस व ईमेल के माध्यम से स्वत: पहुँचेंगे। इससे प्रकरणों के निस्तारण में तेज़ी आएगी।

**37 राजस्थान 10 गीगावाट सौर ऊर्जा क्षमता विकसित करने वाला भारत का ........... राज्य है -**

(a) पहला

(b) दूसरा

(c) तीसरा

(d) चौथा

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव व चेयरमैन आरआरईसी (राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम) डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि राजस्थान 10 गीगावाट सौर ऊर्जा क्षमता विकसित करने वाला देश का पहला प्रदेश बन गया है। केंद्र सरकार के नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार देश में 49,346 मेगावाट सौर ऊर्जा क्षमता विकसित में राजस्थान 10,506 मेगावाट सौर ऊर्जा क्षमता विकसित कर समूचे देश में शीर्ष पर आ गया है। केंद्र द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार 7,534 मेगावाट क्षमता के साथ कर्नाटक दूसरे और 6,309 मेगावाट क्षमता के साथ गुजरात तीसरे स्थान पर है। रूफटॉप में भी राजस्थान तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। 10,506 मेगावाट सौर ऊर्जा क्षमता में 9,542 मेगावाट क्षमता ग्राउंड माउंटेड, 668 मेगावाट रूफटॉप और 296 मेगावाट सौर ऊर्जा ऑफग्रिड क्षेत्र में विकसित की गई है। रुफटॉप सोलर में राजस्थान, गुजरात के बाद दूसरे पायदान पर आ गया है। बंजर भूमि पर सोलर सिस्टम लगाने की कुसुम योजना के क्रियान्वयन में राजस्थान प्रथम स्थान पर है।

**38 राजस्थान सूचना प्रोद्यौगिकी एवं संचार विभाग द्वारा GGAY एप किस योजना के लिए बनाया गया है -**

(a) निरोगी राजस्थान योजना

(b) राजस्थान गरिब कल्याण योजना

(c) घर-घर औषधि योजना

(d) कुसुम योजना

**विस्तृत व्याख्या :**

घर-घर औषधि योजना के तहत पौधों का वितरण बेहतर करने के उद्देश्य से सूचना प्रोद्यौगिकी एवं संचार विभाग द्वारा GGAY एप बनाया है।

**39 फ्रेगरेंस ऑफ ए वाइल्ड सोल किसकी पुस्तक है -**

(a) रूबी अहलूवालिया

(b) राम नारायण चौधरी

(c) डा. विमल जालान

(d) राम करण सिंह

**विस्तृत व्याख्या :**

आईएएस एसोसिएशन, राजस्थान द्वारा रविवार को ऑथर और लाइफ कोच रूबी अहलूवालिया द्वारा लिखित पुस्तक फ्रेगरेंस ऑफ ए वाइल्ड सोल पर जीवंत चर्चा का आयोजन किया गया।

**40 'आइंस्टीन के चमत्कार का वर्ष' पुस्तक के लेखक हैं -**

(a) मनोज रागी

(b) राम चरण

(c) अजय घटक

(d) सुभाष जांदु

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र से भौतिकविद् अजय घटक ने मुलाकात कर उन्हें अपनी हिन्दी में अनुवादित पुस्तक 'आइंस्टीन के चमत्कार का वर्ष' की प्रति भेंट की। राजभवन में हुई मुलाकात के दौरान प्रकाशक एचपी हेमिल्टन लि. के शिवचन्द्र सिंह और पुस्तक के अनुवादक संजय खेर भी उपस्थित रहे।

**41 मेडिफेस्ट 2022 प्रदर्शनी का आयोजन किस शहर में किया गया -**

(a) जोधपुर

(b) भीलवाड़ा

(c) भरतपुर

(d) जयपुर

**विस्तृत व्याख्या :**

5 अप्रेल को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने निरोगी राजस्थान मेडिफेस्ट-2022 का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने SMS हॉस्पिटल में 24 मंजिला नए आईपीडी टावर का शिलान्यास भी किया। यह अस्पतालों की श्रेणी में देश का सबसे बड़ा आईपीडी टावर और सभी श्रेणियों में प्रदेश की सबसे ऊंची इमारत है। उल्लेखनीय है कि 24 मंजिला बनने वाले इस आईपीडी टावर पर आसानी से हेलीकॉप्टर उतारा जा सकेगा जिससे ऑर्गन ट्रांसप्लांट और इमरजेंसी में सुविधा मिल सकेगी। आईपीडी टावर एवं कॉर्डियोलॉजी इंस्टीट्यूट बनने से एसएमएस हॉस्पिटल में 1200 बेड की क्षमता बढ़ जाएगी। साथ ही 20 ऑपरेशन थियेटर, 4 कैथ लैब एवं 100 ओपीडी रजिस्ट्रेशन काउंटर भी बढ़ेंगे।

**42 निम्न में से कौन सी फ्लाइट स्वदेशी नेविगेशन (वायुयान संचालन) प्रणाली 'गगन' का उपयोग करके विमान की लैंडिंग कराने वाली देश की पहली एयरलाइन बन गई है -**

(a) इंडिगो

(b) स्पाइसजेट

(c) विस्तारा

(d) एअर इंडिया

**विस्तृत व्याख्या :**

इंडिगो स्वदेशी नेविगेशन (वायुयान संचालन) प्रणाली 'गगन' का उपयोग करके विमान की लैंडिंग कराने वाली देश की पहली एयरलाइन बन गई है। बता दें कि राजस्थान में किशनगढ़ हवाईअड्डे(अजमेर) पर इसकी सफल लैंडिंग की गई। इस नेविगेशन प्रणाली को केंद्र के भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है।

**43 राजस्थान सरकार की नवजीव योजना का उद्देश्य है -**

(a) जल स्त्रोंतों को गहरा कर उनकी भण्डारण क्षमता बढ़ाना

(b) अवैध शराब निर्माण में लिप्त व्यक्तियों को लाभान्वित कर उन्हें मुख्य धारा में लाना

(c) विधवा महिलाओं का विवाह करवाकर उन्हें नया जीवन देना

(d) वृद्ध आश्रमों में बेहतर सेवा उपलब्ध करवाना

**विस्तृत व्याख्या :**

26 अप्रैल, 2022 को राजस्थान के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने विभागीय अधिकारियों को नवजीवन योजना के अंतर्गत शामिल जातियों के सर्वे का कार्य तीन माह में पूरा कर अवैध शराब के व्यवसाय में लिप्त व्यक्तियों और उनके परिवारों को चिह्नित करने के निर्देश दिये। नवजीवन योजना का उद्देश्य अवैध शराब के निर्माण, भंडारण एवं व्यवसाय में लिप्त व्यक्तियों तथा ऐसे परिवारों को योजना से लाभान्वित कर उन्हें विकास की मुख्य धारा में लाना है। इसके लिये ऐसे व्यक्तियों एवं परिवारों को चिह्नित किया जाना आवश्यक है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने बताया कि इस योजना में पूर्व में 14 जातियाँ शामिल थीं, लेकिन बजट घोषणा वर्ष 2022-23 में 16 और जातियों को इसमें शामिल किया गया है। पूर्व में इस योजना के अंतर्गत सभी ज़िलों में सर्वे करवा कर लगभग 97,827 व्यक्तियों को चिह्नित किया गया है। योजना के तहत 30 जातियों- कंजर, सांसी, भाट, भाण्ड, नट, राणा, डोम, ढोली, मोगिया (मोग्या), बावरिया, बेडिया, बागरिया, सिरकीवाला, चौबदार, गाडोलिया, बंजारा, कालबेलिया, भोपा, नायक, गाडिया लुहार, पारदी, भेड़कुट, रैबारी, सिकलीगर,

सीगडीवाल, रंगास्वामी, नाथ, बाजीगर, गुजराती एवं जंगलिया को शामिल किया गया है।

**44 जैसलमेर के पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में आकाश मिसाइल के एडवांस वर्जन आकाश प्राइम का परीक्षण किया गया। आकाश मिसाइल है -**

(a) जमीन से हवा में मार करने वाली

(b) जमीन से जमीन पर मार करने वाली

(c) हवा से जमीन पर मार करने वाली

(d) हवा से हवा में मार करने वाली

**विस्तृत व्याख्या :**

27 अप्रैल, 2022 को सरहदी ज़िले जैसलमेर के पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में आकाश मिसाइल के एडवांस वर्जन आकाश प्राइम का सफल परीक्षण किया गया। गौरतलब है कि आकाश मिसाइल भारत में बनी ज़मीन-से-हवा में मार करने वाली मिसाइल है। इसे ज़मीन पर किसी भी वाहन या स्थायी जगह से दागा जा सकता है। आकाश मिसाइल परिवार में अब तक कुल 2 मिसाइलें थीं, अब आकाश प्राइम इस वर्ग की तीसरी अहम मिसाइल बन गई है। ये मिसाइलें हवा में किसी भी तरह के एयरक्राफ्ट को नष्ट करने में सक्षम है। इस मिसाइल की रेंज आसमान में 30 किलोमीटर तक है और ये एक बार में 60 किलोग्राम तक पेलोड ले जा सकती है। ये मिसाइल हवा में भी नियंत्रित की जा सकती है और खुद भी सेंसर्स के ज़रिये ड्रोंस से लेकर फाइटर जेट्स तक को निशाना बना सकती है।

**45 अप्रैल 20222 में जारी 100 स्मार्ट सिटी की रैंकिंग में उदयपुर को कौन सा स्थान मिला है -**

(a) पहला

(b) दूसरा

(c) तीसरा

(d) चौथा

**विस्तृत व्याख्या :**

केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा जारी स्मार्ट सिटी रैंकिंग में उदयपुर को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। देश की 100 स्मार्ट सिटी की इस रैंकिंग में उदयपुर 122.8 अंकों के साथ पहली बार टॉप-2 में पहुँचा है, जबकि सूरत शहर 128.80 अंक के साथ पहले स्थान तथा 120.39 अंक के साथ आगरा तीसरे नंबर पर हैं। उदयपुर के अतिरिक्त राजस्थान के अन्य शहरों में जयपुर 7वें, कोटा 16वें और अजमेर 18वें नंबर पर हैं।

**46 राजस्थान में आपदा और जोखिम में रोकथाम-राहत कार्य, स्वास्थ्य सेवाओं और जल स्वच्छता जैसे विषयों में जागरूकता लाने के लिए अप्रैल 2022 में राजस्थान के 23 विश्वविद्यालयों ने किस संस्थान के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं -**

(a) रेडक्रॉस सोसायटी

(b) राज्य खेल परिषद

(c) मन की उड़ान फाउंडेशन

(d) दिशा फाउंडेशन

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान राजभवन में राज्य के 23 सरकारी विश्वविद्यालयों और रेडक्रॉस सोसायटी, राजस्थान के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर किये गए, साथ ही रेडक्रॉस सोसायटी, राजस्थान की नई वेबसाइट redcross.rajasthan.gov.in का लोकार्पण भी किया गया। एमओयू के अनुसार रेडक्रॉस और विश्वविद्यालय आपदाओं और जोखिम में रोकथाम-राहत कार्य, जल स्वच्छता एवं सफाई प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण प्रबंधन, पारिस्थितिकी आधारित कार्यों,

स्वास्थ्य सेवाओं और रक्तदान के बारे में जागरूकता लाने के लिये आपसी सहयोग से कार्य करेंगे।

**47 राजीव गांधी फिनटेक डिजिटल इंस्टीट्यूट की स्थापना के लिए मुख्यमंत्री मंत्री अशोक गहलोत ने कितने करोड़ रूपए की संशोधित राशि को मंजूरी दी -**

(a) 672.5 करोड़ रूपए

(b) 532.4 करोड़ रूपए

(c) 593.6 करोड़ रूपए

(d) 235.5 करोड़ रूपए

**विस्तृत व्याख्या :**

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता में हुई फिनटेक डिजिटल विश्वविद्यालय, जोधपुर की समीक्षा बैठक में जोधपुर में राजीव गांधी फिनटेक डिजिटल इंस्टीट्यूट की स्थापना के लिये 672.5 करोड़ रुपए की संशोधित राशि को मंज़ूरी दी गई। यह संस्थान जोधपुर में 66 बीघा भूमि में स्थापित किया जाएगा। वर्ष 2021-22 की बजट घोषणा में 400 करोड़ रुपए फिनटेक डिजिटल इंस्टीट्यूट की स्थापना के लिये आवंटित किये गए थे। इस संस्थान को स्टेट ऑफ द आर्ट के रूप में विकसित किया जाएगा। संस्थान का परिसर शून्य अपशिष्ट, शून्य बिजली और शून्य पानी के साथ नेट ज़ीरो कैंपस होगा। यह भवन पर्यावरण हितैषी भवन होगा। राजस्थान राज्य में अपनी तरह का यह पहला निर्माण होगा। राजीव गांधी फिनटेक डिजिटल इंस्टीट्यूट के तहत चार स्कूल प्रस्तावित हैं। इसमें स्कूल ऑफ फाइनेंशियल इन्फॉर्मेशन सिस्टम, स्कूल ऑफ फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी, इंस्ट्रूमेंट्स एंड मार्केट्स, स्कूल ऑफ फाइनेंशियल सिस्टंस एंड एनालिटिक्स और स्कूल ऑफ फिनटेक इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप हैं।

**48 तीन दिवसीय 69वीं राज्यस्तरीय सीनियर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किस शहर में किया गया -**

(a) जयपुर

(b) बीकानेर

(c) भीलवाड़ा

(d) जैसलमेर

**विस्तृत व्याख्या :**

21 अप्रैल, 2022 को राजस्थान के अल्पसंख्यक मामलात मंत्री शाले मोहम्मद ने जैसलमेर के शहीद पूनम सिंह स्टेडियम में 69वीं राज्यस्तरीय तीन दिवसीय सीनियर पुरुष एवं महिला वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता का विधिवत् शुभारंभ किया। इस अवसर पर अल्पसंख्यक मामलात मंत्री ने कहा कि पहली बार प्रदेश में पदक विजेता खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियों में 2 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है, जो खेल जगत के लिये अनुकरणीय कदम है।

**49 राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला-2022 का आयोजन राजस्थान के किस शहर में किया जाएगा -**

(a) जोधपुर

(b) जयपुर

(c) बीकानेर

(d) टोंक

**विस्तृत व्याख्या :**

25 अप्रैल, 2022 को राजस्थान की प्रमुख शासन सचिव, सहकारिता श्रेया गुहा ने सहकार भवन में राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला-2022 के लोगो का विमोचन किया। गौरतलब है कि जवाहर कला केंद्र में 30 अप्रैल से 9 मई, 2022 तक राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला-2022 का आयोजन किया

जाएगा।इस अवसर पर सचिव श्रेया गुहा ने कहा कि योजनाबद्ध ढंग से कार्य करते हुए जैविक उत्पादों को कॉनफैड बड़े स्तर पर लोगों को उपलब्ध कराए तथा गुणवत्ता को बरकरार रखे। उन्होंने कहा कि दो वर्षों में 4171 ग्राम सेवा सहकारी समितियों का गठन किया जाना है। इसके लिये समयबद्ध रूप से लक्ष्य आवंटन के अनुरूप कार्य किया जाए, ताकि प्रत्येक ग्राम पंचायत पर ग्राम सेवा सहकारी समिति का गठन सुनिश्चित किया जा सके।

**50 बजट घोषणा के अनुसार राजस्थान के तीन प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों को पायलट प्रोजेक्ट के तहत सड़क दुर्घटनामुक्त बनाया जाएगा। निम्न में से कौनसा राष्ट्रीय राजमार्ग इनमें शामिल नहीं है -**

(a) शाहजहांपुर से अजमेर, एनएच-448

(b) बिलाड़ से जोधपुर, एनएच-25

(c) सीकर से बीकानेर, एनएच-110

(d) उदयपुर से ईडर, एनएच-58

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान के गृह, परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अभय कुमार ने बताया कि बजट घोषणा की अनुपालना में प्रदेश के तीन प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों को पायलट प्रोजेक्ट के तहत सड़क दुर्घटनामुक्त बनाया जाएगा। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने शासन सचिवालय में 'सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम' के संबंध में हुई बैठक में यह जानकारी दी। जिन तीन प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों को पायलट प्रोजेक्ट के तहत सड़क दुर्घटनामुक्त बनाया जाएगा, उनमें शाहजहाँपुर से अजमेर (एनएच-448), बर-बिलाड़ा-जोधपुर (एनएच-25) व सीकर से बीकानेर (एनएच-110) राष्ट्रीय राजमार्ग शामिल हैं।

**51 राजस्थान पर्यटन विभाग ने किस संस्थान के सहयोग से 'फोक सफर' का आयोजन किया -**

(a) यूनेस्को

(b) यूनिसेफ

(c) विश्व आर्थिक मंच

(d) ग्रीनपीस

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान पर्यटन विभाग और यूनेस्को के सहयोग से जयपुर के जवाहर कला केंद्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम 'फोक सफर' का आयोजन किया गया। फोक सफर में जोधपुर के सालावास की दरियाँ, बाड़मेर के पटोदी की जूतियाँ, चोहटन की एप्लिक और जैसलमेर के पोकरण के बर्तनों सहित अन्य हस्तशिल्प वस्तुओं का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में डेनमार्क के कलाकारों का नेतृत्व मारेन हॉलबर्ग और जोर्गन डिकमेस ने किया और मांगणियार कलाकारों का नेतृत्व शिव, बाड़मेर से आए मंज़ूर खान मांगणियार ने किया।

**52 एपीआई का 77वां राष्ट्रीय सम्मेलन 'एपिकॉन, 2022' किस शहर में आयोजित किया गया -**

(a) जयपुर

(b) अलवर

(c) भरतपुर

(d) बीकानेर

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर, सीतापुरा में एसोसिएशन ऑफ फिजीशियंस ऑफ इंडिया (एपीआई) के 77वें राष्ट्रीय सम्मेलन 'एपिकॉन, 2022' का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री

ने इस अवसर पर चिकित्सकों को वर्ष 2020 एवं 2021 के प्रतिष्ठित जीवराज मेहता अवार्ड से सम्मानित किया और चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा लिखित विभिन्न पुस्तकों का विमोचन भी किया। गौरतलब है कि एपीआई का यह वार्षिक सम्मेलन 10 साल बाद जयपुर में आयोजित किया जा रहा है।

**53 अप्रैल 2022 में राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम और किस संस्थान ने राजस्थान में 10 हजार मेगावाट क्षमता का मेगा अक्षय ऊर्जा पार्क विकसित करने हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये -**

(a) टिहरी हाइड्रो डेवलेपमेंट कॉर्पोरेशन

(b) एनएचपीसी लिमिटेड

(c) पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया

(d) सतलुज जल विद्‌युत निगम

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम और टिहरी हाइड्रो डेवलेपमेंट कॉरपोरेशन (टीएचडीसी) के बीच राजस्थान में 10 हज़ार मेगावाट क्षमता का मेगा अक्षय ऊर्जा पार्क विकसित करने हेतु ऋषिकेश में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। इस एमओयू के अनुसार राजस्थान में नवीकरणीय ऊर्जा पार्क का क्रियान्वयन व विकास दोनों कंपनियों द्वारा गठित संयुक्त उपक्रम स्पेशल पर्पज व्हीकल (एसपीवी) के माध्यम से किया जाएगा। इस नवीकरणीय ऊर्जा पार्क परियोजनाओं के निर्माण के दौरान लगभग 10,000 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोज़गार के अवसर भी सृजित होने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में टीएचडीसीआईएल द्वारा इस ऐतिहासिक कदम से ग्लासगो में जलवायु परिवर्तन पर शिखर सम्मेलन में भारत सरकार द्वारा 2030 तक अपनी 50 प्रतिशत ऊर्जा ज़रूरतें रीन्यूएबल एनर्जी से पूरा करने के लक्ष्य को प्राप्त करने में भी योगदान मिलेगा। अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि राजस्थान 10 गीगावाट से अधिक सौर ऊर्जा क्षमता विकसित करने वाला देश का पहला प्रदेश बन गया है।

**54 अप्रैल 2022 तक राजस्थान में कुल कितनी संपत्तियों को हेरिटेज प्रमाण पत्र जारी किये जा चूके हैं -**

(a) 422

(b) 324

(c) 221

(d) 143

**विस्तृत व्याख्या :**

18 अप्रैल, 2022 को विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर राजस्थान पर्यटन विभाग की निदेशक डॉ. रश्मि शर्मा ने बताया कि पर्यटन विभाग द्वारा अभी तक 143 हेरिटेज संपत्तियों को प्रमाण-पत्र जारी किये गए हैं। ये हेरिटेज संपत्तियाँ देशी-विदेशी पर्यटकों के साथ-साथ डेस्टीनेशन वेडिंग और फिल्म शूटिंग लोकेशन के रूप में बहुत लोकप्रिय हैं, साथ ही विभागीय वेबसाइट के माध्यम से इन संपत्तियों का प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा। इन हेरिटेज होटलों के संचालन हेतु राज्य सरकार द्वारा कई प्रकार के परिलाभ, जैसे- संपरिवर्तन शुल्क, आबकारी बार लाइसेंस शुल्क, स्टांप ड्यूटी और शहरी विकास कर में छूट इत्यादि उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। देश भर में संचालित हेरिटेज होटलों में से दो-तिहाई से अधिक हेरिटेज होटल राजस्थान राज्य में हैं। पर्यटन विभाग द्वारा राजकीय संपत्तियों को भी हेरिटेज प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाता है। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष 18 अप्रैल को वर्ल्ड हेरिटेज डे अर्थात् विश्व धरोहर दिवस को संस्कृति और विरासत को बढ़ावा देने के लिये मनाया जाता है।

**55 अब राजस्थान में राजकीय चिकित्सा संस्थानों में निःशुल्क आईपीडी और ओपीडी उपचार योजना का नाम होगा -**

(a) मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा वितरण योजना

(b) मुख्यमंत्री निःशुल्क निरोगी राजस्थान योजना

(c) मुख्यमंत्री निःशुल्क जन औषधि योजना

(d) मुख्यमंत्री आयुष प्रथम योजना

**विस्तृत व्याख्या :**

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में महत्त्वपूर्ण निर्णय लिये गए। सभी राजकीय चिकित्सा संस्थानों में निःशुल्क आईपीडी और ओपीडी उपचार योजना का नामकरण 'मुख्यमंत्री निःशुल्क निरोगी राजस्थान योजना' किये जाने का निर्णय लिया गया। मंत्रिमंडल ने पब्लिक फाइनेंशियल मैनेजमेंट ट्रेनिंग सोसायटी के गठन का निर्णय किया है। इस सोसायटी द्वारा प्रस्तावित सर्वोत्तम श्रेणी के पब्लिक फाइनेंशियल मैनेजमेंट एंड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट का संचालन किया जाएगा। मंत्रिमंडल ने राजस्थान शैक्षिक (राज्य एवं अधीनस्थ) सेवा नियम (द्वितीय संशोधन), 2022 का अनुमोदन किया है। इससे राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में शैक्षिक कार्यों के सुचारु संचालन तथा पर्यवेक्षण को बेहतर बनाने के लिये उप-प्रधानाचार्य (लेवल-14) के पद का कैडर स्थापित किया जा सकेगा। मंत्रिमंडल ने श्रीगंगानगर में मिनी सचिवालय के निर्माणकार्य के लिये राजस्थान राज्य सड़क विकास एवं निर्माण निगम को कार्यकारी एजेंसी के रूप में नियुक्त करने का निर्णय लिया है।

**56 परसा कोल ब्लॉक से राजस्थान के तापीय विद्युतगृहों के लिये अतिरिक्त कोयला मिलेगा, परसा कोल ब्लाॅक किस राज्य में है -**

(a) उत्तर प्रदेश

(b) झारखंड

(c) छत्तीसगढ़

(d) मध्य प्रदेश

**विस्तृत व्याख्या :**

हाल ही में राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम को छत्तीसगढ़ के सरगुजा स्थित परसा कोल ब्लॉक में खनन कार्य आरंभ करने के लिये छत्तीसगढ़ सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से क्लियरेंस मिल गई है। इस नए ब्लॉक में कोयले का खनन कार्य आरंभ होते ही राज्य के तापीय विद्युतगृहों के लिये अतिरिक्त कोयला मिलने लगेगा।

**57 गाजी खान बरना को लोक संगीत के क्षेत्र में योगदान के लिए संगीत नाटक अकादमी अवार्ड से सम्मानित किया गया, वे किस वाद्य यंत्र से संबंधित हैं -**

(a) भपंग

(b) खड़ताल

(c) डेरू

(d) सारंगी

**विस्तृत व्याख्या :**

नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू द्वारा राजस्थान के गाज़ी खान बरना को लोक संगीत के क्षेत्र में बेहतरीन योगदान के लिये संगीत नाटक अकादमी अवार्ड प्रदान किया गया। गाज़ी खान बरना राजस्थान के जैसलमेर ज़िले से संबंधित हैं। इन्होंने राजस्थानी लोक संगीत की मांगणियार परंपरा की समृद्ध विरासत को आत्मसात् किया है। वर्तमान में इनकी प्रसिद्धि एक मँजे हुए खड़ताल वादक की है। लोककला के क्षेत्र में इनके योगदान को देखते हुए

वर्ष 2002 में इन्हें राजस्थान संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है।

**58 राजस्थान सरकार ने मुख्यमंत्री राजस्थान आर्थिक परिवर्तन सलाहकार परिषद का कार्यकाल कब तक के लिए बढ़ा दिया है -**

(a) मार्च 2023

(b) दिसंबर 2022

(c) सितंबर 2022

(d) दिसंबर 2023

**विस्तृत व्याख्या :**

जस्थान सरकार ने आदेश जारी कर मुख्यमंत्री राजस्थान आर्थिक परिवर्तन सलाहकार परिषद (CMRETAC) का कार्यकाल दिसंबर 2023 तक बढ़ा दिया है। उल्लेखनीय है कि इस परिषद का गठन 7 मार्च, 2020 को किया गया था और इसका कार्यकाल मार्च 2022 तक निर्धारित था। आयोजना (ग्रुप-एक) विभाग की ओर से जारी इस आदेशानुसार मुख्यमंत्री इस सलाहकार परिषद के अध्यक्ष हैं तथा डॉ. अरविंद मायाराम उपाध्यक्ष एवं शासन सचिव आयोजना परिषद के सदस्य सचिव हैं।

**59 अप्रैल 2022 में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एमआईयू वैनों को हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया। एमआईयू का पूर्ण रूप है -**

(a) मोबाइल इंटरनेट यूनिट

(b) मोबाइल इंटरकनेक्टेड यूनिट

(c) मोबाइल इन्वेस्टिगेशन यूनिट

(d) मोबाइल इंटरप्राइज यूनिट

**विस्तृत व्याख्या :**

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सचिवालय परिसर से राजस्थान पुलिस की मोबाइल इन्वेस्टिगेशन यूनिट (एमआईयू) वैनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये एमआईयू वैन ज़िला मुख्यालय से दूर स्थित थानों में उपयोग में लाई जाएंगी। इनकी सहायता से दूरस्थ स्थानों पर होने वाली घटनाओं में त्वरित कार्यवाही की जा सकेगी और अनुसंधान में लगने वाला समय भी बचेगा। इस अवसर पर राज्य के पुलिस महानिदेशक एम.एल. लाठर ने बताया कि एमआईयू उपलब्ध होने से जाँच अधिकारी त्वरित गति से मौके पर पहुँचेंगे और गैजेट्स की मदद से मौके पर ही अनुसंधान किया जा सकेगा। इससे गवाहों को बुलाना नहीं पड़ेगा और जाँच का औसत समय कम होने के साथ ही इन्वेस्टिगेशन क्वालिटी में भी सुधार होगा। गौरतलब है कि पुलिस आधुनिकीकरण योजना 2021-22 के तहत करीब 71 एमआईयू वैन पुलिस को सौंपी जाएंगी। इनमें से अभी तक 48 एमआईयू पुलिस को प्राप्त हो चुकी हैं।

**60 ऑपरेशन समानता किस जिले में शुरू किया गया था जिसे अब पूरे प्रदेश में क्रियान्वित किया जा रहा है -**

(a) टोंक

(b) जोधपुर

(c) भीलवाड़ा

(d) बूंदी

**विस्तृत व्याख्या :**

24 जनवरी से शुरू हुआ ऑपरेशन समानता बूंदी पुलिस का नवाचार है, जिसे अब पूरे प्रदेश में क्रियान्वित किया जा रहा है। इसके तहत थानास्तर पर बीट कॉन्स्टेबलों को अपने क्षेत्र में ऐसे गाँवों को चिह्नित करना होता है, जहाँ अब तक दलित दूल्हे घोड़ी पर नहीं बैठे हों या घोड़ी पर बैठने पर अप्रिय घटना हुई हो या उन्हें घोड़ी से उतार दिया गया हो। चिह्नित करने के बाद ऐसे गाँवों में समानता समितियाँ बनाई जाती हैं ताकि घोड़ी पर दलित समाज के दूल्हे, दुल्हनों की बिंदौरियाँ बिना किसी विवाद और अप्रिय घटना

के निकाली जा सकें। गौरतलब है कि संविधान के भाग 3 के तहत प्रदत्त समानता के अधिकार (अनुच्छेद 14-18) के बावजूद SC/ST समुदायों के साथ अश्पृश्यता सहित विभिन्न प्रकार के भेदभाव किये जाते हैं। ऐसे में राजस्थान पुलिस का यह कदम अत्यंत सराहनीय है।

**61 राजस्थान को फिल्म डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने के लिए किस नीति को मंजूरी दी गई है -**

(a) राजस्थान फिल्म डेस्टिनेशन नीति-2022

(b) राजस्थान फिल्म पर्यटन प्रोत्साहन नीति-2022

(c) राजस्थान फिल्म शूटिंग प्रोत्साहन नीति-2022

(d) राजस्थान फिल्मांकन प्रोत्साहन नीति-2022

**विस्तृत व्याख्या :**

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में राजस्थान को फिल्म डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से राजस्थान फिल्म पर्यटन प्रोत्साहन नीति-2022 को मंज़ूरी दी गई। मंत्रिमंडल के इस निर्णय से राज्य में फिल्म शूटिंग को प्रोत्साहन मिलेगा। इससे फिल्मों से जुड़े विविध क्षेत्रों में रोज़गार सृजन के साथ-साथ कला एवं संस्कृति के संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा तथा फिल्मों के माध्यम से राजस्थान के पर्यटन स्थलों का देश और दुनिया में प्रचार-प्रसार होगा।

**62 हाल ही में (अप्रैल 2022) राजस्थान का 16वां कंजर्वेशन रिजर्व कौनसा बना है -**

(a) शाकम्भरी, सीकर

(b) रोटू, नागौर

(c) रणखार, जालौर

(d) मनसा माता, झुंझुनू

**विस्तृत व्याख्या :**

25 अप्रैल, 2022 को वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 36 के तहत जालौर के चितलवाना क्षेत्र के रणखार (7288.61 हेक्टेयर) को राज्य का 16वाँ कन्जर्वेशन रिजर्व घोषित करने की अधिसूचना जारी की गई।वर्तमान में राजस्थान के 16 कंजर्वेशन रिजर्व की सूची

**63 'खेलो इंडिया स्कीम के माध्यम से खेलों और स्वास्थ्य में उत्कृष्टता को प्रोत्साहन' की श्रेणी में राजस्थान के किस जिले को लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया है -**

(a) जयपुर

(b) बीकानेर

(c) चुरू

(d) झालावाड़

**विस्तृत व्याख्या :**

भारत सरकार ने जिलों के साथ-साथ केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा किए गए असाधारण एवं नवीन कार्यों को स्वीकार करने, मान्यता देने और पुरस्कृत करने के लिए लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार की शुरुआत की थी। "खेलो इंडिया स्कीम के माध्यम से खेलों और स्वास्थ्य में उत्कृष्टता को प्रोत्साहन" की श्रेणी में राजस्थान का चुरु सबसे अच्छे प्रदर्शन करने वाले जिले के रूप में उभरा और मणिपुर का बिष्णुपुर दूसरे पायदान पर रहा।

**64 कौन सी कंपनी हाल ही में (अप्रैल 2022 में) पंजीकरण (रिज़र्व बैंक) विनियम 2022 के अंतर्गत**

**पंजीकरण प्रमाणपत्र (CoR) प्राप्त करने वाली भारत की पहली फिनटेक नेतृत्व वाली NBFC बन गई है -**

(a) ओपल फाइनेंस

(b) बजाज फाइनेंस

(c) 121 फाइनेंस

(d) नीलगगन फाइनेंस

**विस्तृत व्याख्या :**

जयपुर (राजस्थान) स्थित 121 फाइनेंस पंजीकरण (रिज़र्व बैंक) विनियम 2022 के अंतर्गत पंजीकरण प्रमाणपत्र (CoR) प्राप्त करने वाली भारत की पहली फिनटेक नेतृत्व वाली NBFC बन गई है। यह एक निवेश और क्रेडिट कंपनी (ICC) से NBFC -फैक्टर में परिवर्तित होने वाली पहली NBFC है।

**65 एल-रूट सर्वर प्राप्त करने वाला देश का पहला राज्य निम्न में से कौन है -**

(a) बिहार

(b) पंजाब

(c) असम

(d) राजस्थान

**विस्तृत व्याख्या :**

एल-रूट सर्वर प्राप्त करने वाला देश का पहला राज्य राजस्थान है। निर्बाध इंटरनेट कनेक्टिविटी के साथ, यह सर्वर राज्य सरकार को अपनी प्रमुख डिजिटल सेवाएं प्रदान करने और ई-गवर्नेंस लागू करने में सहायता करेगा। यह नया सर्वर राजस्थान के भामाशाह स्टेट डेटा सेंटर, जयपुर में इंटरनेट कॉर्पोरेशन फॉर असाइन्ड नेम्स एंड नंबर्स (ICANN) के सहयोग से स्थापित किया गया है। वर्तमान में, मुंबई, नई दिल्ली और गोरखपुर में तीन जे-रूट सर्वर और कोलकाता और मुंबई में दो एल-रूट सर्वर तैनात हैं। राजस्थान में स्थापित एल-रूट सर्वर पहला है जिसे राज्य स्तर पर तैनात किया गया है।

**66 अप्रैल 2022 में 'इंडियाज गॉट टैलेंट' के विनर कौन बने -**

(a) राहुल मेहला और कृतिका सैनी

(b) कुलदीप कुमार और रजत सोनी

(c) रंजन चौधरी और मेहन खान

(d) दिव्यांश और मनुराज

**विस्तृत व्याख्या :**

रियलिटी शो 'इंडियाज गॉट टैलेंट' के इस बार (2022) के विनर रहे शाहपुरा (जयपुर) के दिव्यांश और भरतपुर के मनुराज। शो में पहली बार हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत और पश्चिमी संगीत का कमाल जुगलबंदी देखने को मिली। मनुराज ने पंडित हरिप्रसाद चौरसिया के मुंबई गुरुकुल में रहकर 12 साल तक शास्त्रीय संगीत सीखा है।

**67 निम्नलिखित में से किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश ने हाल ही में (अप्रैल 2022 में) परेशानी मुक्त परिवहन के लिए एक संयुक्त पारस्परिक आम परिवहन समझौते (CRCTA) पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं -**

(a) दिल्ली

(b) हरियाणा

(c) राजस्थान

(d) मध्य प्रदेश

**विस्तृत व्याख्या :**

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (NCR) की दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश की सरकारों ने एक संयुक्त पारस्परिक आम परिवहन समझौते (CRCTA) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें कॉन्ट्रैक्ट कैरिज और स्टेज कैरिज दोनों शामिल हैं क्योंकि पारस्परिक आम परिवहन समझौते के पहले के समझौतों की वैधता लगभग जल्दी समाप्त होने वाली है।

**68 अप्रैल 2022 में DRDO ने टैंक रोधी निर्देशित मिसाइल हेलिना का सफल परीक्षण कहाँ किया है -**

(a) पोखरण

(b) जोधपुरा

(c) चांदीपुरा

(d) महाजन

**विस्तृत व्याख्या :**

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO), भारतीय सेना और भारतीय वायु सेना (IAF) के वैज्ञानिकों की एक टीम ने संयुक्त रूप से स्वदेशी विकसित हेलीकॉप्टर का सफल उड़ान परीक्षण किया, जिसमें उच्च ऊंचाई पर एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल 'हेलीना' लॉन्च किया गया। उड़ान परीक्षण एक उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर (एएलएच) से आयोजित किए गए थे और मिसाइल को सफलतापूर्वक दागा गया था, राजस्थान के पोखरण रेगिस्तान रेंज में एक नकली टैंक लक्ष्य को रखा गया था।

**69 हाल ही में किस देश ने 'हेलिना' गाइडेड-मिसाइल सिस्टम का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है -**

(a) नेपाल

(b) भारत

(c) चीन

(d) रूस

**विस्तृत व्याख्या :**

भारत ने राजस्थान में पोखरण रेंज में दुनिया के सबसे उन्नत टैंक रोधी हथियारों में से एक 'हेलिना' गाइडेड-मिसाइल सिस्टम का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। इस मिसाइल को एडवांस्ड लाइट हेलिकॉप्टर (ALH) से लॉन्च किया गया था। डीआरडीओ के मुताबिक, हेलिना सिस्टम में दिन एवं रात हर मौसम में हिट करने की क्षमता है। यह पारंपरिक एवं विस्फोटक प्रतिक्रियाशील कवच के साथ दुश्मन के टैंकों को मार गिरा सकती है।

**70 गणगौर का त्यौहार किस तिथि को मनाया जाता है -**

(a) फाल्गुन शुक्ल तृतीया

(b) पोष शुक्ल तृतीया

(c) माघ शुक्ल तृतीया

(d) चेत्र शुक्ल तृतीया

**71 गणगौर का त्योहार किस राज्य में पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया है -**

(a) गोवा

(b) उड़ीसा

(c) पंजाब

(d) राजस्थान

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान में 4 अप्रैल 2022 को पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ गणगौर का त्योहार मनाया गया। गणगौर चैत्र शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाया जाता है।

**72 'द इकॉनमी बुलेटिन' किस विश्वविद्यालय की त्रैमासिक पत्रिका है -**

(a) स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय

(b) महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय

(c) राजस्थान विश्वविद्यालय

(d) राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय

**विस्तृत व्याख्या :**

राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष प्रद्युम्न सिंह ने राजस्थान विश्वविद्यालय की त्रैमासिक पत्रिका 'द इकोनॉमिक बुलेटिन' का विमोचन किया। बुलेटिन का प्रथम संस्करण 'स्टेट फाइनेंसेज ऑफ राजस्थान' राज्य की राजस्व एवं पूंजीगत प्राप्तियाँ, व्यय बजट आवंटन, ऋण एवं घाटे की स्थिति का विश्लेषण प्रस्तुत करता है। इसमें राज्य की वित्तीय स्थिति पर Covid-19 के प्रभाव तथा राज्य को मिलने वाले GST Compensation पर प्रकाश डाला गया है। 'द इकोनॉमिक बुलेटिन' पत्रिका शोधार्थियों, शिक्षाविदों एवं नीति-निर्माताओं के लिये उपयोगी साबित होगी।

**73 थार महोत्सव 2022 का आयोजन राजस्थान के किस जिले में किया गया -**

(a) जयपुर

(b) जोधपुर

(c) बीकानेर

(d) बाड़मेर

**विस्तृत व्याख्या :**

28 से 30 मार्च, 2022 तक पश्चिमी राजस्थान के बाड़मेर ज़िले में लोक कला, संस्कृति, इतिहास, पर्यटन एवं हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'थार महोत्सव' का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि पश्चिमी राजस्थान के बाड़मेर ज़िले की कला और लोक संस्कृति का परिचायक 'थार महोत्सव' का आयोजन 10 साल के बाद पुन: शुरू किया गया। बाड़मेर में इससे पहले वर्ष 2012 में थार महोत्सव का आयोजन किया गया था। वर्ष 1986 से 2012 तक लगातार इसका आयोजन किया गया था। पश्चिमी राजस्थान की लोक कला, संस्कृति, परंपरा, लोक संगीत, लोक जीवन, थार की जीवन- शैली, इतिहास से दुनिया को रू-ब-रू कराने के उद्देश्य से वर्ष 1986 में ज़िला प्रशासन ने थार महोत्सव की शुरुआत की थी। बाड़मेर ज़िले में तिलवाड़ा पशु मेला, महाबार के मखमली धोरे, नाकोड़ा का धार्मिक पर्यटन, मुनाबाव का बॉर्डर, किराडू के मंदिर, बीसू के मंदिर, पचपरदा के नमक के पिरामिड, सिवाना का किला, हल्देश्वर की पहाड़ियाँ, गेर नृत्य और यहाँ की पशु समृद्धि के साथ ही मरु उद्यान भी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र हैं।

**74 राजस्थान में पर्यटन एवं हॉस्पिटिलिटी क्षेत्र को किस दर पर बिजली मिलेगी -**

(a) वाणिज्यिक दर पर

(b) औद्योगिक दर पर

(c) घरेलू ग्रामीण दर पर

(d) घरेलु शहरी दर पर

**विस्तृत व्याख्या :**

25 मार्च, 2022 को राजस्थान के ऊर्जा विभाग ने पर्यटन एवं हॉस्पिटिलिटी क्षेत्र को वाणिज्यिक श्रेणी के स्थान पर औद्योगिक दर पर बिजली उपलब्ध कराने के आदेश जारी किये। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पर्यटन एवं हॉस्पिटिलिटी क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए इस वर्ष बजट में इस क्षेत्र को उद्योग का दर्जा देने की घोषणा की थी। इस घोषणा की अनुपालना में ये आदेश जारी किये गए हैं। इससे प्रदेश में इस सेक्टर से जुड़े लाखों उद्यमियों को बड़ी राहत मिलेगी तथा राज्य में

पर्यटन गतिविधियों का और विस्तार संभव हो सकेगा। गौरतलब है कि पर्यटन को उद्योग का दर्जा देने की वर्ष 1989 से लेकर अब तक कई बार घोषणा हुई, लेकिन इसका समुचित रूप से क्रियान्वयन नहीं हो सका था। पर्यटन की दृष्टि से राजस्थान का विश्व में महत्त्वपूर्ण स्थान है और यहाँ पर्यटन गतिविधियों के विस्तार की अपार संभावनाएँ मौजूद हैं। साथ ही, इससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोज़गार के बड़े अवसर सृजित हो सकते हैं।

**75 राजस्थान शिक्षा विभाग कितने राजकीय विद्यालयों को महात्मागांधी अंग्रेजी विद्यालयों में रूपांतरित करेगा -**

(a) 130

(b) 154

(c) 179

(d) 214

**विस्तृत व्याख्या :**

24 मार्च, 2022 को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बजट भाषण 2022-23 की अनुपालना में राजस्थान के शिक्षा विभाग द्वारा 179 राजकीय विद्यालयों को महात्मा गांधी अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालयों में रूपांतरित करने हेतु स्वीकृति जारी की गई। शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने कहा कि विभाग द्वारा लिये गए इस निर्णय से पूरे प्रदेश के विद्यार्थी तथा विशेषकर वंचित तबके से आने वाले विद्यार्थी अंग्रेज़ी माध्यम में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा निःशुल्क पा सकेंगे। डॉ. कल्ला ने बताया कि सभी स्वीकृत महात्मा गांधी अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय शैक्षणिक सत्र 2022-23 से प्रारंभ होंगे। शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव पवन कुमार गोयल ने कहा कि राज्य सरकार के इस निर्णय से निजी विद्यालयों की भारी फीस वहन करने में अक्षम अभिभावक अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा सुलभ करवा सकेंगे।

**76 राजस्थान नगरपालिका (संशोधन) विधेयक, 2022 के अनुसार नगरपालिका (प्रशासनिक एवं तकनीकी) सेवा की भर्ती के लिए अब परीक्षा आयोजित किसके द्वारा की जाएगी -**

(a) राजस्थान अधिनस्त बोर्ड

(b) राजस्थान लोक सेवा आयोग

(c) राजस्थान तकनीकी शिक्षा बोर्ड

(d) राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

**विस्तृत व्याख्या :**

23 मार्च, 2022 को राजस्थान विधानसभा ने राजस्थान नगरपालिका (संशोधन) विधेयक, 2022 को ध्वनिमत से पारित कर दिया। संसदीय कार्य मंत्री शांति कुमार धारीवाल ने इस विधेयक को चर्चा के लिये सदन में प्रस्तुत किया। विधेयक पर सदन में हुई चर्चा के दौरान विधेयक के उद्देश्यों एवं कारणों के बारे में बताया गया। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि नगरपालिका (प्रशासनिक एवं तकनीकी) सेवा की सीधी भर्ती के पदों पर नियुक्तियाँ करने के लिये अब राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा परीक्षा आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में नगरपालिका (प्रशासनिक एवं तकनीकी) सेवा की सीधी भर्ती के पदों के लिये अभ्यर्थियों का चयन संबंधित सेवा नियमों के उपबंधों के अधीन गठित राज्यस्तरीय आयोग द्वारा किया जाता हैं।

**77 मार्च 2022 में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत आयोजित कार्यक्रमों को संस्कृति मंत्रालय के पोर्टल पर अपलोड करने के मामले में राजस्थान का स्थान है -**

(a) पहला

(b) दूसरा

(c) तीसरा

(d) चौथा

**विस्तृत व्याख्या :**

22 मार्च, 2022 को आज़ादी का अमृत महोत्सव के तहत आयोजित किये जा रहे कार्यक्रमों को संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के पोर्टल पर अपलोड करने के मामले में राजस्थान ने देश के विभिन्न राज्यों के मध्य चौथा स्थान अर्जित कर लिया है। देश भर में मनाई जा रही भारत की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगाँठ के अवसर पर भारत के विभिन्न राज्यों में आयोजित किये जा रहे कार्यक्रम संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के पोर्टल पर नियमित रूप से अपलोड किये जाते हैं। राजस्थान में 12 मार्च को दांडी मार्च की वर्षगाँठ पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा आज़ादी का अमृत महोत्सव की शुरुआत की गई थी। इसके बाद से विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रमों को भारत सरकार के इस हेतु बनाए गए पोर्टल पर अपलोड किया जाता रहा है। 22 मार्च तक 431 कार्यक्रमों को अपलोड कर राजस्थान भारत के विभिन्न राज्यों के मध्य चौथे स्थान पर पहुँच गया है। आज़ादी का अमृत महोत्सव के आयोजन हेतु कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्त्व विभाग नोडल विभाग है तथा संपूर्ण प्रदेश में विभिन्न विभागों एवं ज़िलों के समन्वय तथा सहयोग से राजस्थान में उक्त आयोजन को ऐतिहासिक बनाए जाने हेतु निरंतर प्रयासरत् है।

**78 राजस्थान से कितने व्यक्तियों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया है -**

(a) 2

(b) 3

(c) 4

(d) 5

**विस्तृत व्याख्या :**

21 मार्च, 2022 को राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित पद्म सम्मान समारोह में राजस्थान के पैरा- एथलीट जैवलिन थ्रोअर देवेंद्र झाझरिया और पूर्व सिविल सेवक राजीव महर्षि को पद्मभूषण से तथा पैरा खिलाड़ी शूटर अवनी लखेरा, फिल्म निर्माता एवं निर्देशक चंद्रप्रकाश द्विवेदी तथा संगीत और नौटंकी कला की नामचीन हस्ती राम दयाल शर्मा को पद्मश्री से सम्मानित किया। पैरालंपिक खेलों में तीन मेडल जीतने वाले राजस्थान के जैवलिन थ्रोअर देवेंद्र झाझरिया खेल के क्षेत्र में अपनी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिये पद्मभूषण पुरस्कार प्राप्त करने वाले देश के पहले पैरा खिलाड़ी हैं। भारतीय प्रशासनिक सेवा 1978 बैच के रिटायर्ड आईएएस अधिकारी एवं भारत के 13वें कंट्रोलर एंड ऑडिटर जनरल राजीव महर्षि को एक उत्कृष्ट सिविल सेवक के तौर पर उनकी उल्लेखनीय सेवाओं के लिये पद्मभूषण सम्मान से सम्मानित किया गया। अवनी लखेरा ने टोक्यो पैरालंपिक गेम्स- 2020 में वींमेंस 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग इवेंट में देश के लिये पहला गोल्ड मेडल जीतकर रिकॉर्ड कायम किया था। टोक्यो पैरालंपिक में ही लखेरा ने दूसरे मेडल के तौर पर ब्रोंज मेडल भी जीता और दो पैरालंपिक मेडल जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनीं। राजस्थान के सिरोही ज़िले के दोदुआ में जन्मे फिल्म निर्माता, निर्देशक, स्क्रीनप्ले राइटर चंद्रप्रकाश द्विवेदी ने टेलीविजन धारावाहिक 'चाणक्य'के निर्देशन के साथ-साथ बॉलीवुड की बेहतरीन फिल्मों, जैसे- पिंजर, मोहल्ला अस्सी, ज़ेड प्लस, पृथ्वीराज, उपनिषद् गंगा एवं टेलीविज़न सीरीज़ 'मृत्युंजय'के निर्देशन सहित कला और सिनेमा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है। राजस्थान में 'ब्रज कोकिला'और 'ब्रज पपीहा'के नाम से विख्यात भरतपुर के नामचीन नौटंकी कलाकार राम दयाल शर्मा रहशधारी घराना (सामई खेड़ा) से ताल्लुक रखते हैं। शर्मा को इससे पहले संगीत नाटक अकादमी का राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिल चुका है। रामदयाल शर्मा नौटंकी, स्वांग, भगत, रासलीला और रसिया से जुड़े कला क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण स्थान रखते हैं।

**79 'राजस्थान में टिड्डी नियंत्रण' पुस्तक का विमोचन किसने किया -**

(a) अशोक गहलोत

(b) लालचंद कटारिया

(c) कलराज मिश्र

(d) भरतराम मेघवाल

**विस्तृत व्याख्या :**

16 मार्च, 2022 को राजस्थान के कृषि मंत्री लालचंद कटारिया ने पंत कृषि भवन में 'राजस्थान में टिड्डी नियंत्रण'पुस्तक का विमोचन किया। इस पुस्तक में राजस्थान में वर्ष 2019 एवं 2020 में फसलों पर टिड्डी हमले के दौरान नियंत्रण के लिये कृषि विभाग की ओर से उठाए गए कदमों एवं नवाचारों की जानकारी दी गई है। इसके साथ ही पुस्तक में टिड्डी से संबंधित विस्तृत तकनीकी जानकारी एवं नियंत्रण के लिये किये जाने वाले उपायों को बताया गया है। उल्लेखनीय है कि राजस्थान राज्य के जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर, जोधपुर, नागौर, दौसा तथा भरतपुर और उत्तर प्रदेश के झाँसी एवं महोबा ज़िलों में अपरिपक्व गुलाबी टिड्डियों तथा वयस्क पीली टिड्डियों के झुंड सक्रिय रहते हैं। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार राजस्थान, मध्य प्रदेश, पंजाब, गुजरात, उत्तर प्रदेश और हरियाणा में टिड्डी नियंत्रण अभियान चलाया गया। इस अभियान की शुरुआत राजस्थान से 11 अप्रैल, 2020 को हुई थी। जुलाई, 2020 में राजस्थान के 6 ज़िलों - जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर, जोधपुर, नागौर और दौसा के 25 स्थानों तथा उत्तर प्रदेश के झाँसी ज़िले में दो स्थानों पर लोकल सर्किल कार्यालयों (एलसीओ) द्वारा टिड्डी नियंत्रण अभियान चलाया गया था। इसके अलावा, टिड्डियों के छोटे-छोटे समूहों को खत्म करने के लिये उत्तर प्रदेश के झाँसी और महोबा ज़िलों में 4 स्थानों पर तथा राजस्थान के भरतपुर में 2 स्थानों पर राज्य कृषि विभागों द्वारा नियंत्रण अभियान चलाया गया। भारत सरकार के टिड्डी चेतावनी संगठन (एलडब्ल्यूओ) और दस टिड्डी वृत्त कार्यालय (एलसीओ) राजस्थान (जैसलमेर, बीकानेर, फलौदी, बाड़मेर, जालौर, चूरू, नागौर, सूरतगढ़) और गुजरात (पालनपुर एवं भुज) में स्थित हैं, जो मुख्यरूप से राजस्थान और गुजरात के 2 लाख वर्ग किमी. अनुसूचित रेगिस्तान क्षेत्र में टिड्डी सर्वेक्षण एवं नियंत्रण करते हैं।

**80 वर्तमान में (मार्च 2022) राजस्थान में उद्योग मंत्री कौन है -**

(a) शकुंतला रावत

(b) लालचंद कटारिया

(c) बृजेंद्र ओल्हा

(d) परसादी लाल मीणा

**विस्तृत व्याख्या :**

14 मार्च, 2022 को राजस्थान की उद्योग मंत्री शकुंतला रावत ने विधानसभा में बताया कि देश में पहली बार राजस्थान में अभिनव प्रयोग करते हुए प्रत्येक उपखंड पर औद्योगिक क्षेत्र खोले जाने का निर्णय लिया गया है। शकुंतला रावत ने कहा कि रीको द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों से वंचित 153 उपखंडों में से 129 उपखंडों में भूमि चिह्नित कर ली गई है और 45 उपखंडों में औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना के लिये 2100 करोड़ रुपए से अधिक की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि गत सरकार द्वारा पूरे कार्यकाल में 2138 औद्योगिक भूखंडों का आवंटन किया गया, वहीं वर्तमान सरकार द्वारा 3 वर्ष में लगभग 4000 भूखंडों का आवंटन किया जा चुका है। जन घोषणा-पत्र की अनुपालना में राजस्थान औद्योगिक विकास नीति-2019 जारी की गई है। इसमें समावेशी और सतत् औद्योगिक विकास, औद्योगिक आधारभूत संरचना, प्रतिस्पर्धी वित्तीय प्रोत्साहन आदि का समावेश किया गया है। वहीं, रीको द्वारा औद्योगिक क्षेत्र विकास में सराहनीय कार्य किये जा रहे हैं। अभी तक 370 औद्योगिक क्षेत्र स्थापित किये गए हैं। इनमें 41600 इकाईयाँ उत्पादनरत् हैं।

**81 मार्च 2022 में राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल तथा किस संस्थान ने मिलकर जयपुर शहर में प्रदूषण की निगरानी के लिए लो कॉस्ट सेंसर स्थापित किये हैं -**

(a) आईआईटी कानपुर

(b) आईआईटी दिल्ली

(c) आईआईटी खड़गपुर

(d) आईआईटी जयपुर

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की अध्यक्ष वीनू गुप्ता ने मंडल कार्यालय से जयपुर शहर में लो कॉस्ट सेंसर नेटवर्क और इसके मोबाइल ऐप को लॉन्च किया। राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल तथा आईआईटी कानपुर के संयुक्त तत्वावधान में जयपुर शहर में 40 अलग-अलग स्थानों पर लो कॉस्ट सेंसर्स स्थापित किये गए हैं। इन सेंसर्स से न केवल शहर में प्रदूषण के हॉट स्पॉट के बारे में पता चलेगा, बल्कि उस स्थान विशेष पर प्रदूषण के कारणों की भी मॉनिटरिंग की जा सकेगी। जयपुर में 5 जगहों- यादगार, राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल क्षेत्रीय कार्यालय वीकेआई, सचिवालय, सांगानेर एयरपोर्ट तथा प्रदूषण नियंत्रण मंडल कार्यालय परिसर झालाना में सेंसर्स के साथ डिस्प्ले बोर्ड भी स्थापित किये जाएंगे। इन बोर्ड्स पर धूल कण, सूक्ष्म धूल कण एवं वायु गुणवत्ता सूचकांक आमजन के लिये प्रदर्शित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि आईआईटी कानपुर द्वारा एरिक्सन इंडिया के वित्तीय सहयोग से लार्ज स्केल मल्टी सिटी डेन्स अरबन आईओटी रीयल टाइम एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग नेटवर्क इन इंडिया प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है। इसके तहत जयपुर के अतिरिक्त कन्याकुमारी, चेन्नई तथा गुवाहाटी में लो कॉस्ट सेंसर्स लगाए गए हैं।

**82 राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम और राजस्थान सोलर पार्क डवलपमेंट के द्वारा 1800 मेगावाट क्षमता के दो सोलर पार्क राजस्थान के किन दो जिलो में विकसित किये जायेंगे -**

(a) जयपुर और बीकानेर

(b) जोधपुर और जैसलमेर

(c) जैसलमेर और बीकानेर

(d) बाड़मेर और जैसलमेर

**विस्तृत व्याख्या :**

राज्य के अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस, पेट्रोलियम एवं ऊर्जा डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश के जैसलमेर एवं बीकानेर में 1800 मेगावाट क्षमता के दो नए सोलर पार्क विकसित किये जाएंगे। पहले चरण में जैसलमेर में 800 मेगावाट क्षमता का सोलर पार्क राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के माध्यम से और बीकानेर में 1000 मेगावाट क्षमता का सोलर पार्क राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम की सहायक कंपनी राजस्थान सोलर पार्क डवलपमेंट के माध्यम से विकसित किये जाएंगे। दोनों पार्कों को केंद्र सरकार की योजना के मोड 8 के तहत विकसित किया जाएगा। इसके लिये केंद्र सरकार के नवीन व नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय से स्वीकृति प्राप्त हो गई है। इंवेस्ट राजस्थान के दौरान भी प्रदेश में सौर ऊर्जा क्षेत्र में करीब 8 लाख करोड़ रुपए के निवेश के एमओयू एलयूआई पर हस्ताक्षर हुए हैं। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में 2245 मेगावाट क्षमता का विश्व का सबसे बड़ा सोलर पार्क भी राजस्थान के जोधपुर ज़िले के भडला में विकसित किये जाने का श्रेय भी राजस्थान को ही है। इसी तरह से अक्षय ऊर्जा निगम द्वारा 925 मेगावाट क्षमता का सोलर पार्क जैसलमेर ज़िले के नोख में विकसित किया जा रहा है। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश में 10,560 मेगावाट सौर ऊर्जा क्षमता विकसित की जा चुकी है। इस तरह 10 गीगावाट सौर ऊर्जा विकसित करने वाला राजस्थान देश का पहला प्रदेश बन चुका है।

**83 'जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल (जेएलएफ)' का कौनसा संस्करण मार्च 2022 में आयोजित किया गया -**

(a) 5वां

(b) 7वां

(c) 11वां

(d) 15वां

**विस्तृत व्याख्या :**

'जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल (जेएलएफ)' का 15वां संस्करण 5 से 14 मार्च तक होटल क्लार्क्स में आयोजित किया गया।

**84 अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री मनसुख मंडाविया ने कोविड टीकाकरण कार्य में उत्कृष्ट कार्य के लिए राजस्थान से किसे सम्मानित किया -**

(a) श्रीमती कौशल्या और सुनीता महिया

(b) सुनीता राजपुरा और मनीषा राणा

(c) सुरभी जोशी और अनामिका गोर

(d) श्रीमती सुशीला गोदारा और रवीना सिहाग

**विस्तृत व्याख्या :**

8 मार्च 2022 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री मनसुख मंडाविया ने कोविड टीकाकरण कार्य में उत्कृष्ट योगदान देने वाली राजस्थान की महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता श्रीमती कौशल्या ए.एन.एम. सांगानेर, जयपुर और सुनीता महिया ए.एन.एम. सीएचसी मकराना, नागौर को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य कार्यकर्ता श्रीमती कौशल्या ने 76 हजार से ज्यादा लोगों का टीकाकरण करवाया वही ए.एन.एम सुनीता महिया ने 74 हजार से ज्यादा लोगों का कोविड वैक्सीनेशन करवाया जो कि देश में रिकॉर्ड उपलब्धि है।

**85 राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव के तीसरे संस्करण में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले सिद्धार्थ जोशी राजस्थान के किस जिले से हैं -**

(a) जयपुर

(b) टोंक

(c) भीलवाड़ा

(d) डूंगरपुर

**विस्तृत व्याख्या :**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव (एनवाईपीएफ) के तीसरे संस्करण के समापन समारोह में संस्करण के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये। इसमें राजस्थान के डूँगरपुर के सिद्धार्थ जोशी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव-2022 प्रतियोगिता में भोपाल की रागेश्वरी अंजना ने प्रथम, राजस्थान के डूँगरपुर के वागड़ गाँव के सिद्धार्थ जोशी ने द्वितीय और बठिंडा की अमरप्रीत कौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस महोत्सव का आयोजन उन युवाओं के विचार जानने के लिये किया जाता है, जो आने वाले वर्षों में सार्वजनिक सेवाओं सहित विभिन्न करियर में शामिल होंगे। एनवाईपीएफ का पहला संस्करण 12 जनवरी से 27 फरवरी, 2019 तक तथा दूसरा संस्करण 23 दिसंबर, 2020 से 12 जनवरी, 2022 तक आयोजित किया गया था। शीर्ष तीन राष्ट्रीय विजेताओं को प्रमाण-पत्र और पुरस्कार (क्रमश: 2,00,000 रुपए, 150,000 रुपए तथा 100,000 रुपए) प्रदान किया गया तथा 2 प्रतिभागियों को 50,000 रुपए का सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

**86 चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा के अनुसार मिलावटी पदार्थों की जांच हेतु इस वित्तीय वर्ष में कितने जिलों में खाद्य प्रयोगशालों का गठन किया जायेगा -**

(a) 13 जिलों में

(b) 24 जिलों में

(c) 28 जिलों में

(d) सभी जिलों में

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने विधानसभा में बताया कि मिलावटी पदार्थों की जाँच हेतु इस वित्तीय वर्ष के दौरान प्रत्येक ज़िले में खाद्य प्रयोगशालाओं का गठन कर दिया जाएगा। स्थ्य मंत्री ने कहा कि चुरू और जालौर ज़िले को छोड़कर सभी ज़िलों में प्रयोगशाला गठित करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत चुरू और जालौर में लैब के लिये प्रस्ताव भारत सरकार को भेजे गए हैं। स्वीकृति मिलने पर ही इन दोनों ज़िलों में लैब का संचालन शुरू किया जा सकेगा। चिकित्सा मंत्री ने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा 29(1) के प्रावधानानुसार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु राज्यस्तरीय राजस्थान खाद्य सुरक्षा प्राधिकरण का गठन शासकीय आदेश दिनांक 22 जून, 2020 के द्वारा किया गया है।

**87 2020 के लिए 'राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार (खनन)' से राजस्थान की किस कंपनी को सम्मानित किया गया -**

(a) आरएसएमएमएल

(b) आरएसटीसी

(c) आईआरसीटीसी

(d) बीएलएमसीटी

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान स्टेट माइंस एंड मिनरल्स लिमिटेड (आरएसएमएमएल) एवं इसकी बाड़मेर लिग्नाइट माइनिंग कंपनी लिमिटेड को 'राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार'(खनन) से सम्मानित किया गया। केंद्रीय श्रम एवं रोज़गार मंत्री द्वारा नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार विजेता खदानों के प्रतिनिधियों को प्रदान किये गए। राजस्थान स्टेट माइंस एंड मिनरल्स लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक तुलसी राम अग्रवाल ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर के ये पुरस्कार पिछले चार वर्षों के दौरान खदानों द्वारा उत्कृष्ट सुरक्षा प्रदर्शन को देखते हुए दिये गए हैं। आरएसएमएमएल को वर्ष 2019 व 2020 एवं बाड़मेर लिग्नाइट माइनिंग कंपनी लिमिटेड को वर्ष 2017 एवं 2018 के लिये 'राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार'से नवाज़ा गया है। समारोह में आरएसएमएमएल की ओर से समूह के महाप्रबंधक (लाइमस्टोन) पीआर प्रजापत, समूह के महाप्रबंधक (परियोजना) ओम पटेल तथा ब्लास्टर्स आशीष गिलबर्ट ने वर्ष 2019 एवं 2020 के लिये यह पुरस्कार प्राप्त किये।

**88 'परिंडा बांधो अभियान' का संबंध किससे है -**

(a) भू-जल संरक्षण

(b) पक्षियों के जीवन संरक्षण

(c) जलवायु परिवर्तन

(d) बांध निर्माण को बढ़ावा देने

**विस्तृत व्याख्या :**

3 मार्च, 2022 को विश्व वन्य जीव दिवस के अवसर पर राजस्थान के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने पक्षियों के जीवन संरक्षण हेतु परिंडा एवं चुग्गा पात्र बांधने के अभियान 'परिंडा बांधो अभियान'की शुरुआत की।

**89 मार्च 2022 में 'ई-वेस्ट कलेक्शन ड्राईव' का कौनसा चरण शुरू किया गया -**

(a) पहला

(b) दूसरा

(c) तीसरा

(d) चौथा

**विस्तृत व्याख्या :**

2 मार्च, 2022 को राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की अध्यक्ष वीनू गुप्ता ने मंडल के मुख्यालय से 'ई-वेस्ट कलेक्शन ड्राईव' के तृतीय चरण का शुभारंभ करते हुए ई-वेस्ट कलेक्शन ड्राईव हेतु वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अभियान में अजमेर, पाली, बीकानेर, चूरू, झुंझूनूं व सीकर के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों एवं रिहायशी कॉलोनियों तथा रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन, शॉपिंग मॉल व अन्य वाणिज्यिक संस्थानों हेतु 'ई-वेस्ट कलेक्शन ड्राईव' का आयोजन किया जाएगा। ई-वेस्ट के प्रतिवर्ष उत्पन्न होने के सही आंकड़े उपलब्ध कराने हेतु मंडल द्वारा एन्वायरनमेंट प्रोटेक्शन ट्रेनिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट (ई.पी.टी.आर.आई.), हैदराबाद के साथ एग्रीमेंट किया गया है। यह संस्थान राज्य के पाँच शहरों में ई-वेस्ट इन्वेन्टराईजेशन हेतु स्टडी कर राज्य में प्रतिवर्ष उत्पन्न ई-वेस्ट की मात्रा का आकलन करेगा। इसी प्रकार प्लास्टिक वेस्ट हेतु भी एक संस्थान द्वारा इन्वेन्टराईजेशन का कार्य किया जा रहा है।

**90 राज्य स्वास्थ्य परिवार कल्याण संस्थान (सीफू), राजस्थान का मुख्यालय कहां पर है -**

(a) जयपुर

(b) बीकानेर

(c) जोधपुर

(d) उदयपुर

**विस्तृत व्याख्या :**

2 मार्च, 2022 को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में राज्य स्वास्थ्य परिवार कल्याण संस्थान (सीफू) में 'तंबाकू मुक्त राजस्थान' बनाने और 100 दिवसीय कार्ययोजना की क्रियान्विति के लिये एक राज्यस्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

**91 राजस्थान गौरव अलंकरण समारोह का आयोजन किस संस्था द्वारा किया गया -**

(a) ललित कला अकादमी

(b) संगीत नाटक अकादमी

(c) संस्कृति युवा संस्था

(d) पश्चिमी कला संस्कृति क्षेत्र

**विस्तृत व्याख्या :**

1 मार्च, 2022 को राजस्थान के संस्कृति युवा संस्था द्वारा होटल उनियारा में राजस्थान गौरव अलंकरण समारोह-2022 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में राज्यपाल कलराज मिश्र ने संविधान की उद्देश्यिका तथा मूल कर्त्तव्यों का वाचन करवाया। राज्यपाल ने समारोह में भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी प्रसन्न कुमार खमेसरा, भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी राजन विशाल, वैभव गालरिया, उदयपुर के पूर्व राजपरिवार के लक्ष्यराज सिंह मेवाड़, साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित कवि एवं साहित्यकार डॉ. राजेश कुमार व्यास, शिक्षाविद् प्रो. ए.के. गहलोत सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान करने वाली विभूतियों को सम्मानित किया। संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने कहा कि संस्था गत 27 वर्ष से साहित्य, संगीत, कला, व्यवसाय, प्रशासन, पत्रकारिता सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी राजस्थान और देश की प्रतिभाओं को प्रतिवर्ष सम्मानित करने का कार्य कर रही है।

**92 हाल ही में सुर्खियों में रहा सरिस्का टाइगर रिजर्व (Sariska Tiger Reserve) किस राज्य में स्थित है -**

(a) तमिलनाडु

(b) बिहार

(c) गुजरात

(d) राजस्थान

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान राज्य में अलवर जिले में स्थित सरिस्का टाइगर रिजर्व में हाल ही में भीषण आग लगी है, सरिस्का की आग पर प्रशासन ने काफी हद तक काबू पा लिया है और अब एक सीमित क्षेत्र में आग बहुत कम बची है, उसे भी जल्द ही बुझा दिया जाएगा।सरिस्का टाइगर रिजर्व में कुल 27 बाघ हैं। वन अधिकारियों के अनुसार आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

**93 तीसरे राष्ट्रीय जल पुरस्कारों में राजस्थान को कौनसा स्थान मिला है -**

(a) प्रथम

(b) द्वितीय

(c) तृतीय

(d) चतुर्थ

**विस्तृत व्याख्या :**

राष्ट्रपति ने नई दिल्ली में तीसरे राष्ट्रीय जल पुरस्कार प्रदान किये। 11 श्रेणियों में राज्यों, संगठनों और व्यक्तियों को 57 पुरस्कार दिये गये। सर्वश्रेष्ठ राज्य श्रेणी में उत्तरप्रदेश को प्रथम, राजस्थान को दूसरा और तमिलनाडु को तीसरा पुरस्कार दिया गया। जल शक्ति मंत्रालय ने पहली बार राष्ट्रीय जल पुरस्कार वर्ष 2018 में प्रदान किए थे। भारत सरकार ने 2019 में 'जल शक्ति अभियान' शुरू किया था।

**94 राजस्थान दिवस (Rajasthan Day) निम्न में से किस दिन मनाया जाता है -**

(a) 10 जनवरी

(b) 12 मार्च

(c) 30 मार्च

(d) 25 अगस्त

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान दिवस (Rajasthan Day) प्रत्येक साल 30 मार्च को मनाया जाता है।

**95 राजस्थान के किस जिले को राष्ट्रीय जल पुरस्कार से सम्मानित किया गया -**

(a) जोधपुर

(b) जयपुर

(c) बीकानेर

(d) बांसवाड़ा

**विस्तृत व्याख्या :**

उत्तर प्रदेश, राजस्थान और तमिलनाडु ने राष्ट्रीय जल पुरस्कार की सर्वश्रेष्ठ राज्य की श्रेणी में क्रमश: पहला, दूसरा और तीसरा पुरस्कार हासिल किया है, जबकि पश्चिम में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जिलों में इंदौर ने पहला पुरस्कार जीता और वडोदरा तथा बांसवाड़ा को संयुक्त रूप से द्वितीय विजेता घोषित किया गया।

**96 हाल ही में राजस्थान के _____ ज़िले के 'केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान' में अफ्रीका की 'बोमा तकनीक' का प्रयोग किया गया -**

(a) भरतपुर

(b) चूरू

(c) कोटा

(d) प्रतापगढ़

**विस्तृत व्याख्या :**

हाल ही में राजस्थान के भरतपुर ज़िले के 'केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान' में अफ्रीका की 'बोमा तकनीक' का प्रयोग किया गया। इसका प्रयोग चीतल या चित्तीदार हिरणों को पकड़ने और उन्हें मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिज़र्व में पहुँचाने के लिये किया गया था, ताकि शिकार के आधार में सुधार किया जा सके। चीतल की IUCN रेड लिस्ट स्थिति 'कम चिंतनीय' (Least Concern) है। बोमा कैप्चरिंग तकनीक अफ्रीका में काफी लोकप्रिय है। इसमें फनल जैसी बाड़ के माध्यम से जानवरों का पीछा करके उन्हें एक बाड़े में में पहुँचाया जाता है।

**97 देश का तीसरा सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म भूषण प्राप्त करने वाले पहले पैरा-एथलीट कौन बने हैं -**

(a) दीपा मलिक

(b) देवेन्द्र झाझरिया

(c) अवनि लेखरा

(d) सिंहराज अधाना

**विस्तृत व्याख्या :**

देवेन्द्र झाझरिया ऐसे पहले पैरा एथलीट हैं जिन्हें देश के तीसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मभूषण से अलंकृत किया गया है। राजस्थान के शेखावाटी क्षेत्र के चूरू जिले के झाझरिया को कई पैरालम्पिक पदक मिले हैं, जिनमें पहला स्वर्ण 2004 के एथेन्स पैरालम्पिक खेलों में, दूसरा स्वर्ण पदक 2016 में रियो पैरालम्किप में और तीसरा रजत पदक 2020 के तोक्यो पैरालम्पिक खेलों में मिला। पैरा निशानेबाज अवनि लेखरा को पद्मश्री से अलंकृत किया गया है। अवनि पैरालम्पिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला हैं।

**98 हाल ही में लॉन्च किए गए इंद्रधनुष 4.0 का उद्देश्य किस वर्ग के लोगों को लाभ पहुंचाना है -**

(a) बच्चे

(b) गर्भवती महिला

(c) 1 और 2 दोनों

(d) बुजुर्ग

**विस्तृत व्याख्या :**

11 फरवरी, 2022 को राजस्थान के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से जयपुर में सघन मिशन इंद्रधनुष 4.0 टीकाकरण अभियान का आरंभ किया गया। इस अभियान में 0 से 2 वर्ष तक के बच्चों और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जा रहा है। सघन मिशन इंद्रधनुष 4.0 टीकाकरण अभियान के प्रथम चरण में जयपुर ज़िले के करीब 487 बच्चों और 114 गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है। इन बच्चों को नौ तरह की बीमारियों से बचाने के लिये बीसीजी, पोलियो, हेपेटाइट्स बी, पेंटावेलेंट, एफआईपीवी, आरवीवी, पीसीवी तथा एमआर के टीके लगाए जा रहे हैं।

99 आंगनबाड़ी केन्द्रों को नंद घर के रूप में विकसित करने हेतु राजस्थान सरकार ने किस फाउण्डेशन के साथ समझौता किया है -

(a) राजघर हिराचंद फाउण्डेशन

(b) अनिल अग्रवाल फाउण्डेशन

(c) राजश्री व्यास फाउण्डेशन

(d) राजस्थान जन कल्याण फाण्डेशन

**विस्तृत व्याख्या :**

राज्य के 25 हजार आंगनबाड़ी केन्द्र को नंद घर के रूप में विकसित करने हेतु राज्य सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग और वेदांता समूह के अनिल अग्रवाल फाउण्डेशन के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इसके तहत फाउण्डेशन लगभग 750 करोड़ रू(प्रति आंगनबाड़ी 3 लाख रू) के व्यय से नंद घर विकसित करेगा।

**100 'ऑपरेशन अस्मिता' का संबंध किससे संबंधित है -**

(a) बाल विवाह को रोकने

(b) विधवा विवाह को बढ़ावा देने

(c) देह व्यापार कुरीति को समाप्त करने

(d) बाल शिक्षा और पोषण से संबंधित

**विस्तृत व्याख्या :**

19 फरवरी, 2022 को मुख्य सचिव के समक्ष बूंदी ज़िला कलेक्टर रेणु जयपाल ने 'ऑपरेशन अस्मिता' नवाचार का प्रेजेंटेशन दिया। बूंदी ज़िले के कुछ क्षेत्रों में देह व्यापार कुरीति को समाप्त करने, बालिकाओं को बेहतर बचपन, उत्कृष्ट शिक्षा एवं सर्वांगीण विकास की राह पर ले जाने के लिये ज़िला प्रशासन द्वारा 'ऑपरेशन अस्मिता' को शुरू किया जा रहा है। इस नवाचार के ज़रिये नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी की टीम एवं विशेषज्ञ संस्थाओं के सहयोग से विभिन्न विकासोन्मुखी गतिविधियों द्वारा शिक्षा और रोज़गार से जोड़कर पीड़ित वर्ग को मुख्यधारा में लाने का मार्ग प्रशस्त किया जाएगा।

**101 राजस्थान ललित कला अकादमी कहां स्थित है -**

(a) जयपुर

(b) बीकानेर

(c) उदयपुर

(d) जोधपुर

**विस्तृत व्याख्या :**

13 फरवरी, 2022 को राजस्थान की कला एवं संस्कृति मंत्री डॉ. बी डी कल्ला के मुख्य आतिथ्य में झालाना स्थित राजस्थान ललित कला अकादमी परिसर में 62वीं वार्षिक कला प्रदर्शनी का उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर मंत्री द्वारा 10 कलाकारों को श्रेष्ठ कृतियों के लिये पुरस्कृत किया गया। राजस्थान ललित कला अकादमी राजस्थान की ललित कला संस्कृति को बढ़ावा देने, फैलाने और विकसित करने के लिये राजस्थान सरकार का प्रमुख ललित कला संस्थान है। यह एक गैर-लाभकारी, स्वायत्त निकाय है, जिसे कला और संस्कृति मंत्रालय, राजस्थान द्वारा वित्तपोषित किया जाता है।

**102 राजस्थान में किस वर्ष तक सभी ग्रामीण परिवारों को हर घर जल कनेक्शन दिये जाने का लक्ष्य रखा गया है -**

(a) 2022

(b) 2023

(c) 2024

(d) 2025

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान क्लासेज आदर्श कुमावत

फरवरी, 2022 तक की रिपोर्ट के अनुसार जल जीवन मिशन (जेजेएम) के तहत राजस्थान के 1001 गाँवों में सभी परिवारों को 'हर घर जल'कनेक्शन की सुविधा मुहैया करा दी गई है। इन गाँवों में सभी लोगों को अपने घर पर ही नल कनेक्शन के माध्यम से स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024 तक प्रदेश के सभी ग्रामीण परिवारों को हर घर जल कनेक्शन दिये जाने का लक्ष्य रखा गया है। राज्य के 617 गाँवों में 90 प्रतिशत से अधिक, 705 गाँवों में 80 प्रतिशत से ज़्यादा तथा 772 गाँवों में 70 प्रतिशत से अधिक परिवारों को 'हर घर जल'कनेक्शन के ज़रिये पेयजल आपूर्ति की जा रही है। प्रदेश में वर्तमान में प्रतिदिन करीब 3 हज़ार नए ग्रामीण परिवारों को हर घर जल कनेक्शन दिये जा रहे हैं। प्रदेश के ज़िलों में श्रीगंगानगर के सर्वाधिक 192 गाँवों में सभी परिवारों को 'हर घर जल' कनेक्शन में कवर किया जा चुका है। नागौर के 161, राजसमंद के 92, चूरू के 81, जयपुर के 71, हनुमानगढ़ के 62, भीलवाड़ा के 40, सीकर के 39, जोधपुर के 34 एवं बीकानेर के 27 गाँवों में 'हर घर जल'कनेक्शन का कवरेज पूरा कर लिया गया है।

**103 राजस्थान सरकार और निवेशकों के बीच अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में 3 लाख 5 हजार करोड़ के निवेश एमओयू एवं एलओआई से कितनी अक्षय ऊर्जा उत्पादन होगा -**

(a) 10 हजार मेगावाट

(b) 20 हजार मेगावाट

(c) 50 हजार मेगावाट

(d) 90 हजार मेगावाट

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान राज्य सरकार तथा निवेशकों के बीच अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में 3 लाख 5 हज़ार करोड़ के एमओयू एवं एलओआई पर हस्ताक्षर हुए तथा इनका आदान-प्रदान किया गया। इस निवेश से प्रदेश में करीब 90 हज़ार मेगावाट से अधिक अक्षय ऊर्जा का उत्पादन होगा। राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम के 5 सार्वजनिक उपक्रमों तथा निजी क्षेत्र की कंपनियों के साथ 3 लाख 5 हज़ार करोड़ रुपए के 90 गीगावाट से अधिक क्षमता के एमओयू एवं एलओआई हस्ताक्षरित किये गए। इनमें एनटीपीसी की ओर से 40 हज़ार करोड़ की लागत से 10 गीगावाट, एनएचपीसी की ओर से 20 हज़ार करोड़ की लागत से 10 गीगावाट, सतलज जल विद्युत निगम की ओर से 50 हज़ार करोड़ रुपए की लागत से 10 गीगावाट, टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की ओर से 40 हज़ार करोड़ रुपए की लागत से 10 गीगावाट तथा एसईसीआई की ओर से 9 हज़ार करोड़ की लागत से 2 गीगावाट के अक्षय ऊर्जा से संबंधित एमओयू एवं एलओआई शामिल हैं। इसी प्रकार रिलायंस समूह की ओर से 1 लाख करोड़ की लागत से 20 गीगावाट, एक्सिस एनर्जी समूह की ओर से 37 हज़ार करोड़ की लागत से 28 गीगावाट सोलर पार्क, सोलर प्रोजेक्ट एवं 4 गीगावाट सोलर मॉड्यूल मैन्यूफैक्चरिंग एवं सुखवीर एग्रो समूह की ओर से 2 गीगावाट एवं 100 मेगावाट क्षमता (बॉयोमास) के अक्षय ऊर्जा से संबंधित एमओयू एवं एलओआई शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि राजस्थान को रिन्यूएबल एनर्जी का हब बनाने के लिये सरकार ने नई सौर ऊर्जा नीति-2019 तथा विंड एंड हाइब्रिड एनर्जी पॉलिसी जारी की थी। निवेशकों को अनुकूल माहौल प्रदान करने के लिये रिप्स-2019, वन स्टॉप शॉप प्रणाली, एमएसएमई एक्ट जैसे नीतिगत निर्णय लिये गए।

**104 अटल भूजल योजना के तहत प्रदेश में अधिकारों-कर्मचारियों की क्षमता संवर्द्धन के लिये किस संस्थान के साथ एमओयू किया गया है -**

(a) आईआईटी जोधपुर

(b) आईएमटीआई कोटा

(c) बीकानेर कृषि विश्वविद्यालय

(d) राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान जलदाय एवं भूजल मंत्री डॉ. महेश जोशी की उपस्थिति में शासन सचिवालय में अटल भूजल योजना के तहत प्रदेश में विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों की क्षमता संवर्द्धन के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रमों के संबंध में एमओयू पर हस्ताक्षर किये गए। इस एमओयू पर अटल भूजल योजना की स्टेट प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट (एसपीएमयू) तथा भूजल विभाग की ओर से परियोजना निदेशक सूरजभान सिंह एवं आईएमटीआई, कोटा की तरफ से महानिदेशक राजेंद्र पारीक ने हस्ताक्षर किये। इस एमओयू के तहत आईएमटीआई, कोटा द्वारा राजस्थान में राज्य, ज़िला, ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर वर्ष 2021-22 में 56 तथा वर्ष 2022-23 में 336 प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिन पर करीब 1.63 करोड़ रुपए व्यय होंगे। सिंचाई प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान (इरिगेशन मैनेजमेंट एंड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट-आईएमटीआई), कोटा द्वारा चालू एवं अगले वित्तीय वर्ष में इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि अटल भूजल योजना प्रदेश के 17 ज़िलों के 38 पंचायत समिति क्षेत्रों में लगभग 2 लाख हेक्टेयर भूमि पर क्रियान्वित की जा रही है। इससे करीब 1.55 लाख कृषकों को लाभ होगा।

**105 राजस्थान के राजकीय चिकित्सालयों एवं स्वास्थ्य केंद्रों में नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड के अनुसार सुविधाओं और सेवाओं में सुधार के उद्देश्य से एनएचएम राजस्थान और किस संस्थान के बीच एमओयू किया गया है -**

(a) पहल फाउंडेशन

(b) सक्षम फाउंडेशन

(c) अक्षय पात्र फाउंडेशन

(d) विश फाउंडेशन

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान के राजकीय चिकित्सालयों एवं स्वास्थ्य केंद्रों में नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड के अनुसार आवश्यक सुविधाओं और सेवाओं में सुधार के उद्देश्य से एनएचएम राजस्थान एवं तकनीकी पार्टनर संस्थान 'विश'फाउंडेशन के बीच स्वास्थ्य भवन में एमओयू किया गया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीना ने बताया कि तीन साल की अवधि वाले इस एमओयू के होने से प्रदेश के 100 स्वास्थ्य केंद्रों पर राष्ट्रीय मानकों के अनुसार उपलब्ध चिकित्सा सेवाओं और संसाधनों के समुचित उपयोग में आवश्यक सुधार लाए जाएंगे।

**106 राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ 'कॉनफैड' द्वारा राज्य की जेलों में बंदियों को खाद्य सामग्री, कन्फैक्शनरी, कॉस्मेटिक्स, नोटबुक आदि दैनिक उपयोग की सामग्री के लिए .......... की शुरूआत की गई है -**

(a) जेल सहायता केंद्र

(b) बंदी कैंटीन

(c) जेल सेवा योजना

(d) बंदी सुविधा केंद्र

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान के सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने केंद्रीय कारागार जयपुर में कॉनफैड द्वारा बंदियों के लिये संचालित की जाने वाली बंदी कैन्टीन के उद्घाटन के साथ सीकर, श्रीगंगानगर, भीलवाड़ा, धौलपुर, कोटा, चित्तौड़गढ़, भरतपुर, दौसा एवं कोटपूतली में भी बंदी कैंटीन का वर्चुअल उद्घाटन किया। उदयलाल आंजना ने कहा कि सहकारिता एवं जेल प्रशासन के द्वारा कैदियों के लिये बंदी कैंटीन की शुरुआत से बंदियों के लिये खाद्य सामग्री, कन्फैक्शनरी, कॉस्मेटिक्स, टॉयलेट्री के अतिरिक्त नोटबुक, पेंसिल एवं दैनिक उपयोग में आने वाली लगभग 43 से 58 प्रकार की सामग्री उपलब्ध होगी। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा कारागार मंत्री

सामान्य ज्ञान
5000+ प्रश्न
For All Exam's
Free Download 😀

SSC Exam's
CGL-CHSL-MTS-GD
Top Questions

राजस्थान सामान्य ज्ञान
हस्तलिखित नोट्स
निशुल्क डाउनलोड

Latest Job's Update
See All Update
Exam Date News

राजस्थान सामान्य ज्ञान
All Test Quiz
For All Exam's

PTET 2022
Complete Course
यहां से डाउनलोड करें

राजस्थान सामान्य ज्ञान
Free - E-Book-1
For PTET-BSTC-RAS-LDC
पटवारी,वनरक्षक,ग्रामसेवक,कृषि पर्यवेक्षक

BSTC 2022
Complete Course
यहां से डाउनलोड करें

राजस्थान पुलिस कांस्टेबल
Complete Course
~~301/-~~ Now Free

भारत सामान्य ज्ञान
सम्पूर्ण टेस्ट क्विज
अपनी तैयारी को परखें

वनरक्षक वनपाल
सम्पूर्ण कोर्स
अब वर्दी लेना तय

टॉप 1000 प्रश्न
ई - बुक सामान्य ज्ञान
डाउनलोड करलो

टीकाराम जूली ने बंदियों की मांग पर कैन्टीन से प्रतिमाह दो हज़ार पाँच सौ रुपए की सीमा तक क्रय की जाने वाली सामग्री की सीमा को तीन हज़ार पाँच सौ रुपए बढ़ाने की घोषणा की। उल्लेखनीय है कि राजस्थान राज्य की 140 जेलों में लगभग 23 हज़ार बंदी हैं।

**107 शुभम गढ़वाल का संबंध किस खेल से है -**

(a) तीरंदाजी

(b) हॉकी

(c) क्रिकेट

(d) बास्केट बॉल

**विस्तृत व्याख्या :**

हाल ही में बंगलुरू में आयोजित आईपीएल 2022 के 15वें सीजन की मेगा ऑक्शन में जोधपुर के शुभम गढ़वाल को राजस्थान रॉयल्स टीम ने बेस प्राइज 20 लाख रुपए में खरीद लिया है। शुभम साउथ अफ्रीका में क्लब क्रिकेट भी खेल चुके हैं। वे राजस्थान की रणजी टीम के भी सदस्य रहे हैं। पाँच माह पूर्व जयपुर में आयोजित कॉल्विन शील्ड प्रतियोगिता में शुभम गढ़वाल ने 12 बॉल में 50 रन बनाए थे। साथ ही क्रिकेटर युवराज सिंह का रिकॉर्ड तोड़ा था।

**108 पैरा तीरंदाज खिलाड़ी श्याम सुंदर स्वामी का संबंध किस जिले से है -**

(a) जयपुर

(b) जोधपुर

(c) बीकानेर

(d) उदयपुर

**विस्तृत व्याख्या :**

फरवरी 2022 में दुबई में आयोजित वल्र्ड पैरा तीरंदाजी चैम्पियनशिप में बीकानेर के श्याम सुंदर स्वामी ने उत्तर प्रदेश की ज्योति के साथ मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता है।

**109 श्री रामदेव पशु मेले का अयोजन होता है -**

(a) नागौर

(b) जैसलमेर

(c) जोधपुर

(d) बाड़मेर

**विस्तृत व्याख्या :**

प्रतिवर्ष 15 दिवसीय श्री रामदेव पशु मेला नागौर जिले के मानसर गांव में माघ शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से माघ शुक्ल पुर्णिमा तक आयोजित किया जाता है।

**110 गोडवाड पर्यटन सर्किट में निम्न में से कौनसा जिला सम्मिलित नहीं है -**

(a) जयपुर

(b) जालौर

(c) पाली

(d) बाड़मेर

**विस्तृत व्याख्या :**

गोडवाड पर्यटन सर्किट से जालौर, पाली, सिरोही, बाड़मेर जिले के 7 पर्यटन स्थलों को विकास होगा। राजस्थान पर्यटन विकास निगम लिमिटेड ने गोडवाड़ पर्यटन सर्किट (Tourisam circit) के लिए दो करोड़ की राशि मंजूर की है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वर्ष 2021-22 के बजट में ये घोषणा की थी।

**111 मेरी पुलिस मेरी दोस्त अभियान का संबंध है -**

(a) आम जनता को पुलिस प्रशिक्षण

(b) पुलिस में सिधी भर्ती

(c) लड़कियों को पुलिस कार्यप्रणाली समझाने

(d) लड़कियों को हथियार प्रशिक्षण

**विस्तृत व्याख्या :**

डूंगरपुर जिले में लड़कियों को पुलिस कार्यप्रणाली समझाने, उनके संकोच-झिझक को दूर करने, खुलकर अपनी बात रखने के लिए प्रेरित करने, पुलिस को अपना दोस्त बताने, निमयमित संवाद स्थापित करने के लिए 'मेरी पुलिस मेरी दोस्त' नामक अभियान शुरू किया गया। इसके अलावा सीकर पुलिस द्वारा सीकर पुलिस की आवाज 'सशक्त महिला एवं नशा मुक्त समाज' अभियान का शुभारंभ किया गया।

**112 नंदी गौशाल खोलने के लिए प्रदेश का पहला अनुबंध किस जिले में किया गया है -**

(a) जयपुर

(b) जोधपुर

(c) बीकानेर

(d) हनुमानगढ़

**विस्तृत व्याख्या :**

पंचायत समिति स्तर पर नंदी गौशाला खोलने को लेकर पहला अनुबंध हनुमानगढ़ जिले में हुआ है। नोहर तहसील की श्रीगौशाला ने नोहर के चक रामपुरा पट्टी में और टाउन की गौशाला समिति ने हनुमानगढ़ पंचायत समिति के अंतर्गत कोहला में नंदीशाला खोलने का अनुबंध किया है। राज्य सरकार द्वारा पंचायत समिति स्तर पर स्थापित की जा रही प्रत्येक नंदीशाला का निर्गाण 1.57 करोड़ की लागत से किया जाएगा। इसकी 10 प्रतिशत राशि संबंधित संस्था द्वारा वहन की जाएगी। शेष 90 प्रतिशत राशि राज्य सरकार 40 प्रतिशत, 40 प्रतिशत और 10 प्रतिशत की तीन किस्तों में जारी करेगी।

**113 फरवरी 2022 में राजस्थान सरकार द्वारा प्रदेश में प्रत्येक वर्ग के लिए न्यूनतम मजदूरी में कितने रूपये प्रतिदिन की वृद्धि की गई है -**

(a) 50 रू

(b) 42 रू

(c) 24 रू

(d) 7 रू

**विस्तृत व्याख्या :**

फरवरी 2022 में राज्य सरकार ने प्रदेश में प्रत्येक वर्ग के लिए न्यूनतम मजदूरी की दरों में 7 रू प्रतिदिन की बढ़ोतरी करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। यह दरें 1 जुलाई, 2022 से लागू होंगी।

**114 14 से 28 फरवरी तक मनाये गये सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का विषय था -**

(a) सुरक्षित सड़के

(b) सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा

(c) सुरक्षीत भविष्य के लिए सड़क

(d) सड़क और यातायात नियम

**115 राजस्थान राज्य महिला आयोग का अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया है -**

(a) कृष्णा पूनिया

(b) स्वाती जैन

(c) रिहाना रियाज चिश्ती

(d) अनुप्रिया गोदारा

**विस्तृत व्याख्या :**

धर्मेन्द सिंह राठौड़ को राज्यस्थान पर्यटन विकास निगम का अध्यक्ष बनाया गया है। बृजकिशोर शर्मा को राजस्थान खादी एवं गा्रमोद्योग बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया है। राजीव अरोड़ा को राजस्थान लघु उद्योग विकास निगम का अध्यक्ष बनाया गया है। जस्टिस भंवरू खान को राजस्थान राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है।

**116 राजस्थान अनुसूचित जाति आयोग का अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया है -**

(a) खिलाड़ी लाल बैरवा

(b) जोगेद्र अवाना

(c) लक्ष्मण मीणा

(d) कृष्णा पूनिया

**विस्तृत व्याख्या :**

जोगेन्द्र अवाना को देवनारायण बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया है। कृष्णा पूनिया को राजस्थान राज्य क्रिड़ा परिषद और लक्ष्मण मीणा को अनुसूचित जनजाति आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है।

**117 राजस्थान राज्य अल्पसंख्यक आयोग के वर्तमान अध्यक्ष(फरवरी 2022) कौन हैं -**

(a) मुहम्मद हसन

(b) रफीक खान

(c) यूनस अली

(d) वारिस खान

**विस्तृत व्याख्या :**

इनके अलावा महादेव सिंह खण्डेला को राजस्थान किसान आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

**118 उदय खेल महोत्सव किस शहर में आयोजित किया गया -**

(a) निंबाहेड़ा

(b) लुणकरणसर

(c) बिजौलिया

(d) श्रीकरणपुर

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के निंबाहेड़ा में खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने एवं खेल प्रतिभाओं को आगे लाने के मकसद से सात दिवसीय 'उदय खेल महोत्सव' का आयोजन किया गया।

**119 'नायाब हुनर हाट' प्रदर्शनी का आयोजन किस शहर में किया गया -**

(a) जयपुर

(b) जोधपुर

(c) उदयपुर

(d) बीकानेर

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान की उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री शंकुन्तला रावत ने जयपुर में 'नायाब हुनर हाट'' का प्रदर्शनी का उद्घाटन

किया। इस प्रदर्शनी का आयोजन उद्यम प्रोत्साहन संस्थान एवं राजस्थान अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है।

**120 महात्मागांधी की कृतियों का राजस्थानी अनुवाद किसके द्वारा किया गया है जिनका हाल ही (फरवरी 2022) में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा विमोचन किया गया -**

(a) दुलाराम सहारण

(b) विनोद कुमार स्वामी

(c) राजकुमार गुजराल

(d) अनामिका अम्बर

**विस्तृत व्याख्या :**

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने महात्मा गांधी की कृतियों के चुरू निवासी साहित्यकार दुलाराम सहारण द्वारा किए राजस्ज्ञानी अनुवाद सर्वोदय, मंगल प्रभात और आत्मकथा साच रा तजरबा का विमोचन किया।

**121 हल्दीघाटी का युद्ध हुआ था -**

(a) 1565 ई. में

(b) 1576 ई. में

(c) 1557 ई. में

(d) 1562 ई. में

**विस्तृत व्याख्या :**

दरअसल राजस्थान के उदयपुर में मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय में इतिहास के विषय में पढ़ाया जा रहा है कि हल्दीघाटी युद्ध में अकबर की जीत हुई थी जबकि अनेक इतिहासकार इसके खिलाफ हैं। उनके अनुसार साक्ष्य यह साबित कर चुके हैं कि हल्दीघाटी युद्ध में महाराणा प्रताप की जीत हुई थी। इस विवाद के पश्चात् विश्वविद्यालय में इतिहास विभाग की अध्यक्ष प्रो. दिग्विजय भटनागर ने अपनी पुस्तक 'राजस्थान के इतिहास की रूपरेखा'के संदर्भ में हल्दीघाटी युद्ध में अकबर की जीत के बारे में लिखे जाने को लेकर स्पष्ट किया है कि यह पुस्तक इतिहासकारों की पूर्व में प्रकाशित पुस्तकों पर आधारित है, जिसका उन्होंने केवल संपादन किया है। ऐसे में जल्द ही संशोधन के साथ नई पुस्तक आएगी जिसमें हल्दीघाटी युद्ध में महाराणा प्रताप की जीत का उल्लेख किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि हल्दीघाटी का युद्ध 18 जून 1576 को मेवाड़ के महाराणा प्रताप और मुगल सम्राट अकबर की सेना के बीच लड़ा गया था। अकबर की सेना का नेतृत्व आमेर के राजा मान सिंह प्रथम ने किया था, जबकि इस युद्ध में महाराणा प्रताप को मुख्य रूप से भील जनजाति का सहयोग मिला था।

**122 पुस्तक 'मेड इन इंडिया' के लेखक है -**

(a) कांति लाल जैन व राधिका वर्मा

(b) प्रभुदयाल मेहता व सुमन कुमारी

(c) तारीका रॉय व सौम्या गुप्ता

(d) राजेश भंडारी व मंजू बजाज

**विस्तृत व्याख्या :**

भारतीय रेलवे लेखा सेवा की अधिकारी तारिका रॉय और भारतीय विदेश सेवा की अधिकारी सौम्या गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से लिखी गई पुस्तक 'Mad(e) in India' पर आईएएस लिटरेरी सोसायटी राजस्थान द्वारा वर्चुअल इंटरेक्शन सेशन के माध्यम से चर्चा की गई। तारिका रॉय और सौम्या गुप्ता की यह पहली किताब है। तारिका रॉय ने अपनी किताब पर चर्चा करते हुए बताया कि यह पुस्तक हमारे देश भारत और भारतीयों की आदतों, रहन-सहन, आचारख्रव्यवहार तथा यहाँ की संस्कृति एवं परंपराओं के मजेदार पहलुओं की खोज है।

**123 राजस्थान के किस बजट में पर्यटन को उद्योग का दर्जा देने की घोषणा की गई -**

(a) 2020-2021

(b) 2021-2022

(c) 2022-2023

(d) 2001-2002

**विस्तृत व्याख्या :**

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा पेश किये गए राज्य बजट 2022-23 में पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा और संबल प्रदान करने के लिये पर्यटन को उद्योग का दर्जा देने की घोषणा की गई है। पर्यटन संबधी कार्यों को गति देने के लिये पर्यटन विकास कोष की राशि को 500 करोड़ रुपए से 1000 करोड़ रुपए किया गया है। इससे पर्यटन को प्रोत्साहन मिलेगा। बजट में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये 'साहसिक पर्यटन प्रोत्साहन योजना', पर्यटकों को सुविधा उपलब्ध कराने के लिये 10 करोड़ रुपए की लागत से एकीकृत आनलाइन बुकिंग पोर्टल और मोबाइल एप सहित पर्यटकों की सहायता व सुरक्षा के लिये 500 पर्यटक मित्रों की भर्ती करने का प्रावधान किया गया है। पर्यटन मंत्री ने कहा कि डूँगरपुर व बाँसवाड़ा क्षेत्र और वहाँ के आस-पास के धार्मिक स्थलों में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'वागड़ टूरिस्ट सर्किट'को विकसित किया जाएगा, साथ ही गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बाँसवाड़ा में 10 करोड़ रुपए की लागत से वैदिक गुरुकुल बनाया जाएगा।

**124 ऑपरेशन आग का संबंध है -**

(a) शिक्षा विकास

(b) कौशल विकास

(c) अवैध हथियारों को पकड़ना

(d) जंगलों में आग को नियंत्रित करना

**विस्तृत व्याख्या :**

राजधानी में आमेर थाना पुलिस ने अवैध हथियार रखने के खिलाफ ऑपरेशन आग (एक्शन अगेंस्ट गन) के तहत कार्रवाई की है।

**125 राजस्थान सोलर संघ ने अक्षय ऊर्जा के उत्पादन के लिए कहां पर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की है -**

(a) जयपुर

(b) उदयपुर

(c) जोधपुर

(d) बीकानेर

**विस्तृत व्याख्या :**

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) जोधपुर ने कदम उठाते हुए राजस्थान सोलर एसोसिएशन के साथ आईआईटी जोधपुर प्रौद्योगिकी पार्क में अक्षय ऊर्जा के लिए उत्कृष्टता केंद्र का शुभारंभ किया।

**126 गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजस्थान के नागौर से किसे मरणोपरांत 'सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक' से सम्मानित किया गया -**

(a) राम अवतार गोदारा

(b) विजय कुमार सिहाग

(c) राकेश स्वामी

(d) मनोज कुमार बागड़ी

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान के नागौर जिले के डीडवाना उपखण्ड के छोटे से गांव के रहने वाले दिवंगत रामावतार गोदारा के अदम्य साहस और बलिदान के लिए गणतंत्र दिवस पर महामहिम राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मरणोपरांत सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक से सम्मानित करने की मंजूरी दे दी है।

**127 राजस्थान के किस शहर में राजस्थानी भाषा-साहित्य,कला और संस्कृति का म्यूजियम बनाया जाएगा -**

(a) जोधपुर

(b) बीकानेर

(c) जयपुर

(d) उदयपुर

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थानी भाषा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी पहले से ही बीकानेर में है। अब यहां ऐसा म्यूजियम भी बनेगा जिसमें प्रदेश की संस्कृति से जुड़े हर पहलू को शामिल किया जाएगा।

**128 राजस्थान के किस शहर में नेशनल कम्यूनिकेबल डिजीज (एनसीडीसी) केन्द्र खोला जायेगा -**

(a) जयपुर

(b) जोधपुर

(c) अलवर

(d) उदयपुर

**विस्तृत व्याख्या :**

नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल और राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंस के बीच एमओयू साइन किया गया। जिसके तहत नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल की ओर से एक सेंटर जयपुर में खोला जाएगा और अब कम्युनिकेबल डिजीज यानी संक्रामक रोगों की पहचान आसानी से हो सकेगी।

**129 डीएसटी-होम स्कूलिंग पॉडकास्ट प्रारंभिक रूप से किस वर्ग के विद्यार्थीयों के लिए शुरू किया गया है -**

(a) कक्षा 6 से 10 तक के विज्ञान विषय

(b) कक्षा 1 से 5 तक के सामाजिक विज्ञान विषय

(c) कक्षा 6 से 12 तक के गणित विषय

(d) कक्षा 6 से 8 तक राजस्थानी भाषा विषय

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान की विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जाहिदा खान ने इनोवेटिव कार्यक्रम डीएसटी-होम स्कूलिंग पॉडकास्ट का ऑनलाइन शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम से प्रारंभिक रूप से राज्य की कक्षा 6 से 10 तक के विज्ञान विषय का पाठ्यक्रम सरल तरीके से हिन्दी व इंग्लिश भाषा में उपलब्ध होगा। इस पॉडकास्ट कार्यक्रम से दूरदराज, आदिवासी क्षेत्रों व पश्चिमी राजस्थान के विद्यार्थियों को भी लाभ होगा एवं यह पॉडकास्ट उन विद्यार्थियों के लिये भी उपयोगी साबित होंगे, जिनके पास इंटरनेट की बैंडविथ भी अधिक उपलब्ध नहीं है।

**130 डा. कोमल कोठारी स्मृति लाइफ टाइम अचीवमेंट लोक कला पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया है -**

(a) दिनकर नाथ पांड्या

(b) मनोहर हरी कुमार

(c) विजय वर्मा

(d) सुदेश देशमुख

**विस्तृत व्याख्या :**

पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक कला केंद्र द्वारा प्रदत्त किया जाने वाला प्रतिष्ठित 'डॉ. कोमल कोठारी स्मृति लाइफ टाइम अचीवमेंट लोक कला पुरस्कार' जयपुर के लोककला मर्मज्ञ विजय वर्मा को स्वास्थ्य कारणों से उनके निवास स्थान पर प्रदान किया गया। राजस्थान के राज्यपाल एवं पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के अध्यक्ष कलराज मिश्र के निर्देशानुसार राज्यपाल के प्रमुख सचिव सुबीर कुमार और पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र की निदेशक किरण सोनी गुप्ता ने मानसरोवर स्थित विजय वर्मा के निवास पर पहुँचकर उन्हें सम्मानित किया। पुरस्कारस्वरूप विजय वर्मा को शॉल, प्रशस्ति-पत्र, एक लाख पच्चीस हजार पाँच सौ रुपए का चेक प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि राजस्थान के जाने-माने कला मर्मज्ञ पँभूषण डॉ. कोमल कोठारी की स्मृति में केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर द्वारा दिया जाने वाला 'डॉ. कोमल कोठारी स्मृति लाइफ टाइम अचीवमेंट लोक कला पुरस्कार' हेतु इस बार संयुत्त रूप से महाराष्ट्र के ठाणे के कला मनीषी डॉ. प्रकाश सहदेव खांडगे तथा जयपुर के विजय वर्मा को चुना गया था।

**131 राजस्थान में 'राजस्थान युवा पखवाड़ा' मनाया गया -**

(a) 1 फरवरी से 14 फरवरी

(b) 4 फरवरी से 17 फरवरी

(c) 7 फरवरी से 20 फरवरी

(d) 10 फरवरी से 23 फरवरी

**विस्तृत व्याख्या :**

7 फरवरी, 2022 को प्रसिद्ध गांधीवादी सुब्बाराव की जयंती पर शांति एवं अंहिसा निदेशालय, राजस्थान द्वारा राज्य में विभिन्न विभागों के सहयोग से 'राजस्थान युवा पखवाड़े'का शुभारंभ किया गया, जो 20 फरवरी, 2022 तक चला।

**132 वर्तमान (मार्च 2022) में राजस्थान के लोकायुक्त हैं -**

(a) बनवारी लाल पुरोहित

(b) राम के. शर्मा

(c) विजय कुमार

(d) पी. के. लोहरा

**विस्तृत व्याख्या :**

7 फरवरी, 2022 को राजस्थान के लोकायुक्त न्यायमूर्ति पी. के. लोहरा ने राज्यपाल कलराज मिश्र को 33वाँ समेकित प्रतिवेदन (1 मार्च, 2018 से 31 दिसंबर, 2021 तक) प्रस्तुत किया। लोकायुक्त सचिवालय के उप सचिव हर्ष कुमार मिश्रा ने बताया कि लोकायुक्त लोहरा द्वारा 9 मार्च, 2021 को पदभार ग्रहण करने के समय कुल 9 हज़ार 810 शिकायतें लंबित थीं। कोविड महामारी के समय विपरीत परिस्थितियों के बावजूद लोहरा ने पीड़ित व्यक्तियों की परिवेदनाओं को दृष्टिगत रखते हुए बिना किसी अवकाश के दिसंबर 2021 तक कुल 5 हज़ार 43 शिकायतों का निस्तारण किया। उप सचिव ने बताया कि 1973 में लोकायुक्त संस्था की स्थापना के बाद से परिवेदनाओं का यह सबसे अधिक निस्तारण है।

**133 नाइट स्काई एस्ट्रो–टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए कौन सी राज्य सरकार प्रत्येक जिले में उच्च गुणवत्ता वाले टेलीस्कोप स्थापित करेगी -**

(a) आंध्र प्रदेश

(b) केरल

(c) राजस्थान

(d) तमिलनाडु

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान ने सभी 33 जिलों में 'नाइट स्काई एस्ट्रो टूरिज्म' की शुरुआत की है। यह सूबा ऐसा करने वाला पहला भारतीय राज्य बन गया है।

**134 राजस्थान उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश किसे नियुक्त किया गया है -**

(a) जस्टिस अल्पेश कुमार

(b) जस्टिस मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव

(c) जस्टिस गोपाल माथुर

(d) जस्टिस सुनंदा रेड्डी

**विस्तृत व्याख्या :**

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 223 द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रपति ने राजस्थान उच्च न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव को दिनांक 04.03.2022 को जारी अधिसूचना द्वारा इस उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के कार्यालय के कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए नियुक्त किया है।

**135 कौन से शहर ने 6 मार्च से 8 मार्च तक होने वाले वार्षिक ऊंट महोत्सव 2022 की मेजबानी की -**

(a) जोधपुर

(b) जयपुर

(c) बाड़मेर

(d) बीकानेर

**विस्तृत व्याख्या :**

रसगुल्ले और भुजिया के लिए पूरी दुनिया में मशहूर बीकानेर अपने 'कैमल फेस्टिवल' के आयोजन के लिए भी जाना जाता है। हर साल जनवरी में बीकानेर ऊंट महोउत्सव मनाया जाता है। साल 2022 में कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन के कारण इंटरनेशनल कैमल फेस्टिवल जनवरी में रद्द कर दिया था, जो अब मार्च में आयोजित हो रहा है।

**136 भारतीय वायु सेना (IAF) ने किस स्थान पर होने वाले अभ्यास वायु शक्ति को स्थगित कर दिया है -**

(a) पोखरण

(b) पुणे

(c) चदीपुर

(d) श्रीहरिकोटा

**विस्तृत व्याख्या :**

भारतीय वायु सेना (IAF) ने अभ्यास वायु शक्ति 2022 को स्थगित करने का निर्णय लिया है जो 7 मार्च 2022 को राजस्थान के जैसलमेर के पोखरण रेंज में होने वाला था।

**137 अतंर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वर्ष 2021 के लिए राजस्थान से किसे प्रतिष्ठित नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित किया गया है -**

(a) मधुलिका शर्मा

(b) राधिका महापात्रा

(c) बतूल बेगम

(d) तारा सुधारिया

**विस्तृत व्याख्या :**

मांड और भजन लोक गायिका बतूल बेगम(जयपुर) राजस्थानी लोक धुनों में माहिर हैं। वह तबला, ढोलक और ढोल जैसे वाद्ययंत्र भी बजाती हैं। वह लोक बैंड 'क्लेज़मर' की सदस्य हैं। उन्होंने ट्यूनीशिया, फ्रांस, स्पेन, बेल्जियम, इटली जैसे देशों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय लोक संगीत का प्रदर्शन और प्रचार किया है। नारी शक्ति पुरस्कार उन्हें भारतीय लोक संगीत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देने में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जाता है और यह उनके लिए प्रेरणा का स्रोत भी है।

**138 किस राज्य सरकार ने 'ऊंट संरक्षण व विकास नीति' लागू करने की घोषणा की है -**

(a) पंजाब

(b) कर्नाटक

(c) छत्तीसगढ़

(d) राजस्थान

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान सरकार ने 'ऊंट संरक्षण व विकास नीति' लागू करने की घोषणा की है। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जबकि राजस्थान ही नहीं बल्कि समूचे देश में ऊंटों की संख्या लगातार कम हो रही है और नागालैंड, मेघालय जैसे राज्यों में आधिकारिक रूप से अब एक भी ऊंट नहीं बचा है। ऊंट राजस्थान का राज्य पशु है और थार रेगिस्तान वाले राजस्थान को ऊंट का घर भी कहा जाता है।

**139 हाल ही (फरवरी 2022) में राजस्थान लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया है -**

(a) एस. के. घोष

(b) संजय कुमार श्रोत्रिय

(c) राजेंद्र सोलंकी

(d) अनिल शर्मा

**140 आर्थिक समीक्षा 2021-22 के अनुसार सकल राज्य घरेलू उत्पाद स्थिर मूल्यों पर कितना है -**

(a) 733017 करोड़ रूपये

(b) 623455 करोड़ रूपये

(c) 532345 करोड़ रूपये

(d) 443421 करोड़ रूपये

**141 राजस्थान बजट 2022-23 में 'चिरंजीवी योजना' में प्रति परिवार सालाना 5 लाख रूपए की चिकित्सा बीमा राशि को बढ़ाकर कितना कर दिया गया है -**

(a) 7 लाख रूपये

(b) 8 लाख रूपये

(c) 10 लाख रूपये

(d) 12 लाख रूपये

**142 भारत ने किस देश के साथ ईस्टर्न ब्रिज-VI वायु अभ्यास 2022 सफलतापूर्वक आयोजित किया है -**

(a) ईरान

(b) बांग्लादेश

(c) ओमान

(d) कतर

**विस्तृत व्याख्या :**

भारत-ओमान संयुक्त सैन्य अभ्यास सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। यह अभ्यास जोधपुर में वायुसेना केन्द्र में फरवरी की 21 तारीख से 25 तारीख तक हुआ। इसमें ओमान की रॉयल एयर फोर्स और भारतीय वायुसेना ने भाग लिया। दोनों देशों की वायु सेनाओं ने युद्ध तकनीकों और क्षमता का आदान-प्रदान किया।

143 वेदांत ने राजस्थान के किस जिले में एक कुएं में तेल की खोज की है -

(a) सिरोही

(b) बाड़मेर

(c) अलवाड़

(d) कोटा

**विस्तृत व्याख्या :**

वेदांता लिमिटेड केयर्न ऑयल एंड गैस ने राजस्थान के बाड़मेर जिले में तेल की खोज की है। कंपनी ने इस खोज के बारे में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय और हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय को सूचित किया है। यह तेल केयर्न ऑयल एंड गैस द्वारा एक ब्लॉक में खोजा गया था जो उन्हें ओपन एकरेज लाइसेंसिंग पॉलिसी (Open Acreage Licensing Policy – OALP) के तहत दिया गया था। ब्लॉक RJ-ONHP-2017/1 बाड़मेर जिले के चोहटन और गुडमलानी तहसील में स्थित है। यह ब्लॉक 542 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को कवर करता है और यह कंपनी के 41 ब्लॉकों में से एक था जिसे 2018 OALP-I दौर की बोली में आवंटित किया गया था। इस ब्लॉक में वेदांता का 100 फीसदी पार्टिसिपेटिंग इंटरेस्ट है। यह खोज तीसरी ऐसी खोज है जिसे कंपनी ने ओपन एकरेज लाइसेंसिंग पॉलिसी के तहत सूचित किया है। इस खोज को दिया गया नाम 'दुर्गा' है।

**144 संस्कृति और संसदीय मामलों के राज्य मंत्री द्वारा हाल ही में शुरू किया गया 'परामर्श 2022' किस तरह की परामर्श कार्यशाला है -**

(a) करियर

(b) घरेलू हिंसा के खिलाफ

(c) परिवार नियोजन

(d) देशभक्ति को बढ़ावा देना

**विस्तृत व्याख्या :**

संस्कृति और संसदीय कार्य राज्य मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल ने बीकानेर जिला क्षेत्र में स्कूली बच्चों के लिए 'परामर्श 2022' (Paramarsh 2022) करियर परामर्श कार्यशाला लांच की। इस कार्यशाला में बीकानेर जिले के एक हजार से अधिक स्कूलों के एक लाख छात्रों ने भाग लिया, जिनमें ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्रों के थे। इस कार्यशाला का आयोजन श्रम और रोजगार मंत्रालय के राष्ट्रीय करियर सेवा संस्थान (National Institute of Career Services – NICS) और एडुमाइलस्टोन्स (Edumilestones) नामक एक शैक्षिक स्टार्ट-अप की मदद से किया गया था।

**145 हाल ही में किस राज्य सरकार ने बजट में पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की घोषणा की है -**

(a) बिहार

(b) पंजाब

(c) तमिलनाडु

(d) राजस्थान

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान सरकार ने बजट में राज्य के कर्मचारियों को बड़ा तोहफा देते हुए पुरानी पेंशन योजना (Old Pension Scheme) को अगले साल से दोबारा शुरू करने का ऐलान

किया। राजस्थान के मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 1 जनवरी, 2004 के बाद से जितने भी कर्मचारियों की नियुक्ति हुई है, उन सभी को पुरानी पेंशन योजना के तहत लाभ मिलेगा। राजस्थान में पुरानी पेंशन योजना के तहत कर्मचारियों को जीपीएफ की सुविधा मिलती है। कर्मचारियों की पेंशन के लिए वेतन से कई कटौती नहीं होती।

**146 चार दिवसीय मारू उत्सव भारत के किस राज्य में शुरू हो गया है -**

(a) मध्य प्रदेश

(b) राजस्थान

(c) कर्नाटक

(d) केरल

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान में फरवरी के महीने में कई रंगीन त्योहार और मेले होते हैं। इनमें लोक नृत्य, संगीत, सांस्कृतिक विरासत और विभिन्न उत्सवों का आनंद लिया जाता है। विश्व प्रसिद्ध जैसलमेर डेजर्ट फेस्टिवल जिसे मरू उत्सव के रूप में भी जाना जाता है।

**147 सौभाग्य योजना के तहत किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश ने सौर विद्युतीकरण में शीर्ष स्थान हासिल किया है -**

(a) लद्दाख

(b) उत्तराखंड

(c) तेलंगाना

(d) राजस्थान

**विस्तृत व्याख्या :**

सौभाग्य योजना के तहत, राजस्थान में सौर-आधारित स्टैंडअलोन सिस्टम के माध्यम से विद्युतीकृत घरों की अधिकतम संख्या है।

**148 THDCIL ने किस राज्य में 10,000 मेगावाट की सौर परियोजनाएं स्थापित करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं -**

(a) उत्तर प्रदेश

(b) मध्य प्रदेश

(c) ओडिशा

(d) राजस्थान

**विस्तृत व्याख्या :**

सार्वजनिक क्षेत्र की टीएचडीसी इंडिया लि. ने राजस्थान में 10,000 मेगावॉट की सौर बिजली परियोजना लगाने के लिए समझौता किया है। इसमें 40,000 करोड़ रुपये का निवेश होने का अनुमान है। राज्य सरकार आरआरईसीएल (राजस्थान रिन्यूएबल एनर्जी कॉरपोरेशन लि.) के जरिये जमीन उपलब्ध कराएगी। नवीकरणीय ऊर्जा पार्क को संयुक्त उद्यम के तहत एक विशेष उद्देश्यीय कंपनी (एसपीवी) के माध्यम से स्थापित किया जाएगा। इसमें टीएचडीसी की 74 प्रतिशत और आरआरईसीएल की 26 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी।

**149 राजस्थान के कोटा चंबल रिवर फ्रंट पर स्थित करने हेतु कितने हजार किलो का सबसे बड़ा घंटा बनाया जा रहा है -**

(a) 72 हजार किलो

(b) 62 हजार किलो

(c) 52 हजार किलो

(d) 82 हजार किलो

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान के कोटा चंबल रिवर फ्रंट पर दुनिया की सबसे बड़ी घंटी (the biggest bell in the world) का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण के साथ ही गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में 3 रिकॉर्ड इसके नाम हो जाएंगे। इस घंटे की ज्वेलरी का वजन तकरीबन 25000 किलो है। वह भी घंटी के साथ ही कास्ट होगा। इस प्रकार इस घंटे का कुल वजन अब 82000 किलो होगा।

**150 बीसीसीआई अध्यक्ष एवं पूर्व क्रिकेटर सौरव गांगुली ने दुनिया के तीसरे एवं भारत के दूसरे सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला निम्न में से किस जगह रखी है -**

(a) जोधपुर

(b) भीलवाड़ा

(c) जयपुर

(d) उदयपुर

**विस्तृत व्याख्या :**

बीसीसीआई अध्यक्ष एवं पूर्व क्रिकेटर सौरव गांगुली ने दुनिया के तीसरे एवं भारत के दूसरे सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला जयपुर में रखी है। करीब 650 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस क्रिकेट स्टेडियम में एक साथ 75,000 दर्शकों के बैठने की क्षमता होगी। आपको बता दें कि दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम भी भारत में ही है। सबसे बड़ा स्टेडियम- नरेंद्र मोदी स्टेडियम अहमदाबाद में स्थित है। इसकी क्षमता 1.10 लाख दर्शकों के एकसाथ बैठने की है। दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में है। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड की क्षमता 90 हजार दर्शकों के बैठने की है। और अब जयपुर में बनने जा रहा आरसीए का ये स्टेडियम दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम होगा।

**151 एशिया का पहला शहतूत जीवाश्म हाल ही में किस भारतीय राज्य में खोजा गया था -**

(a) राजस्थान

(b) हरयाणा

(c) मणिपुर

(d) केरल

**विस्तृत व्याख्या :**

वैज्ञानिकों ने पश्चिमी राजस्थान में बीकानेर के पास गूढ़ा लिग्नाइट खदानों से शहतूत के एशिया के पहले जीवाश्म रिकॉर्ड का पता लगाया है।

**152 राजस्थान में घर से उपभोक्ता शिकायत दर्ज कराने के लिए कौनसा पोर्टल शुरू किया गया -**

(a) ई-शिकायत

(b) ई-दाखिल

(c) ई-सरकार

(d) ई-राजस्थान

**विस्तृत व्याख्या :**

28 जनवरी, 2022 को राजस्थान राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, जयपुर के अध्यक्ष न्यायाधिपति बनवारी लाल शर्मा ने 'ई-दाखिल पोर्टल' का उद्घाटन किया। अब प्रदेश में उपभोक्ता अपनी शिकायतों को उपभोक्ता आयोगों में ई-दाखिल के माध्यम से ऑनलाइन दर्ज करा सकेंगे।

**153 हाल ही में (जनवरी 2022) राजस्थान की मुख्य सचिव कौन बनी है -**

(a) नीलकमल

(b) वीणू गुप्ता

(c) ऊषा शर्मा

(d) शुभ्रा सिंह

**विस्तृत व्याख्या :**

भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की वरिष्ठ अधिकारी उषा शर्मा को राजस्थान का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि शर्मा 1985 बैच की वरिष्ठ आईएएस अधिकारी है। इससे पहले वह केन्द्रीय सचिव, युवा कार्यक्रम विभाग, महानिदेशक भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, केन्द्रीय अतिरिक्त सचिव प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग, आयुक्त उद्योग, जयपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त, जिला कलेक्टर (बूंदी व अजमेर) जैसे महत्वपूर्ण पदों पर सेवाएं दे चुकी हैं। शर्मा के पास राजस्थान राज्य खान व खनिज निगम लिमिटेड उदयपुर के अध्यक्ष पद का अतिरिक्त कार्यभार भी रहेगा। उल्लेखनीय है कि शर्मा राज्य की नौकरशाही के इस सर्वोच्च पद पर पहुंचने वाली दूसरी महिला अधिकारी हैं। इससे पहले 2009 में कुशल सिंह राज्य की पहली महिला मुख्य सचिव रह चुकी हैं। वर्तमान मुख्य सचिव निरंजन आर्य का कार्यकाल समाप्त हो गया। वहीं कार्मिक विभाग ने एक अन्य आदेश में आर्य को मुख्यमंत्री का सलाहकार नियुक्त करने की घोषणा की।

**154 पीएम वाणी योजना की शुरूआत राजस्थान में किस जिले से हुई है -**

(a) जयपुर

(b) जोधपुर

(c) बीकानेर

(d) प्रतापगढ़

**विस्तृत व्याख्या :**

केन्द्र सरकार की पीएम वाणी फ्री इंटरनेट योजना का शुभारंभ राजस्थान में प्रतापगढ़ जिले में हुआ। इस योजना से अब वाई-फाई के जरिए निःशुल्क इंटरनेट डेटा मिल सकेगा। Prime Minister Wi-fi Access Network Interface;PM-WANI)

**155 छाती की एक्स–रे छवियों का उपयोग करके COVID-19 निदान तकनीक किस भारतीय संस्थान का आविष्कार है -**

(a) आईआईटी दिल्ली

(b) आईआईटी रुड़की

(c) आईआईटी मद्रास

(d) आईआईटी जोधपुर

**विस्तृत व्याख्या :**

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर (IIT-J) के शोधकर्ताओं द्वारा हाल ही में एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) आधारित छाती एक्स-रे तकनीक विकसित की गई थी। इस चेस्ट एक्स-रे तकनीक का इस्तेमाल कोविड-19 की स्क्रीनिंग के लिए किया जाएगा। शोधकर्ताओं की टीम ने COMiT-Net नामक एक गहन शिक्षण-आधारित एल्गोरिथम प्रस्तावित किया है।

**156 राजस्थान सरकार द्वारा राज्य में प्रतियोगी परीक्षाओं को सुचारू रूप से आयोजित करने हेतु किसकी अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है -**

(a) विजय कुमार व्यास

(b) महेन्द्र लाल कुमावत

(c) हरिश जैन

(d) मनोज वर्मा

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान सरकार द्वारा न्यायमूर्ति(सेवानिवृत) श्री विजय कुमार व्यास की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है। श्री महेन्द्र लाल कुमावत पूर्व अध्यक्ष राजस्थान लोक सेवा आयोग इसके सदस्य हैं और प्रमुख शासन सचिव, कार्मिक विभाग इसके सदस्य सचिव होंगे।

**157 राजस्थान के सूरतगढ़ एयरबेस से मिग-21 उड़ाने वाली रफाल की पहली पायलट बनेगी -**

(a) अवनी चतुर्वेदी

(b) मोहना सिंह

(c) सुहाना सिंह

(d) शिवांगी सिंह

**विस्तृत व्याख्या :**

शिवांगी सिंह भारत की पहली महिला राफेल पायलट हैं। वह गणतंत्र दिवस समारोह में भारतीय वायु सेना की झांकी का हिस्सा थी। राजस्थान के झुंझुनू की मोहना सिंह राजस्थान की पहली महिला फाइटर पायलट हैं। देश की पहली महिला फाइटर पायलट अवनी चतुर्वेदी मध्य प्रदेश से हैं। भावना कंठ भारतीय वायु की झांकी में भाग लेने वाली पहली महिला पायलट थी।

**158 राजस्थान में 100 प्रतिशत टीकाकरण करने वाला पहला जिला कौनसा बना है -**

(a) प्रतापगढ़

(b) भीलवाड़ा

(c) उदयपुर

(d) हनुमानगढ़

**159 प्रदेश का ऑपरेशन क्लीन स्वीप किससे संबंधित है -**

(a) अपराध रोकथाम

(b) मादक पदार्थों की तस्करी

(c) अवैध हथियार

(d) स्वछता अभियान

**विस्तृत व्याख्या :**

जयपुर शहर में 'ऑपरेशन क्लीन स्वीप' के अन्तर्गत नशीले एवं मादक पदार्थों की सप्लाई एवं बिक्री करने वालों के विरूद्ध पुख्ता कार्यवाही व धरपकड़ की जा रही है।

**160 हाल ही में कलराज मिश्र के सलाहकार मंडल में किसको मनोनित किया गया -**

(a) पृथ्वीराज सिंह

(b) रामनारायण सिंह

(c) कपिल सिंह

(d) लक्ष्यराज सिंह मेवाड़

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के सदस्य और एचआरएच ग्रुप ऑफ होटल्स के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ को अपने सलाहकार मंडल में सदस्य मनोनीत किया है।



राजस्थान क्लासेज आदर्श कुमावत

**161 खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए राजस्थान के किस व्यक्ति को पदम श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया -**

(a) वंदना कटारिया

(b) स्मृति मंधाना

(c) अवनि लेखरा

(d) देवेंद्र झाझड़िया

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान से तीन व्यक्तियों अवनी लेखरा को खेल और चंद्र प्रकाश द्विवेदी व रामदयाल शर्मा को कला के क्षेत्र में पद्म श्री से सम्मानित किया गया है।

**162 सिविल सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए राजस्थान के किस व्यक्ति को पदम भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया -**

(a) श्याम लाल मीणा

(b) चंद्रप्रकाश द्विवेदी

(c) राजीव महर्षि

(d) मोहन भागवत

**विस्तृत व्याख्या :**

25 जनवरी, 2022 को 73वे गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति ने वर्ष 2022 के लिये 128 पद्म पुरस्कारों की घोषणा की। राजस्थान के 5 व्यक्ति इन पुरस्कारों की सूची में शामिल हैं। राजस्थान से दो व्यक्तियों देवेंद्र झाझड़िया को खेल में और राजीव महर्षि को सिविल सेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। राजस्थान से तीन व्यक्तियों अवनी लेखरा को खेल और चंद्र प्रकाश द्विवेदी व रामदयाल शर्मा को कला के क्षेत्र में पद्म श्री से सम्मानित किया गया है। पद्म पुरस्कार देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान हैं, जिन्हें तीन श्रेणियों में प्रदान किया जाता है। इन तीन श्रेणियों में पद्म विभूषण, पद्मभूषण और पद्मश्री शामिल हैं।

**163 राजस्थान में बार्डर टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए बीएसएफ के द्वारा कौंनसे प्रोजेक्ट के तहत तनोट क्षेत्र को विकसित किया जाएगा -**

(a) स्वदेश दर्शन प्रोजेक्ट

(b) मिशन शक्ति प्रोजेक्ट

(c) सीमा दर्शन प्रोजेक्ट

(d) शक्ति सीमा दर्शन प्रोजेक्ट

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान के जैसलमेर बॉर्डर पर मौजूद तनोट माता मंदिर की महिमा और शौर्य गाथा किसी से छिपी नहीं है। पाकिस्तान से 1965 की जंग में देश की जीत का गवाह यह मंदिर जल्द ही पर्यटन का बड़ा केंद्र बनने वाला है। बीएसएफ के अधिकारियों के अनुसार सीमावर्ती क्षेत्र में इस मंदिर के लिए 22 करोड़ का सीमा शक्ति दर्शन प्रोजेक्ट शुरू किया जा रहा है। इससे न केवल मंदिर में सात अलग-अलग पर्यटन साइट विकसित की जाएंगी बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

**164 राजस्थान के किस शहर में संविधान पार्क का निर्माण किया जायेगा -**

(a) जयपुर

(b) अलवर

(c) भरतपुर

(d) बीकानेर

**विस्तृत व्याख्या :**

राज्यपाल कलराज मिश्र ने जयपुर में संविधान पार्क का शिलान्यास किया।

**165 राजस्थान परिवहन विभाग ने सवाई मानसिंह चिकित्सालय, ट्रोमा सेंटर में उपलब्ध चिकित्सा सुविधा से आमजन का परिचय करवाने के लिए किस नाम से डॉक्यूमेंट्री लॉन्च की है -**

(a) आमजन और चिकित्सा

(b) हर जीवन अनमोल है

(c) चिकित्सा सुविधा और परिवहन

(d) हम और चिकित्सा

**विस्तृत व्याख्या :**

30 जनवरी, 2022 को राजस्थान के परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग के आयुक्त महेंद्र सोनी ने परिवहन भवन में सवाई मानसिंह चिकित्सालय, ट्रॉमा सेंटर में उपलब्ध अंतर्राष्ट्रीय स्तर की चिकित्सकीय सुविधाओं से आमजन को परिचित कराने के लिये बनाई गई डॉक्यूमेंट्री 'हर जीवन अनमोल है' को रिलीज किया। इस डॉक्यूमेंट्री का लेखन और निर्देशन ट्रॉमा सेंटर के नोडल अधिकारी व वरिष्ठ आचार्य, अस्थि रोग डॉ. अनुराग धाकड़ ने किया है। डॉक्यूमेंट्री में आवाज भी उन्होंने ही दी है। 5 मिनट की डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से आमजन मरीज के ट्रॉमा सेंटर में पहुँचने से लेकर प्राथमिक उपचार, ऑपरेशन, गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में उपलब्ध सुविधाओं के बारे जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

**166 राजस्थान के किस शहर से कृषि उपकरण कस्टम हायरिंग केंद्रों का शुभारंभ किया गया है -**

(a) जयपुर

(b) जोधपुर

(c) भीलवाड़ा

(d) नाथद्वारा

**विस्तृत व्याख्या :**

28 जनवरी, 2022 को राजस्थान के विधानसभा अध्यक्ष सी.पी.जोशी एवं सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने राजसमंद के नाथद्वारा में उदयपुर सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लि. उदयपुर कार्यक्षेत्र के अंतर्गत राजसमंद ज़िले की 18 चयनित समितियों को कृषि उपकरण हस्तांतरित कर कस्टम हायरिंग केंद्रों का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने प्रत्येक ग्राम पंचायत में सहकारी समिति खोलने के संबंध में कार्यवाही का आश्वासन दिया तथा वर्तमान में नई समितियों के गठन हेतु हिस्सा पूंजी को 5 लाख रुपए से घटाकर 3 लाख रुपए करने का भरोसा दिया। मुख्यमंत्री बजट घोषणा वर्ष 2021-22 के तहत राज्य की ग्राम सेवा सहकारी समितियों में कस्टम हायरिंग सेंटर की स्थापना कर 10 लाख रुपए तक के कृषि उपकरण खरीद कर समिति कार्यक्षेत्र के किसानों को उन्नत कृषि यंत्र किराए पर देने के प्रावधान किये गए हैं।

**167 हाल ही में खबरों में रहे फादर ऑफ ब्लू पॉटरी किसे कहा जाता है -**

(a) रामननारायण चौधरी

(b) कृपाल सिंह

(c) राजकुमार राव

(d) विजयदान वर्मा

**विस्तृत व्याख्या :**

कृपाल सिंह शेखावत मऊ शिखर ब्लू पॉटरी के जादूगर थे। उन्होंने 25 रंगों का प्रयोग कर नई शैली बनाई, जिसे 'कृपाल शैली' कहते हैं। इसके लिए उन्हें 1974 में पद्मश्री एवं 1980 में कलाविद की उपाधि दी गई। 2002 में उन्हें भारत सरकार ने शिल्प गुरु की उपाधि से सम्मानित किया।

**168 2019 की तुलना में हाल ही में जारी 17वीं वन रिपोर्ट 2021 में राजस्थान में कुल वनावरण कितना बढ़ा है -**

(a) 10 वर्ग किमी.

(b) 25 वर्ग किमी.

(c) 37 वर्ग किमी.

(d) 50 वर्ग किमी.

**विस्तृत व्याख्या :**

वन रिपोर्ट 2021 के अनुसार राजस्थ्ज्ञान में कुल वनावरण 16654.96 वर्ग किमी. है जबकि 2019 में यह 16629.51 वर्ग किमी. था। इस प्रकार 2019 की तुलना में 25 वर्ग किमी. की वृद्धि हुई है यानि 0.01 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

**169 निम्न में से राजस्थान से किसे 2022 और 2021 के प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया -**

(a) गौरी माहेश्वरी एवं अरविंद

(b) राधिका जैन एवं अंगद कुमार

(c) सुमन विश्नोई एवं आनंद

(d) गौरी माहेश्वरी एवं आनंद

**विस्तृत व्याख्या :**

24 जनवरी, 2022 को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में एक वर्चुअल समारोह में देश के 61 बच्चों को वर्ष 2021 एवं 2022 के प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया, जिसमे राजस्थान की गौरी माहेश्वरी(अजमेर) एवं आनंद(जोधपुर) शामिल हैं। पीएमआरबीपी पुरस्कार विजेता हर साल गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेते हैं। प्रत्येक पुरस्कार विजेता को एक पदक, एक लाख रुपए का नकद पुरस्कार और एक प्रमाण-पत्र दिया जाता है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2022 में राजस्थान की गौरी माहेश्वरी को कला और संस्कृति श्रेणी में राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। वहीं आनंद को शैक्षिक श्रेणी में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार- 2021 से सम्मानित किया गया।

**170 'स्वस्थ बेटी अभियान' की शुरूआत राजस्थान के किस जिले से की गई है -**

(a) जयपुर

(b) भरतपुर

(c) भीलवाड़ा

(d) अलवर

**विस्तृत व्याख्या :**

24 जनवरी, 2022 को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर राजस्थान की उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री शकुंतला रावत ने अलवर जिले के बानसूर में 'स्वस्थ बेटी अभियान' की शुरुआत की। शकुंतला रावत ने इस अवसर पर कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में बेटियों के लिये अनेक योजनाएँ चलाई जा रही हैं। 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ', 'उड़ान योजना', 'मुख्यमंत्री कन्यादान योजना' और 'मुख्यमंत्री राजश्री योजना' से समाज के हर वर्ग में बेटियों को सम्मान मिला है। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री ने इस अवसर पर अस्पताल में नवजात बालिका शिशुओं को न्यू बेबी बोर्न किट एवं माताओं को बधाई संदेश पत्र दिया और जनजागरूकता अभियान की पालना में मास्क एवं सेनीटाइजर का वितरण किया। इसके साथ ही उन्होंने 'स्वस्थ बेटी अभियान' को आगे बढ़ाने हेतु अस्पताल प्रशासन व्यवस्था को दुरुस्त रखने एवं उचित साफ-सफाई रखने के निर्देश दिये।

**171 राजस्थान में कितने जिलों में संचालित पेयजल जांच प्रयोगशालाओं को 'एनएबीएल एक्रीडिशन' प्रमाणीकरण मिला है -**

(a) 22 जिलों

(b) 24 जिलों

(c) 28 जिलों

(d) सभी जिलों

**विस्तृत व्याख्या :**

17 जनवरी, 2022 को राजस्थान के जलदाय मंत्री डॉ. महेश जोशी ने बताया कि जन-स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) के तहत प्रदेश में पेयजल गुणवत्ता जाँच के लिये समस्त ज़िलों में संचालित पेयजल गुणवत्ता जाँच प्रयोगशालाओं को 'एनएबीएल एक्रीडिशन' प्रमाणीकरण मिल गया है। पीएचईडी में राजधानी जयपुर में मुख्यालय पर राज्यस्तरीय पेयजल गुणवत्ता जाँच प्रयोगशाला स्थापित है, इसके अलावा अन्य 32 ज़िलों में ज़िलास्तरीय प्रयोगशालाएँ चलाई जा रही हैं। अब इन सभी 33 प्रयोगशालाओं को राष्ट्रीय स्तर की स्वतंत्र संस्था 'नेशनल एक्रीडिशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड केलिब्रेशन लेबोरेट्रीज'(एनएबीएल) से प्रमाणीकरण मिल गया है। देश में एनएबीएल जाँच प्रयोगशालाओं के प्रमाणीकरण के लिये राष्ट्रीय स्तर की एक स्वतंत्र संस्था है। इसके द्वारा आईएसओ/आईईसी:17025 के तहत परीक्षण प्रयोगशालाओं को एनएबीएल प्रमाणीकरण दिया जाता है। यह संस्था भारत सरकार में 'क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया'के तहत स्थापित है, जो लेबोरेट्रीज के 'एनएबीएल एक्रीडिशन'के लिये थर्ड पार्टी एजेंसी के रूप में प्रयोगशालाओं की लीगल आईडेंटिटी, इसमें कार्यरत् मानव श्रम की संख्या के साथ ही उनकी योग्यता और अनुभव, उपकरणों के समयबद्ध केलिब्रेशन (जाँच में दक्षता की परख) आदि बिंदुओं के आधार पर 'परफॉरमेंस ऑडिट'के बाद प्रमाणीकरण करती है। प्रदेश में जल जीवन मिशन (जेजेएम) के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में वर्ष 2024 तक सभी परिवारों को 'हर घर जल'कनेक्शन उपलब्ध कराने के साथ ही वाटर क्वालिटी मॉनिटरिंग एंड सर्विलियंस (डब्ल्यूक्यूएमएस) प्रोग्राम में पेयजल गुणवत्ता की दृष्टि से प्रदेश में चालू वित्तीय वर्ष में 102 नई ब्लॉकस्तरीय पेयजल गुणवत्ता जाँच प्रयोगशालाएँ भी स्थापित की जाएंगी।

**172 हाल ही में राज्यस्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस के कौनसा से संस्करण का वर्चुअल आयोजन किया गया -**

(a) 12वें

(b) 22वें

(c) 29वें

(d) 35वें

**विस्तृत व्याख्या :**

18 जनवरी, 2022 को राजस्थान की विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जाहिदा खान ने 29वीं राज्यस्तरीय बाल विज्ञान कॉन्ग्रेस का वर्चुअल उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने वर्चुअल स्पेस एवं साइंस क्लब तथा 28 फरवरी को आयोजित होने वाले राजस्थान साइंस लिटरेचर फेस्टिवल के लोगो का भी अनावरण किया। इस अवसर पर जाहिदा खान ने कहा कि विभाग द्वारा बजट 2020-21 की अनुपालना में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक गतिविधियों के लिये साइंस एंड स्पेस क्लब एवं एस्टेरॉयड खोज अभियान चलाया गया है। साथ ही राज्य में वैज्ञानिक तकनीक को बढ़ावा देने एवं वैज्ञानिक शोधों को प्रोत्साहित करने के लिये स्टेट आईपीआर पॉलिसी भी जारी की गई है।

**173 हाल ही में राजस्थान के पशुपालन मंत्री लालचंद कटारिया ने किस स्थान पर 16वें पशु विज्ञान केंद्र का शिलान्यास किया -**

(a) जोबनेर, जयपुर

(b) लालगढ़, बीकानेर

(c) फलौदी, जोधपुर

(d) जैतसर, श्रीगंगानगर

**विस्तृत व्याख्या :**

19 जनवरी, 2022 को राजस्थान के कृषि एवं पशुपालन मंत्री लालचंद कटारिया ने जोबनेर (जयपुर) में वेटरनरी विश्वविद्यालय के 16वें पशु विज्ञान केंद्र का शिलान्यास किया। इस अवसर पर मंत्री कटारिया ने कहा कि पशुपालन के क्षेत्र में ऐसी तकनीकें विकसित हों, जिनसे देशी गोवंश व अन्य पशुओं की उत्पादन क्षमता में वृद्धि हो सके तथा युवा इससे प्रेरणा लेकर इसे स्वरोज़गार के रूप में अपना सकें। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सतीश के. गर्ग ने कहा कि वेटरनरी विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित पशु विज्ञान केंद्रों के माध्यम से पशुपालकों को पशुपालन की वैज्ञानिक तकनीकों एवं नवाचारों से अवगत कराया जाता है। विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों को आयोजित कर पशुपालकों का कौशल विकास किया जा रहा है। इस नवीन पशु विज्ञान केंद्र के खुलने से इस क्षेत्र के किसानों व पशुपालकों को सीधा लाभ मिल सकेगा, जो कि इनके आर्थिक उत्थान में सहायक सिद्ध होगा। उल्लेखनीय है कि राज्य में पशुपालन विकास एवं पशुपालकों के कल्याण को देखते हुए मुख्यमंत्री ने वर्ष 2021-22 की बजट घोषणा में जोबनेर में पशु विज्ञान केंद्र खोलने की घोषणा की थी।

**174 राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किस शहर में किया जायेगा -**

(a) जयपुर

(b) उदयपुर

(c) अलवर

(d) जोधपुर

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (रिफ) का आठवां संस्करण 25 से 30 मार्च 2022 को जोधपुर में होगा।

**175 यूनेस्को की वल्ड टीन पार्लियामेंट में चयनीत अन्नपूर्णा का संबंध राजस्थान के किस जिले से है -**

(a) जयपुर

(b) जोधपुर

(c) उदयपुर

(d) बीकानेर

**विस्तृत व्याख्या :**

उदयपुर के लुंडा गांव की रहने वाली 17 वर्षीय अन्नपूर्णा कृष्णावत को यूनेस्को (UNESCO) की वर्ल्ड टीन पार्लियामेंट (World Teen Parliament) में एक प्रभावशाली सांसद के रूप में चुना गया है।

**176 पोकरमल राजरानी गोयल स्मृति राजस्थानी कथा साहित्य पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया है -**

(a) रीना मेनारिया

(b) सुधा ा चंद्र

(c) राजेश श्योराण

(d) मनोज मिश्रा

**विस्तृत व्याख्या :**

बीकानेर की मुक्ति संस्था के द्वारा पहला पोकरमल राजरानी गोयल स्मृति राजस्थानी कथा साहित्य पुरस्कार उदयपुर की रीना मेनारिया को उपन्यास 'नटणी री नौपत' के लिए दिया गया है।

**177 गुजरात के सर्वोच्च साहित्य काग पुरस्कार से राजस्थान के कौन से साहित्यकार को सम्मानित किया गया है -**

(a) हिमांशु शर्मा

(b) अर्जुन सिंह शेखावत

(c) रावत सिंह वर्मा

(d) नाहर सिंह जसोल

**विस्तृत व्याख्या :**

नाहर सिंह जसोल बाड़मेर जिले से हैं। इसके अलावा पंजाब कला साहित्य अकादमी अवार्ड 2021 चेतन चौधरी को दिया गया और कमला देव पहाड़िया पुरस्कार संतोष चौधरी को उपन्यास 'रात पाछे परभात' के लिए दिया गया।

**178 प्रदेश में मादक पदार्थो की तस्करी रोकथाम के लिए कौनसा अभियान चलाया जा रहा है -**

(a) ऑपरेशन सर्द हवा

(b) ऑपरेशन फ्लैशआउट

(c) ऑपरेशन डिकाॅय

(d) ऑपरेशन ड्रगआउट

**विस्तृत व्याख्या :**

इस के अभियान के जरिए पुलिस अवैध नशीले पदार्थ से जुड़े लोगों पर कार्रवाई कर रही है।

**179 22 जनवरी से 28 जनवरी के बीच ऑपरेशन सर्द हवा किस बल द्वारा चलाया गया -**

(a) BSF

(b) CRPF

(c) CISF

(d) ITBP

**विस्तृत व्याख्या :**

BSF (Border Security Force) ने ऑपरेशन सर्द हवा शुरू किया। इस ऑपरेशन के तहत BSF ने पाकिस्तान सीमा पर चौकसी बढ़ा दी है। यह आमतौर पर राजस्थान की सीमा में लॉन्च किया जाता है, खासकर जैसलमेर क्षेत्र में। यह एक नियमित वार्षिक अभ्यास है। इसे जनवरी के महीने में लॉन्च किया जाता है। 'ऑपरेशन सर्द हवा' सर्दियों के दौरान और 'ऑपरेशन गर्म हवा' गर्मियों के दौरान आयोजित किया जाता है।

**180 हाल ही में 19 जनवरी को महारणा प्रताप की पुण्यतिथि मनाई गई, इनकी मृत्यु कब हुई थी -**

(a) 1597

(b) 1567

(c) 1579

(d) 1584

**विस्तृत व्याख्या :**

महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई, 1540 ईस्वी को राजस्थान के कुंभलगढ़ दुर्ग में हुआ था। महाराणा प्रताप की जयंती विक्रमी संवत कैलेंडर के अनुसार प्रतिवर्ष ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष तृतीया को भी मनाई जाती है।

**181 राजस्थान के 5 मुख्यमंत्रियों के प्रेस अटैची रहे जाने माने लेखक, कवि जिनका हाल ही (जनवरी 2022) में निधन हो गया -**

(a) प्रमोद तिवारी

(b) रामअवतार सोलंकी

(c) श्याम कुमार

(d) मेघराज श्रीमाली

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान में पत्रकार, कवि, लेखक और राज्य के पांच मुख्यमंत्रियों के प्रेस अटैची रहे मेघराज श्रीमाली का निधन हो गया। श्री श्रीमाली का जन्म बीकानेर में हुआ और बीकानेर के डूंगर कॉलेज से स्नातक की शिक्षा प्राप्त की।तीन साल पूर्व उनका एक कविता संग्रह 'फिर कविता का रूप बदलता' भी प्रकाशित हुआ था। उन्होंने अपने जीवन की शुरुआत एक स्वतंत्र पत्रकार के रूप में साप्ताहिक पत्र 'ज्वाला' से की थी जो 1960-70 के दशक में तीखी राजनीतिक टिप्पणियों और सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध अभियान के रूप में जाना जाता था।

**182 500 किलो कोबाल्ट 60 का निर्यात किस देश को राजस्थान के रावतभाटा से किया जाएगा -**

(a) मलेशिया

(b) सिंगापुर

(c) फिलिपिंस

(d) श्रीलंका

**विस्तृत व्याख्या :**

रावतभाटा से मलेशिया को 500 किलो क्यूरी का कोबाल्ट 60 दिया गया है। आने वाले दिनों में 2000 किलो क्यूरी कोबाल्ट सोर्स कनाडा भी जाएगा।

**183 राजस्थान का सबसे बड़ा बर्ड फेस्टिवल कहां पर आयोजीत होगा -**

(a) भालोजी, जयपुर

(b) मंडावा, झुंझुनू

(c) मेनार, उदयपुर

(d) सांखलिया, जोधपुर

**184 अब तक का सबसे बड़ा युद्धाभ्यास वायु शक्ति 2022 का आयोजन कहां पर होगा -**

(a) पोकरण रेंज

(b) फलोदी रेंज

(c) महाजन रेंज

(d) बालोतरा रेंज

**विस्तृत व्याख्या :**

पाकिस्तान सीमा के निकट राजस्थान के जैसलमेर जिले में स्थित पोखरण फायरिंग रेंज में भारतीय वायुसेना अब तक का सबसे बड़ा युद्धाभ्यास करेगी। मिग-21 बाइसन लड़ाकू विमान की उड़ान के साथ पहली बार आपरेशन वायुशक्ति महिला पायलट शौर्य दिखाएगी। वायुसेना में अब तक 10 महिला पायलट लड़ाकू भूमिका में शामिल हो चुकी है। तीन साल में एक बार होने वाला वायुशक्ति युद्धाभ्यास इस बार 10 से 12 फरवरी तक होगा।

**185 नागौर जिले के पूर्व कलेक्टर जिनको राजस्थान सरकार ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन का निर्देशक बनाया गया है -**

(a) जितेंद्र कुमार सैनी

(b) अरविंद मीणा

(c) विनोश कुमार स्वामी

(d) राजेश पुरोहित

**186 वक्फ बोर्ड के लगातार दूसरी बार चेयरमैन चुन जाने वाले एकमात्र अध्यक्ष बन गए हैं -**

(a) साले मुहम्मद

(b) इमरान खान

(c) खाजू खान बुधवाली

(d) लियाकत अली

**विस्तृत व्याख्या :**

वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष को राज्य सरकार राज्यमंत्री का दर्जा देती है। वक्फ एक्ट 1995 में लागू हुआ।

**187 ............ फेंसिंग वर्ल्ड कप 2022 में राजस्थान से भाग लेने वाले एकमात्र व्यक्ति हैं -**

(a) अनिल कुमार

(b) अरूण यादव

(c) सुनील जाखड़

(d) जीडी वशिष्ठ

**विस्तृत व्याख्या :**

झुन्झुनू जिले के सुनील जाखड़ इससे पहले नेशनल चैंम्पियनशिप में पांच गोल्ड मेडल जीत चुके हैं। फिलहाल वह भारतीय सेना की राजपूताना राइफल में तैनात हैं।

**188 पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान सरकार कौनसी नदी पर क्रूज शिप चलाने की तैयारी कर रही है -**

(a) बनास

(b) चंबल

(c) माही

(d) कालीसिंध

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान सरकार पर्यटन के विकास एवं रोजगार सृजन के लिए चंबल नदी पर क्रूज शिप तथा अन्य बड़ी झीलों, तालाबों पर हाऊस बोट संचालन की तैयारी कर रही है। राजस्थान पर्यटन विभाग की ब्रांड एम्बेसडर करिश्मा हाडा हैं।

**189 राजस्थान के किस जिले में खादी से बने विश्व के सबसे बड़े राष्ट्रीय ध्वन को प्रदर्शित किया गया था -**

(a) जोधपुर

(b) जयपुर

(c) बीकानेर

(d) जैसलमेर

**विस्तृत व्याख्या :**

74वें सेना दिवस के अवसर पर भारत-पाकिस्तान सीमा पर राजस्थान के लोंगेवाला में खादी से बना विश्व का सबसे बड़ा राष्ट्रीय ध्वज प्रदर्शित किया गया। जैसलमेर का लोंगेवाला क्षेत्र वर्ष 1971 में भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध का मुख्य केंद्र रहा था।

**190 केंद्र सरकार के स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अंतर्गत राजस्थान के कितने पेलेस को आईका ॅन पेलेस के रूप में चुना गया है -**

(a) 1

(b) 2

(c) 3

(d) 4

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान के 4 स्थान शामिल है - 1. कुम्भलगढ़, राजसमंद 2. अजमेर दरगाह 3. रामदेवरा 4. जैसलमेर का किला।

**191 प्रदेश में कहां पर पहला स्किन बैंक खोला जा रहा है -**

(a) कोटा

(b) जयपुर

(c) जोधपुर

(d) बीकानेर

**विस्तृत व्याख्या :**

स्किन बैंक एसएमएस अस्पताल में खुलेगा। इसमें 6 माह से 3 साल तक त्वचा सुरक्षित रह सकती है। इसके अलावा सीमन बैंक बस्सी, जयपुर में है। बाॅन बैंक कोटा में है। मास्क बैंक बीकानेर में है। प्लाज्मा बैंक, जयपुर और कोटा में है। मिल्क बैंक जयपुर और बीकानेर में है। स्वांस बैंक जोधपुर में है। टाॅय बैंक अजमेर में है। गोमुत्र बैंक सांचैर, जालोर में है। अनाज बैंक गंगानगर में है। कैथ लैब जोधपुर में है।

192 राजस्थान के किस शहर में एनआईए (राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण) का थाना खोला जायेगा -

(a) जयपुर

(b) जोधपुर

(c) बीकानेर

(d) श्री गंगानगर

**विस्तृत व्याख्या :**

जयपुर में एनआईए (राष्ट्रीय अन्वेशन अभिकरण) का थाना खुलने जा रहा है। इसके लिए केंद्रीय वित्त विभाग ने स्वीकृति दे दी है। ये थाने जयपुर, भोपाल, पटना, अहमदाबाद सहित छह जगह खुलने हैं।

**193 राजस्थान में तीसरा पुलिस कमिश्नरेट किस शहर में बनेगा -**

(a) बीकानेर

(b) कोटा

(c) भीलवाड़ा

(d) उदयपुर

**विस्तृत व्याख्या :**

नई 8वीं पुलिस रेंज अलवर के भिवाड़ी में खुलेगी। राजस्थान का पहला महिला और पर्यटन थाना जयपुर में खोला गया था। जबकि साइबर थाने जयपुर और जोधपुर में हैं। पहला पानी चोरी रोकने वाला थाना नोहर, हनुमानगढ़ में खोला गया। राजस्थान के जालौर की रहने वाली 24 वर्षीय गंगा कुमारी राज्य की पहली ऐसी ट्रांसजेण्डर हैं, जो पुलिस काॅन्स्टेबल के रूप में नियुक्त हुई हैं। आॅपरेशन संजय का संबंध जैल में फाइलों को आॅनलाइन करने से है।

**194 39वीं राष्ट्रीय जूनियर साॅफ्टबाॅल चैंपियनशिप में राजस्थान ने कौनसा पदक जीता -**

(a) स्वर्ण

(b) रजत

(c) कांस्य

(d) कोई पदक नहीं

**विस्तृत व्याख्या :**

विशाखापट्टनम में आयोजित 39वीं राष्ट्रीय जुनियर साॅफ्बाॅल चैंपियनशिप के खिताबी मुकाबले में राजस्थान को आंध्र प्रदेश से 1-2 से हारकर रजत से संतोष करना पड़ा।

**195 महिला हाॅकी एशिया कप के लिए सविता पुनिया को भारतीय टीम का कप्तान बनाया गया है, सविता राजस्थान के कौन से जिले से है -**

(a) जयपुर

(b) जोधपुर

(c) हनुमानगढ़

(d) बीकानेर

**विस्तृत व्याख्या :**

महिला हॉकी टीम की गोलकीपर सविता पूनियां का संबंध राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले के झांसल सेहै। सविता का परिवार करीब बीस वर्ष पहले हरियाणा के सिरसा में रहने लगा था।

196 राजस्थान देश का कितने प्रतिशत सरसों का उत्पादन करता है -

(a) 20 प्रतिशत

(b) 30 प्रतिशत

(c) 40 प्रतिशत

(d) 50 प्रतिशत

उत्तर 40 प्रतिशत

197 राजस्थान सरकार ने तीन साल की उपलब्धियों पर किस विषय के तहत प्रदर्शनी का आयोजन किया -

(a) हमारा राजस्थान अनोखा राजस्थान

(b) हमारा प्रसार आपके साथ

(c) आपका विश्वास हमारा प्रयास

(d) आप और हम एक साथ

उत्तर आपका विश्वास हमारा प्रयास

**विस्तृत व्याख्या :**

11 जनवरी, 2022 को राजस्थान के सूचना एवं जनसंपर्क राज्यमंत्री एवं करौली ज़िला प्रभारी अशोक चांदना ने करौली के सूचना केंद्र के बाहर प्रदेश सरकार के कार्यकाल के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित ‘आपका विश्वास हमारा प्रयास’विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों द्वारा ज़िले में विभिन्न क्षेत्रों में किये गए विकास कार्यों को प्रदर्शित किया गया है। ज़िला प्रभारी मंत्री ने प्रदर्शनी के अवलोकन के पश्चात् ज़िले में विगत् तीन वर्षों में विभिन्न विभागों द्वारा फ्लैगशिप योजनाओं, बजट घोषणाओं से संबंधित कार्यों पर आधारित ज़िला दर्शन पुस्तिका का विमोचन भी किया।

**198 कर निर्धारण को अधिक सुगम बनाने एवं करापवंचन को रोकने के लिए राजस्थान के वाणिज्यिक विभाग ने किस पोर्टल का शुभारंभ किया है -**

(a) जी.एस.टी. एआई पोर्टल

(b) जी.एस.टी. आॅटोपे एडवान्स्ड पोर्टल

(c) जी.एस.टी. एडवान्स्ड ऐनालिटिक्स पोर्टल

(d) जी.एस.टी. राजस्थान पोर्टल

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान के वाणिज्यिक कर विभाग के मुख्य कर आयुक्त रवि जैन ने जी.एस.टी. एडवान्स्ड ऐनालिटिक्स पोर्टल का शुभारंभ किया। कर निर्धारण को अधिक सुगम बनाने एवं करापवंचन को रोकने में तकनीकी प्रयोग की पहल करते

हुए वाणिज्यिक कर विभाग की बिज़नेस इंटेलिजेंस यूनिट द्वारा एडवान्स्ड ऐनालिटिक्स पोर्टल बनाया गया है।

**199 वर्तमान (जनवरी 2022) में राजस्थान के पशुपालन मंत्री हैं -**

(a) लालचंद कटारिया

(b) बी. डी. कल्ला

(c) परसादी लाल मीणा

(d) उदय लाल आंजना

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान के शासन सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में वर्चुअली आयोजित राज्यस्तरीय पशुपालक सम्मान समारोह में राज्य के 405 प्रगतिशील पशुपालकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंत्री लालचंद कटारिया ने बबाई (खेतड़ी) में 10 करोड़ 27 लाख रुपए की लागत से तैयार नवीन डेयरी संयंत्र का भी लोकार्पण किया। राज्य स्तर पर कृषि एवं पशुपालन सम्मानित होने वाले 2 पशुपालकों को पचास-पचास हज़ार रुपए, ज़िला स्तर पर सम्मानित होने वाली सात महिला पशुपालकों सहित 68 पशुपालकों को पच्चीस-पच्चीस हज़ार रुपए तथा पंचायत समिति स्तर पर सम्मानित होने वाली 32 महिला पशुपालकों सहित 335 पशुपालकों को दस-दस हज़ार रुपए की राशि प्रोत्साहनस्वरूप प्रदान की गई है।

**200 राजस्थान के किस विभाग ने 'अंगदान-महादान' संदेश लिखी पतंगों का विमोचन किया -**

(a) चिकित्सा विभाग

(b) परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग

(c) शिक्षा विभाग

(d) ग्रामीण रोजगार विभाग

**विस्तृत व्याख्या :**

13 जनवरी, 2022 को राजस्थान के परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग आयुक्त महेंद्र सोनी ने 'अंगदान-महादान' संदेश लिखी पतंगों का विमोचन किया। अंगदान जागरूकता का संदेश देती ये पतंगें मोहन फाउंडेशन, जयपुर सिटीजन फोरम द्वारा तैयार की गई हैं। ये पतंगें मकर संक्रांति पर्व पर आसमां में चढ़ने के साथ-साथ लोगों को जागरूक भी करेंगी। महेंद्र सोनी ने कहा कि ड्राइविंग लाइसेंस के ज़रिये अंगदान की सहमति देने वालों के लाइसेंस पर 'हार्ट का साइन' और 'ऑर्गन डोनर' अंकित किया जाता है। इससे मृत्यु उपरांत परिजनों की सहमति से अंगदान की प्रक्रिया आसान हो जाती है। प्रदेशवासी ड्राइविंग लाइसेंस के साथ-साथ अन्य माध्यमों के जरिये भी अंगदान करने की सहमति प्रदान कर अपने जीवन को अनमोल बनाएँ।

**201 गांधी बधिर महाविद्यालय राजस्थान के किस शहर में है -**

(a) जयपुर

(b) जोधपुर

(c) बीकानेर

(d) भीलवाड़ा

**विस्तृत व्याख्या :**

15 जनवरी, 2022 को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वीडियों कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जोधपुर स्थित गांधी बधिर महाविद्यालय का शुभारंभ किया। 1982 में गठित जोधपुर बधिर कल्याण समिति द्वारा 1982 में ही मूक बधिर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से गाँधी बधिर विद्यालय की स्थापना की गई थी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पहले कार्यकाल में वर्ष 2002 में इस मूक बधिर

विद्यालय को सेकेंडरी स्कूल का दर्जा मिला। 2010 में उनके दूसरे कार्यकाल में यह सीनियर सेकेंडरी स्कूल बना। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने इस वर्ष बजट में इसे महाविद्यालय में क्रमोन्नत करने की घोषणा की थी। 15 जनवरी, 2022 को ही राजस्थान के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा और जल संसाधन मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीय ने ग्राम पंचायत बिडोली में राजकीय कन्या महाविद्यालय, रामगढ़ पचवारा(दौसा) के भवन का शिलान्यास किया।

**202 ऑपरेशन सेफर सिटी का संचालन किस शहर में किया जा रहा है -**

(a) बीकानेर

(b) जयपुर

(c) भीलवाड़ा

(d) उदयपुर

**विस्तृत व्याख्या :**

जयपुर कमिश्नरेट की निर्भया स्कवा ॅट द्वारा आॅपरेशन सेफर सिटी चलाया जा रहा है। इसके तहत पर्यटन स्थ्लों पर लड़कियों के फोटो और विडियो बनाने वालों पर कार्यवाही की जा रही है।

203 गौरव साहू का संबंध किस खेल से है -

(a) टेनिस

(b) हॉकी

(c) तलवार बाजी

(d) पॉवर लिफ्टिंग

**विस्तृत व्याख्या :**

तुर्की के इस्तांबुल शहर में आयोजित एशियन पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में उदयपुर के गौरव साहू ने स्वर्ण और रजत सहित कुल 10 पदक जीते।

204 राजस्थान के किस जिले में एमएसएमई टेक्नोलॅाजी पार्क विकसित किया जायेगा -

(a) उदयपुर

(b) जोधपुर

(c) बीकानेर

(d) दौसा

**विस्तृत व्याख्या :**

दौसा में सौ करोड़ रूपये की लागत से एमएसएमई टेक्नोला ॅजी पार्क विकसित किया जाएगा। इसके लिए जेडी ग्रुप ने राजस्थान सरकार से एमओयू किया है। इस पार्क से 5,000 युवाओं को आईटी और अन्य क्षेत्रों में रोजगार मिलेगा।

205 अनायना सिंघवी का संबंध किस नृत्य है -

(a) कालबेलिया

(b) भवई

(c) शंकरिया

(d) चरी

**विस्तृत व्याख्या :**

भवई नृत्य उदयपुर से संबंधित है। 15 वर्षीय अनायना सिंघवी कांच के टुकड़ों, ग्लास और तलवार की नोक पर खड़ी होकर सिर पर 8 से 10 मटके रखकर डांक करती है। अनायना सिंगापुर, दुबई, स्पेन और श्रीलंका जैसे देशों में

परफाॅर्म कर चुकी हैं। ये जयपुर रत्न और वुमन अचीवर्स सहित कई नेशनल अवार्ड से सम्मानित हो चुकीं हैं।

**206 राज्य की दूसरी जिनोम सीक्वेंसिंग लैब कहां शुरू होगी -**

(a) जोधपुर

(b) बीकानेर

(c) अजमेर

(d) उदयपुर

**विस्तृत व्याख्या :**

डाॅ. एसएन मेडिकल काॅलेज में जीनाॅम सिक्वेंसिंग मशीन आ गई है। प्रदेश के सरकारी मेडिकल काॅलेज में लगने वाली जीनोम सिक्वेंसिंग की मशीन जयपुर एसएमएस के बाद दूसरी जोधपुर मेडिकल कॉलेज में लगी है

207 देश की 100 स्मार्ट सिटीज में अजमेर का कौन सा स्थान प्राप्त हुआ है -

(a) 6वां

(b) 5वां

(c) 7वां

(d) 8वां

**विस्तृत व्याख्या :**

देशभर की स्मार्ट सिटी रैंकिंग में अजमेर ने अब तक की सर्वाधिक बेहतर रैंक हासिल करते हुए 100 स्मार्ट सिटी की सूची में टॉप-8 में जगह बनाई है।

208 मकानों की छत पर सोलर रूफटाॅप प्लांट लगाने में राजस्थान का देश में कौनसा स्थान है -

(a) प्रथम

(b) द्वितीय

(c) तृतीय

(d) चतुर्थ

**209 राज्य का पहला अल्ट्रा थर्मल पावर प्लांट कहां लगाया जा रहा है -**

(a) रानपुरा, कोटा,

(b) पूगल, बीकानेर

(c) दानपुरा, बांसवाड़ा

(d) मथानिया, जोधपुर

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान में अक्षय ऊर्जा उत्पादन में बढ़ोतरी के लिए 2400 मेगा वाट क्षमता का नया अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट बांसवाड़ा के दानपुर में बनने जा रहा है। इसमें तीन यूनिट है। हर यूनिट 800 मेगावाट की होगी। छबड़ा थर्मल पावर प्रोजेक्ट राजस्थान का पहला सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट है।

**210 प्रदेश के किस वन्य जीव अभ्यारण्य में पहली बार 5 अफ्रीकी चीते छोड़े जाएंगे -**

(a) मुकंदरा, कोटा

(b) शेरगढ़, बारां

(c) जमुवारामगढ़, जयपुर

(d) बंध बरेठा, भरतपुर

**विस्तृत व्याख्या :**

बारां के शेरगढ़ सेंचुरी में 5 अफ्रीकी चीते छोड़े जाएंगे। शेरगढ़ में परिस्थितियां जैसे घास के मैदान, प्रे-बेस आदि चीते के अनुकूल हैं।

**211 वायुसेना के विमानों के पाट्र्स की विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए राजस्थान के किस संस्थान ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं -**

(a) एमएनआईटी, जयपुर

(b) आईआईटी, जोधपुर

(c) राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, जयपुर

(d) इनोवेशन हब, जयपुर

**विस्तृत व्याख्या :**

**212 गुजरात के केवडीया की तर्ज पर थीम पार्क और वाटर स्पोर्ट्स की सौगात किस तालाब में दी गई है -**

(a) गिरधर तालाब, नाथद्वारा

(b) पिछोला, उदयपुर

(c) सिलीसेढ़, अलवर

(d) रामसागर, जयपुर

**213 24वें राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन में राजस्थान का ई-बिजनेस पोर्टल भारत में कौन से स्थान पर रहा -**

(a) प्रथम

(b) द्वितीय

(c) तृतीय

(d) चतुर्थ

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान सरकार के सभी विभागों और उनसे जुड़े बिजनेस स्टेकहोल्डर्स के बीच टू वे कम्यूनिकेशन के लिए ई-बिजनेस पोर्टल देश का पहला प्रयोग है।

**214 राजस्थान के किस स्थान पर चंडीगढ़ के रॉक गार्डन की तर्ज पर स्क्रैप गार्डन बनेगा -**

(a) रणपुर, कोटा

(b) सुरपुरा, जोधपुर

(c) नौखा, बीकानेर

(d) सांचौर, जालौर

**विस्तृत व्याख्या :**

जोधपुर के सुरपुरा में चंड़ीगढ़ के रॉक गार्डन की तर्ज पर स्क्रैप गार्डन बनाया जाएगा। जंगल थीम पर बनने वाले इस स्क्रैप गार्डन में लोडे के कबाड़ से वन्यजीवों की आकृतियों सहित विभिन्न कलाकृतियां बनेगी।

**215 नीति आयोग की डेल्टा रैंकिंग में राजस्थान का कौनसा जिला देश में शीर्ष पर रहा है -**

(a) जयपुर

(b) जोधपुर

(c) धौलपुर

(d) कोटा

**विस्तृत व्याख्या :**

नीति आयोग की आकांक्षी जिलों की ताजा रैंकिंग में स्वास्थ्य व पोषण मानकों के आधार पर राजस्थान का धौलपुर जिला देशभर में पहले स्थान पर है।

**216 पंजाब के नये डीजीपी कौन बने हैं -**

(a) वीके भावरा

(b) आनंद प्रसाद

(c) मोहित जैन

(d) सुरेश राणा

**विस्तृत व्याख्या :**

वीके भावरा मूलतः भरतपुर के बयाना से हैं।

**217 रोळी-मोळी पुस्तक के लेखक कौन है -**

(a) कमल किशोर पिपलवा

(b) आनंद कुमार स्वामी

(c) भरत राज वर्मा

(d) रामकृष्ण

**विस्तृत व्याख्या :**

'आखर पोथी' के अंतर्गत लेखक कमल किशोर पिपलवा की पुस्तक 'रोळी-मोळी' पर साहित्यक मंथन किया गया।

**218 ई कंटेंट को ऑनलाइन प्रदान करने के लिए ज्ञानदूत 2.0 की शुरूआत कब हुई -**

(a) 12 जनवरी से

(b) 10 जनवरी से

(c) 9 जनवरी से

(d) 5 जनवरी से

**विस्तृत व्याख्या :**

12 जनवरी, 2022 को राजस्थान के उच्च शिक्षा मंत्री राजेंद्र सिंह यादव ने स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर विद्यार्थियों की शैक्षणिक सहायता, मार्गदर्शन और परीक्षाओं की तैयारी के लिये विशेष सहायता कार्यक्रम 'ज्ञानदूत'के द्वितीय संस्करण 'ज्ञानदूत 2.0' का ऑनलाइन शुभारंभ किया।

**219 राजस्थान की किस खिलाड़ी को पैरालंपिक स्पोर्ट्स अवार्ड 2021 का सर्वश्रेष्ठ पदार्पण महिला खिलाड़ी से सम्मानित किया गया -**

(a) अवनी लेखरा

(b) वसुंधरा यादव

(c) अपूर्वी चंदेला

(d) भावना जाट

**विस्तृत व्याख्या :**

भारतीय निशानेबाज अवनि लेखरा को तोक्यो खेलों में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक जीतने के लिए 2021 पैरालंपिक पुरस्कारों में 'सर्वश्रेष्ठ महिला पदार्पण' सम्मान दिया गया। वर्ष 2012 में कार दुर्घटना में रीढ़ की हड्डी में चोट का सामना करने वाली जयपुर की 20 साल की अवनि ने तोक्यो पैरालंपिक की महिला 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था।उन्होंने पैरालंपिक रिकॉर्ड तोड़ने के अलावा विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की थी। अवनि ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्टैंडिंग एसएच1 स्पर्धा में भी कांस्य पदक जीता ओर खेलों के इतिहास में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं।

**220 खादी डिजाइनिंग काउंसिल ऑफ इंडिया की ओर से किसे राष्ट्रीय डिजाइनिंग पुरस्कार से सम्मानित किया गया है -**

(a) मोनिका बत्रा

(b) रविना सिहाग

(c) आरती पवार

(d) अनुपमा यादव

**विस्तृत व्याख्या :**

खादी डिजाइनिंग काउंसिल की ओर से जोधपुर की फैशन डिजाइनर आरती पवार को बेस्ट इंडो वेस्टर्न आॅफ द ईयर कैटेगरी में नेशनल डिजाइनर अवार्ड से सम्मानित किया गया।

**221 डीसीपी क्राइम जयपुर का पदभार किसने संभाला है -**

(a) वंदिता राणा

(b) लक्ष्मी चौहान

(c) मंजुला सिंह

(d) नैना सिंह

**222 8 जनवरी 2022 को राजस्थान विश्वविद्याल का कौन सा स्थापना दिवस मनाया गया -**

(a) 70वां

(b) 72वां

(c) 76वां

(d) 78वां

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान विश्वविद्याल जयपुर में है। इसका पुराना नाम राजपूताना युनिवर्सिटी था।

**223 जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल कौन सा संस्करण 14 मार्च से होगा -**

(a) 12वां

(b) 13वां

(c) 15वां

(d) 14वां

**विस्तृत व्याख्या :**

कोविड-19 के मद्देनजर जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के 15वें संस्करण को पुनर्योजित करने की घोषणा की है।

**224 उम्मेदगंज पक्षी विहार राजस्थान के किस जिले में है -**

(a) कोटा

(b) जयपुर

(c) जोधपुर

(d) भीलवाड़ा

**विस्तृत व्याख्या :**

हाड़ौती के एक मात्र उम्मेदगंज पक्षी विहार कंजर्वेश रिजर्व का राज्य सरकार की ओर से मैनेजमेंट प्लान स्वीकृत हो गया है। यह प्लान वर्ष 2021-22 से 2030-31 के लिए होगा। सेंट्रल गवर्नमेंट का सेंट्रल स्पोंसर्ड स्कीम सीएसएस के तहत अब इसके लिए बजट मिल सकेगा।

**225 किस बैंक की सहायता से राजस्थान के 29 सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम शुरू किये जायेंगे -**

(a) एचडीएफसी बैंक

(b) बैंक आॅफ बड़ौदा

(c) पंजाब नेशनल बैंक

(d) भारतीय स्टेट बैंक

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान सरकार एचडीएफसी बैंक के साथ मिलकर 29 सरकारी स्कूल में क्लासरूम को स्मार्ट क्लासरूम में बदलेगी।

**226 जल शक्ति मंत्रालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2020 में जल संरक्षण क प्रयासों के लिए किस राज्य को प्रथम पुरस्कार मिला -**

(a) राजस्थान

(b) बिहार

(c) उत्तर प्रदेश

(d) तमिलनाडु

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान को दूसरा और तमिलनाडु को तीसरा पुरस्कार मिला है। राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2018 में जल शक्ति मंत्रालय द्वारा इस पुरस्कार को शुरू किया गया।

**227 राजस्थान के किस जिले को 24वें राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया है -**

(a) जयपुर

(b) जोधपुर

(c) अजमेर

(d) नागौर

**विस्तृत व्याख्या :**

यह अवार्ड केंद्रीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी पृथ्वी विज्ञान, एटॉमिक एनर्जी, अंतरिक्ष विज्ञान तथा लोक शिकायत एवं पेंशन विभाग राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह व तेलंगाना के नगरीय निकाय, शहरी विकास उद्योग एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री के.टी. रामाराव तथा प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग, भारत सरकार के सचिव वी. श्रीनिवास ने ज़िला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी व उनकी टीम को हैदराबाद में आयोजित 24वीं राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में प्रदान किया। गौरतलब है कि यह राष्ट्रीय स्तर का ई-गवर्नेंस अवार्ड प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग, भारत सरकार द्वारा प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार देश के सभी 748 ज़िलों में ई-गवर्नेंस पर सबसे बेहतर कार्य करने वाले को दिया जाता है। इसके तहत चार चरणों में संपूर्ण परीक्षण के बाद एक जटिल प्रक्रिया से ज़िले का चयन किया जाता है। उल्लेखनीय है कि सिलिकोसिस रोग से पीड़ित लोगों को सरकार द्वारा प्रदत्त त्वरित सहायता राशि, पेंशन, पालनहार योजना व खाद्य सुरक्षा का लाभ दिये जाने को लेकर नागौर ज़िला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी की ओर से अभियान 'सिलिकोसिस केयर' चलाया गया। इसके तहत नागौर ज़िले में 2058 जीवित सिलिकोसिस मरीज़ों तथा 360 दिवंगत सिलिकोसिस मरीज़ों के परिजनों को सरकार द्वारा प्रदत्त विभिन्न योजनाओं का लाभ डिजिटल प्लेटफॉर्म पर एकल प्रारूप में डाटाबेस तैयार कर दिया गया।

228 राणा प्रताप सागर पन विद्युतगृह की कुल क्षमता है -

(a) 172 मेगावाट

(b) 100 मेगावाट

(c) 80 मेगावाट

(d) 49 मेगावाट

**विस्तृत व्याख्या :**

29 दिसंबर, 2021 को राजस्थान के राणा प्रताप सागर पन विद्युत गृह की 43 मेगावाट क्षमता की इकाई संख्या 1 को सिक्रोनाइज कर पुन: विद्युत उत्पादन शुरू कर दिया गया। पूर्ण क्षमता से संचालित होने पर इस इकाई से प्रतिदिन 10.32 लाख यूनिट विद्युत उत्पादन किया जायेगा। गौरतलब है कि राजस्थान एवं मध्य प्रदेश राज्यों की साझा चंबल घाटी परियोजना के अंतर्गत वर्ष 1968 में चंबल नदी पर बने राज्य के राणा प्रताप सागर बांध पर स्थापित 172 मेगावाट (43 मेगावाट की 4 यूनिट) क्षमता के पन बिज़लीघर का उद्‌घाटन तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी द्वारा किया गया था। वर्ष 1968 में स्थापना के पश्चात् इस बिज़लीघर से 2,365 करोड़ रुपए यूनिट की सबसे सस्ती एवं हरित विद्युत ऊर्जा का उत्पादन किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि चंबल नदी में 14 सितंबर, 2019 को उत्पन्न हुई भीषण जल विभीषिका में पन बिज़लीघर की चारों इकाइयाँ पूर्ण रूप से जलमग्न हो गई थी। 51 वर्ष पुरानी इन इकाइयों से पुन: विद्युत उत्पादन हेतु पुनरुद्धार योजना प्रस्तावित की गई थी, जिसमें 5-6 वर्षों तक इकाइयों के बंद रहने का अनुमान बताया गया था। राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आर.के. शर्मा ने इस उपलब्धि पर कहा कि निगम के कुशल अभियंताओं की देखरेख एवं अनवरत मेहनत के कारण ही इस इकाई से पुन: विद्युत उत्पादन शुरू किया गया है। उन्होंने शीघ्र ही चतुर्थ इकाई को भी अतिशीघ्र पुन:संचालन करने के निर्देश दिये।

**229 वर्तमान में (जनवरी 2022) राजस्थान में शिक्षा मंत्री कौन है -**

(a) बी.डी. कल्ला

(b) ममता भूपेश

(c) गोविंद राम मेघवाल

(d) रामलाल जाट

**विस्तृत व्याख्या :**

2 जनवरी 2022 को राजस्थान के शिक्षा विभाग का 29वाँ राज्य स्तरीय शिक्षा विभागीय मंत्रालयिक एवं सहायक कर्मचारी सम्मान समारोह पशु विज्ञान एवं पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के दौरान राज्य भर के 40 कार्मिकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला ने कहा कि बीकानेर के शिक्षा निदेशालय का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। विभागीय परीक्षा कार्यालय को भी मज़बूती प्रदान की जाएगी। डॉ. कल्ला ने पुरस्कार की प्रशस्ति पुस्तिका का विमोचन किया। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले 40 कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिह्न और ग्यारह हजार रुपए का चेक प्रदान कर सम्मानित किया।

**230 वर्तमान में (जनवरी 2022) राजस्थान में उद्योग मंत्री कौन है -**

(a) शकुंतला रावत

(b) ममता भूपेश

(c) गोविंद राम मेघवाल

(d) रामलाल जाट

**विस्तृत व्याख्या :**

5 जनवरी, 2022 को इनवेस्ट राजस्थान 2022 समिट से पहले जयपुर में उद्योग मंत्री शकुंतला रावत की अध्यक्षता में ज़िलास्तरीय इनवेस्टमेंट समिट का आयोजन किया गया। इसमें कुल 23 हज़ार 528 करोड़ रुपए से अधिक के एमओयू और एलओआई हुए, इससे प्रदेश में 1 लाख 13 हज़ार से अधिक रोज़गार का सृजन होगा।

**231 जागृती पोर्टल का संबंध किस क्षेत्र से है -**

(a) प्लास्टिक प्रदुषण

(b) रोजगार ढुंढने

(c) स्वच्छता-स्वास्थ्य

(d) खेल

**विस्तृत व्याख्या :**

15000 महिलाओं जिनकी जाॅब कोरोना के दौरान चली गई, महिला एवं बाल विकास विभाग इन्हें निजी क्षेत्र के सहयोग से पोर्टल जाग्रति के जरिए जाॅब दिलाएगा। इसके लिए विभाग ने 'जाॅब्स फाॅर हर फाउंडेशन' के साथ एमओयू किया है। इस एनजीओ के साथ पायलट प्रोजेक्ट के रूप में 'जाग्रति बैक टू वर्क' योजना शुरू की जा रही है। इस में गैर सरकारी संस्थाएं अपने सीएसआर के अंतर्गत जुड़ सकेंगी।

**232 14वें जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में फिल्म फेस्टिवल के लिए किसे लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से नवाजा जाएगा -**

(a) अशोक मेहता

(b) रंजीत कपुर

(c) जावेद सद्दिकी

(d) रवि किशन

**विस्तृत व्याख्या :**

जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल(जिफ) में हर साल एक देश को गेस्ट कंट्री बनाए जाने की परम्परा रही है। इस साल चौदहवें समारोह में चायना को गेस्ट कंट्री के रूप में मनोनीत किया गया है।

**233 राजस्थान में बाइक एंबुलेंस को शुरू करने वाला राजस्थान का पहला जिला है -**

(a) जयपुर

(b) जोधपुर

(c) बीकानेर

(d) भीलवाड़ा

**234 आकाशवाणी जयपुर के द्वारा राजस्थानी भाषा में समाचार की पहली वेबसाइट का शुभारंभ किसके द्वारा किया गया -**

(a) कलराज मिश्र

(b) अशोक गहलोत

(c) सी.पी. जोशी

(d) निर्जन आर्य

**235 राघव प्रोडक्टिविटी सॉल्वयूशनस के द्वारा राजस्थान का सबसे बड़ा सिलिका प्रोसेसिंग प्लांट कहां पर लगाया जाएगा -**

(a) निवाई, टोंक

(b) मेड़ता, नागौर

(c) सांचौर, जालौर

(d) किशनगढ़, भीलवाड़ा

**236 राजस्थान में 26 जनवरी से होने वाले ग्रामीण ओलंपिक का नया बदल कर क्या रखा है -**

(a) इंदिरा गांधी ग्रामीण ओलंपिक

(b) राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक

(c) राजस्थान राज्य ग्रामीण खेल

(d) मेजर ध्यानचंद ग्रामीण ओलंपिक

**विस्तृत व्याख्या :**

सरकार की ओर से ग्रामीण ओलम्पिक का नाम बदलकर राजीव गांधी ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता करने की जानकारी दी गई।

**237 हाल ही में (जनवरी 2022) में बाघिन एसटी-19 ने दो शावकों को जन्म किस अभ्यारण में दिया -**

(a) रणथंबोर

(b) सरिस्का

(c) रामगढ़

(d) मुकुंदरा हिल्स

**विस्तृत व्याख्या :**

सरिस्का के अलवर बफर जोन में कैमरा ट्रैप में बाघिन एसटी-19 के साथ दो शावक नजर आए है। दो नए शावकों के आगमन से सरिस्का में बाघों की संख्या बढकर अब 25 हो गई है। अलवर बफर जोन में पहली बार बाघिन ने शावकों को जन्म दिया है।

**238 राज्य में किस व्यक्ति को सावित्रीबाई फुले सम्मान 2022 प्रदान किया गया है -**

(a) प्रेम कुमार

(b) बीएल देवन्दा

(c) राजेश कुमार

(d) नरेश श्योराण

**विस्तृत व्याख्या :**

डा. बीएल देवन्दा को सावित्रीबाई फुले सम्मान-22 से सम्मानित किया गया। डा. देवन्दा को यह पुरस्कार इनके द्वारा किए गए बालिका शिक्षा उत्थान कार्यों के लिए दिया गया।

**239 प्रदेश में कौनसा विश्वविद्याल कुरजा पक्षी पर संरक्षण और संवर्धन करेगा -**

(a) राजस्थान विश्व विद्यालय

(b) जय नारायण व्यास विश्व विद्यालय

(c) मोहन लाल सुखाडिया विश्व विद्यालय

(d) महाराजा गंगासिंह विश्व विद्यालय

**240 राज्य सरकार ने प्रदेश में कहां पर लिग्नाइट आधारित थर्मल पावर प्लांट लगाने का रोड मैप तैयार किया है -**

(a) बालोतरा, बाड़मेर

(b) फलौदी, जोधपुर

(c) गुढ़ा वेस्ट, बीकानेर

(d) सांचौर, जालोर

**विस्तृत व्याख्या :**

राज्य सरकार लिग्नाइट आधारित गुढ़ा वेस्ट में थर्मल पॉवर प्लांट ( thermal power plants ) लगाने के संभावित संभावनाओं के प्रति गंभीर हो गई है। राज्य में गुढ़ा वेस्ट, बीकानेर में 10 लाख प्रतिटन लिग्नाइट उत्पादन क्षमता की माइनिंग राजस्थान राज्य माइंस व मिनरल के पास उपलब्ध है।



**241 झुंझुनू की किस महिला को यूनिवर्सिटी ऑफ वाशिंगटन में प्रोफेसर के पद पर नियुक्त किया गया है -**

(a) शचि मित्तल शुक्ला

(b) सीमा मित्तल

(c) रविना झा

(d) एकता शर्मा

**विस्तृत व्याख्या :**

झुंझुनूं निवासी शचि मित्तल शुक्ला कैंसर की जेनेटिक वजह का पता लगाएंगी, ताकि वक्त रहते बीमारी की पहचान कर मरीज का इलाज किया जा सकेगा। शचि ने कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी के कारण व उनकी रोकथाम के लिए बायोप्सी पर इंफ्रारेड से कई एक्सपरिमेंट किए।

**242 कृषक उपहार योजना में अधिकतम राशि है -**

(a) 10 हजार रूपये

(b) 20 हजार रूपये

(c) 1 लाख रूपये

(d) 2.50 लाख रूपये

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान सरकार ने किसानों के लिए कृषक उपहार योजना (Krishak Uphar Yojana) लागू की है। इसके तहत राष्ट्रीय कृषि बाजार यानी ई-नाम (E-NAM) के जरिए अपनी उपज बेचने वाले किसानों को 2.5 लाख रुपए तक का उपहार दिया जाएगा. इस योजना के तहत मंडी स्तर पर हर 6 महीने पर उपहार देने की व्यवस्था की गई है। इसके लिए किसानों को गेट पास और ई-पेमेंटे स्लिप को रखना होगा। मंडी स्तर पर पहला पुरस्कार 25,000 रुपए का है। वहीं दूसरा 15,000 और तीसरा पुरस्कार 10,000 रुपए का है। वहीं प्रखंड स्तर पर भी हर 6 महीने में तीन पुरस्कार दिए जाएंगे। डायरेक्टरेट ऑफ एग्रीकल्चर मार्केटिंग के मुताबिक, ब्लॉक स्तर पर पहला पुरस्कार 50,000 रुपए का होगा। वहीं दूसरा 30,000 जबकि तीसरा पुरस्कार 20,000 रुपए का होगा। राज्य स्तर पर पहला पुरस्कार 2.5 लाख रुपए का होगा जबकि दूसरा और तीसरा पुरस्कार क्रमश: 1.5 लाख और 1 लाख रुपए का होगा। उपज बेचने के दौरान किसानों को जो गेट पास और ई-पेमेंट स्लिप मिलेगा, उसी से पुरस्कार दिए जाएंगे।

**243 मिस इंडिया ग्लैम 2022 कौन बनी है -**

(a) शिवानी जाखड़

(b) ममता कोहली

(c) शिवानी वर्मा

(d) श्वेता बिश्नोई

**विस्तृत व्याख्या :**

शिवानी जाखड़ ने मिस इंडिया ग्लैम 2022 का टाइटल जीता वहीं डा. अनुराधा भारद्वाज ने मिसेज इंडिया ग्लैम 2022 का खिताब अपने नाम किया। इसका आयोजन 'स्वस्थ नारी -सशक्त नारी' था।

**244 भारत में सर्वाधिक बेरोजगारी दर के मामले में राजस्थान का कौनसा स्थान है -**

(a) प्रथम

(b) द्वितिय

(c) तृतीय

(d) चतुर्थ




**विस्तृत व्याख्या :**

जनवरी 2021 में राजस्थान में बेरोजगारी 17.1 थी जो बढ़कर 27.1 प्रतिशत हो गई है। सबसे अधिक बेरोजगारी हरियाणा में है 34.1 प्रतिशत। देश में बेरोजगारी दर दिसंबर महीने में रिकॉर्ड 7.91% पर पहुंच गई है।

**245 जयपुर के किस व्यक्ति को मिस्टर यूएई इंटरनेशनल बेस्ट पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर का अवार्ड मिला है -**

(a) प्रहलाद जोशी

(b) अशोक उत्तम चांदनी

(c) मनोज वर्मा

(d) शिव कुमार

**246 देश का सबसे बड़ा सोलर पार्क कहां बन रहा है -**

(a) जयपुर

(b) जोधपुर

(c) बीकानेर

(d) श्री गंगानगर

**विस्तृत व्याख्या :**

प्रदेश का ही नहीं बल्कि देश का सबसे बड़ा सोलर पार्क बीकानेर के पूगल में स्थापित होने जा रहा है, जहां से चार हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। फिलहाल राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (RVUNL) को दो हजार मेगावाट और शेष दो हजार राजस्थान रिन्युएबल एनर्जी कॉरपोरेशन लिमिटेड (RRECL) की ओर से लगाया जाएगा। अभी सबसे बड़ा सोलर पार्क जोधपुर में स्थित भड़ला में है।

247 रोल मोडल खेरूणा की तर्ज पर किस जिले के 75 गांव भी स्मार्ट विलेज बनेंगे।

(a) जयपुर

(b) जोधपुर

(c) अलवर

(d) बूंदी

**विस्तृत व्याख्या :**

प्रदेश में मॉडल बने खेरूणा गांव की तर्ज पर बूंदी के 75 और गांव नए साल में ओडीएफ प्लस बनेंगे। खेरूणा बूंदी में है।

**248 14वें जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में किस फिल्म को बेस्ट शार्ट फिक्शन फिल्म का अवार्ड दिया गया, जिसके निर्देशक आनंद सिंह चौधरी हैं -**

(a) लाठी

(b) द मेकअप आर्टिस्ट

(c) वाशिंग मशीन

(d) टर्टल

**249 इंदिरा रसोई योजना के तहत प्रतिथाली अनुदान की राशि बढ़ाकर कितनी कर दी गई है -**

(a) 11 रूपये

(b) 13 रूपये

(c) 15 रूपये

(d) 17 रूपये

**विस्तृत व्याख्या :**

इंदिरा रसोई योजना के तहत जनता के लिए भोजन की रेट में कोई बदलाव नहीं होगा। राज्य सरकार ने खाद्य पदार्थों की बढ़ी कीमतों को देखतें हुए इस योजना के तहत अनुदान 5 रुपए बढ़ा दिया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के इस निर्णय से प्रति थाली अनुदान की राशि 12 रुपए से बढ़ाकर 17 रुपए हो गई है। इससे राज्य सरकार पर प्रतिवर्ष 27.63 करोड़ रुपए का अतिरिक्त वित्तीय भार आएगा। लाभार्थियों से पहले की तरह ही 8 रुपए लिए जाएंगे। 20 अगस्त 2020 को इसकी शुरूआत हुई थी। 8 रूपये की थाली मिलती है।

**250 हाल ही में जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का कौनसा संस्करण आयोजित हुआ -**

(a) दसवां

(b) सातवां

(c) चौदहवां

(d) पंद्रवां

**251 राजस्थान पुलिस विजन-2030 पुस्तक का विमोचन किसने किया -**

(a) कलराज मिश्र

(b) अशोक गहलोत

(c) भूपेंद्र यादव

(d) सी.पी. जोशी

**विस्तृत व्याख्या :**

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान पुलिस विज़न-2030 पुस्तक का विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2030 के विज़न को लेकर प्रकाशित की गई, यह पुस्तक पुलिस को और अधिक प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने को प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण और पुलिस के आधुनिकीकरण की दिशा में राज्य सरकार निरंतर नवाचार कर रही है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। पुलिस महानिदेशक एम.एल. लाठर ने बताया कि इस पुस्तक में राजस्थान पुलिस को वर्तमान एवं भविष्य की चुनौतियों के लिये तैयार करने एवं जनता को बेहतर पुलिसिंग देने के संबंध में विज़न प्रस्तुत किया गया है।

**252 हिंद महासागर की 25 फीट गहराई में पेंटिंग बनाकर एशिया बुक ऑफ रिकॉर्डस में नाम दर्ज करवाने वाले नितिन मुल रूप से किस जिले से हैं -**

(a) जोधपुर

(b) जैसलमेर

(c) अजमेर

(d) बीकानेर

**विस्तृत व्याख्या :**

पैरा गेम्स में अपनी प्रतिभा का जलवा बिखेरने वाले नितिन मूल रूप से अजमेर निवासी हैं और जयपुर सचिवालय में कार्यरत हैं। नितिन ने केरल के त्रिवेंद्रम में हिंद महासागर में स्कूबा डाइविंग कर पेंटिंग बनाई।

**253 देश का एकमात्र जिला जहां पर गैस, कोयला भाप, सौर ऊर्जा, भूसा और पानी से बिजली बन रही है -**

(a) जयपुर

(b) जोधपुर

(c) बारां

(d) जैसलमेर

**विस्तृत व्याख्या :**

बारां जिले में छह पावर प्लांटों से 4081 मेगावाट बिजली उत्पादन होता है। यहां से देशभर के विभिन्न हिस्सों में बिजली सप्लाई की जा रही है। अंता में एनटीपीसी में सोलर पॉवर प्लांट लगाने के लिए भी तैयारियां की जा रही हैं। अब शाहाबाद में राजस्थान का पहला हाइड्रो एनर्जी प्रोजेक्ट लगेगा। यहां बारिश में व्यर्थ बहने वाले पानी से 2520 मेगावाट बिजली उत्पादन होगा। प्रोजेक्ट पर 11736 करोड़ खर्च होंगे।

**254 छीतर पत्थर से बन रहा 100 करोड़ का राजस्थान का पहला अक्षर धाम कहा बन रहा है -**

(a) जयपुर

(b) अलवर

(c) जोधपुर

(d) बीकानेर

**255 रजत चौहान और स्वाती दूधवाल का संबंध किस खेल से है -**

(a) बैडमिंटन

(b) हाॅकी

(c) तीरंदाजी

(d) शुटिंग

**विस्तृत व्याख्या :**

राजस्थान सीनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता में चूरू जिले से रजत चौहान, अर्जुन अवार्डी और स्वाती दूधवाल (महाराणा प्रातप अवार्डी) ने व्यक्तिगत स्पर्धा ओलम्पिक राउण्ड में स्वर्ण पदक और चैंपियन बने।

**256 राजस्थान Ophthalmology द्वारा लाइफटाइम अवार्ड से किसे सम्मानित किया गया है -**

(a) डा. योगेश शुक्ला

(b) डा. रिता सेन

(c) डा. विक्रम भाखर

(d) डा. अनिल अग्रवाल

**विस्तृत व्याख्या :**

नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. योगेश शुक्ला को राजस्थान Ophthalmology (नेत्रविज्ञान) सोसाइटी द्वारा आयोजित वार्षिक अधिवेशन में लाइफटाइम अवार्ड से सम्मानित किया गया।

**257 कृष्णा नागर का संबंध किस खेल से है -**

(a) फुटबॉल

(b) हॉकी

(c) बैडमिंटन

(d) भाला फेंक

**विस्तृत व्याख्या :**


टोक्यो पैरालिंपिक चैंपियन कृष्णा नागर ने नेशनल पैरा बैडमिंटन(एसएच-6) चैंपियनशिप में तीन गोल्ड मेडल अपने नाम किये हैं।

**258 स्वाति शर्मा का संबंध किस जिले से है -**

(a) झुंझुनू

(b) जयपुर

(c) जोधपुर



(d) बाड़मेर

**विस्तृत व्याख्या :**

स्वाति शर्मा को स्विट्जरलैंड के जिनेवा स्थित WTO में लीगल ऑफिसर के पद पर जॉइनिंग मिली है। झुंझुनूं के छोटे से गांव काजड़ा में स्वाति का जन्म हुआ।

259 60 एकड़ में राजस्थान का इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल हब का निर्माण कहा किया जा रहा है -

(a) पाली

(b) जोधपुर

(c) अलवर

(d) जयपुर

**260 वागड़ की पहली बेटी जिसने दाद साहब फाल्के फैशन लाइफटाइम आईकल अवार्ड जिता है -**

(a) दिव्यानी कटारा

(b) सीमा रानी

(c) मनीषा कपुर

(d) शारदा वर्मा

**विस्तृत व्याख्या :**

छोटे से गांव गुंदीघाटा(डूंगरपुर) की दिव्यानी कटारा ने 2021 का दादा साहब फाल्के फैशन अाइकन लाइफ स्टाइल अवा ॅर्ड जीता है।

**261 शरद महोत्सव 2021 का आयोजन कहा किया गया -**

(a) नाथद्वारा

(b) कुंभलगढ़

(c) माउंट आबू

(d) जैसलमेर

**विस्तृत व्याख्या :**

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आबू पर्वत नगर पालिका के शरद महोत्सव-2021 का उद्घाटन किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने माउण्ट आबू की प्रसिद्ध नक्की झील पर गांधी वाटिका में गांधीजी की प्रतिमा का अनावरण तथा महात्मा गांधी पुस्तकालय का उद्घाटन किया और झील के किचन गार्डन पर पार्किंग एवं टेरेस गार्डन का शिलान्यास भी किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान को पर्यटन के क्षेत्र में नई ऊँचाईयों तक पहुँचाने के लिये पहली बार 500 करोड़ रुपए का पर्यटन विकास कोष बनाया गया है। इस कोष से पर्यटक स्थलों पर आधारभूत सुविधाओं के विकास, उनके संरक्षण तथा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मज़बूत ब्रॉन्डिंग जैसे कार्य किये जाएंगे। पयर्टन मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने कहा कि पर्यटन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिये राजस्थान को इंडिया टूडे टूरिज़्म अवार्ड 2021 में बेस्ट आईकोनिक लैंडस्केप डेस्टीनेशन अवार्ड, बेस्ट फेस्टीवल डेस्टीनेशन अवार्ड और ट्रेवल एंड लीजर इंडियाज बेस्ट अवार्डस् 2021 में सर्वश्रेष्ठ राज्य के साथ सर्वश्रेष्ठ वेडिंग डेस्टीनेशन अवार्ड और कोंडेनास्ट ट्रेवलर अवार्ड-2021 में बेस्ट इंडियन स्टेट फॉर रोड ट्रिप एवं रनरअप बेस्ट लेज़र डेस्टिनेशन अवार्ड मिले हैं।

**262 स्टेशन पर दवा दोस्त के नाम से मेड़िकल खोलने वाला राज्य का कौनसा रेलवे स्टेशन है -**

(a) बीकानेर

(b) जयपुर

(c) बाड़मेर

(d) जोधपुर

**विस्तृत व्याख्या :**

रेलवे की ओर से जयपुर रेलवे स्टेशन पर मेडिकल स्टोर खोला गया है। उसे नाम दिया गया है दवा दोस्त। इस मेडिकल स्टोर पर सभी प्रकार की जेनरिक दवाइयां 80 प्रतिशत तक छूट पर उपलब्ध रहेंगी।

**263 राज्य की किस झील को उत्तर भारत की सबसे बड़ी वाटर टूरिस्ट स्पोर्ट्स हब के रूप में विकसित किया जाएगा -**

(a) पिछोला

(b) तालछापर

(c) राजसमंद

(d) आनासागर

**264 राजस्थानी के लिए साहित्य अकादमी अवार्ड से किसे सम्मानित किया गया -**

(a) मीठेश निर्मोही


(b) दया प्रकाश

(c) नमिता गोखले

(d) शारदा कुमारी

**विस्तृत व्याख्या :**

साहित्य अकादमी पुरस्कारों में इस बार राजस्थानी भाषा के कविता संग्रह मुगती के लेखक जोधपुर के मिठेश निर्मोही को साहित्य अकादमी अवार्ड देने की घोषणा की गई है। हिंदी में दया प्रकाश सिन्हा को यह पुरस्कार उनके नाटक 'सम्राट अशोक' के लिए दिया गया है वहीं पर्वतीय मूल की नैनीताल में पली बढ़ी निवासी प्रसिद्ध लेखिका व उपन्यासकार नमिता गोखले की चर्चित किताब थिंग्स टू लिव बिहाइंड को इस साल के अंग्रेजी भाषा के लिए साहित्य अकादमी के प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुना गया है। इस बार अकादमी ने युवा पुरस्कार और बाल साहित्य पुरस्कार भी शुरू किए हैं। साहित्य अकादमी पुरस्कार ज्ञानपीठ पुरस्कार के बाद भारत में दूसरा सबसे बड़ा साहित्यक सम्मान है। इसे 1954 में शुरू किया गया। भारत के संविधान में शामिल 22 भाषाओं के अलावा अंग्रेजी और राजस्थानी सहित 24 भाषाओं में साहित्य अकादमी पुरस्कार दिये जाते हैं। मेघा मजूमदार को 2020 में प्रकाशित अपनी पहली पुस्तक 'ए बर्निंग' के लिए साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार दिया गया। अनीता वछरजानी को जीवनी 'अमृता शेर-गिल: रिबेल विद ए पेंटब्रश' के लिए बाल साहित्य पुरस्कार 2021 दिया गया। हिंदी लेखक देवेंद्र मेवाड़ी को नाटक 'नाटक नाटक में विज्ञान' के लिए बाल साहित्य पुरस्कार 2021 दिया गया है। 2021 ज्ञानपीठ पुरस्कार नीलमणि फूकान जूनियर (56वां) और कोंकणी उपन्यासकार दामोदर मौजो (57वां) को दिया गया।



PTET GK QUESTIONS-1 CLICK करें

PTET GK QUESTIONS-2 CLICK करें

PTET GK QUESTIONS-3 CLICK करें

PTET GK QUESTIONS-4 CLICK करें

PTET GK PDF- 1 CLICK करें

PTET GK PDF- 2 CLICK करें

PTET, BSTC GK PDF- 1 CLICK करें

PTET, BSTC GK PDF- 2 CLICK करें

FROM:- RAJASTHAN CLASSES

कंप्यूटर की पीढ़ियां PDF DOWNLOAD

राजस्थान की नदियां PDF DOWNLOAD

मनोविज्ञान हस्तलिखित नोट्स DOWNLOAD

चौहान राजवंश PDF DOWNLOAD

गुर्जर प्रतिहार राजवंश PDF DOWNLOAD

मारवाड़ का राठौड़ वंश PDF DOWNLOAD

राजस्थान जीके ई-बुक PDF DOWNLOAD

राजस्थान जीके PDF DOWNLOAD

PTET 2015-2020 मॉडल पेपर DOWNLOAD

सामान्य ज्ञान
5000+ प्रश्न
For All Exam's
Free Download

SSC Exam's
CGL-CHSL-MTS-GD
Top Questions

राजस्थान सामान्य ज्ञान
हस्तलिखित नोट्स
निशुल्क डाउनलोड

Latest Job's Update
See All Update
Exam Date News

राजस्थान सामान्य ज्ञान
All Test Quiz
For AIL Exam's

PTET 2022
Complete Course
यहां से डाउनलोड करें

राजस्थान सामान्य ज्ञान
Free - E-Book-1
For PTET-BSTC-RAS-LDC
पटवारी,वनरक्षक,ग्रामसेवक,कृषि पर्यवेक्षक

BSTC 2022
Complete Course
यहां से डाउनलोड करें

राजस्थान पुलिस कांस्टेबल
Complete Course
~~301/-~~ Now Free

भारत सामान्य ज्ञान
सम्पूर्ण टेस्ट क्विज
अपनी तैयारी को परखें

वनरक्षक वनपाल
सम्पूर्ण कोर्स
अब वर्दी लेना तय

टॉप 1000 प्रश्न
ई - बुक सामान्य ज्ञान
डाउनलोड करलो